iii. घरेलू उद्योग द्वारा पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति नहीं किए गए पीसीबी के आयात और प्रयोक्ता की अपेक्षाओं के अनुसार आवश्यक हैं। पीसीबी के आयातों तक असीमित पहुंच अनिवार्य है, क्योंकि भारत में घरेलू उत्पादक के पास काफी सीमित उत्पादन क्षमता है और घरेलू उद्योग प्रतिवादी के दो लेयर या 4 लेयर पीसीबी की जरूरत को भी पूरा करने में असमर्थ है।

iv. घरेलू उत्पादक मानक पीसीबी योग्यता परीक्षण अर्थात कंडक्टिव अनोडिक फिलामेंटेशन परीक्षण में पास होने में सक्षम नहीं है।

v. घरेलू उत्पादकों के पास आयोनिक कंटोमिनेशन प्रयोगशाना सुविधा नहीं है।

vi घरेलू उत्पादकों के पास कोई आवश्यक प्रमाणन आईएटीएफ16949 नहीं है। आईएटीएफ16949 एक तकनीकी विनिर्देशन है जो ऑटोमोटिव उद्योग के लिए गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली (क्यूएमएस) अपेक्षाओं को परिभाषित करता है। यह एक वैश्विक रूप से मान्यता प्राप्त मानक है जिसे यह सुनिश्चत करने के लिए मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) और आपूर्तिकर्ताओं द्वारा प्रयोग किया जाता है कि उनके क्यूएमएस ऑटोमोटिव उद्योग की अपेक्षाओं को पूरा करें।

vii. घरेलू उत्पादकों के लिए वर्तमान लीड समय 12 सप्ताह से अधिक है जबकि चीन से आपूर्तिकर्ता पीसीबी को केवल 3 सप्ताह के लीड टाइम में उपलब्ध करा सकते हैं।

viii. आयातित उत्पाद में वारंटी अवधि पूरी करने के लिए ठोस डिजाइन क्षमता और गुणवत्ता आश्वासन हैं और उसमें घरेलू उद्योग द्वारा आपूर्ति किए गए उत्पाद की तुलना में वाहन के जीवन भर का निष्पादन है।

ग.2 <u>घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध</u>

6. विचाराधीन उत्पाद और समान के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा किए गए और प्राधिकारी द्वारा संगत समझे गए अनुरोध निम्नानुसार हैं:

i. पीसीबी को सिंगल साइज, डबल साइज या मल्टीपल लेयर के रूप में विनिर्मित किया और बेचा जाता है।

ii. विचाराधीन उत्पाद का दायरा 6 लेयर के पीसीबी तक सीमित है। निम्नलिखित पीसीबी विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर हैं:

    i. छः लेयर से अधिक पीसीबी
    ii. मोबाइल फोन अनुप्रयोगों में प्रयोग के लिए पीसीबी
    iii. सभी आकारों के पापुलेटेड प्रिंटेड सर्किट बोर्ड

iii. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा यथा अपेक्षित निम्नलिखित पीसीबी को बाहर रखने पर कोई आपत्ति नहीं है। अपवर्जनों को किसी अस्पष्टता को हटाने और एक बार लागू पाटनरोधी शुल्क की प्रवंचना की संभावना से बचने के लिए पर्याप्त रूप से परिभाषित किया जाना चाहिए:

    i. इनले पीसीबी,
    ii. रिजिड फ्लेक्स पीसीबी,
    iii. पैकेजिंग सबस्ट्रेट्स/आईसी पैकेजिंग,
    iv. एंबेडेड कॉपर क्वाइन पीसीबी,
    v. प्लेटेड ओवर फिल्ड वाया (पीओएफवी) पीसीबी, और
    vi. एचडीआई पीसीबी

iv. घरेलू उद्योग के पास 580 एमएम 580* एमएम से अधिक आयामों वाले पीसीबी के विनिर्माण के लिए अपेक्षित प्रौद्योगिकी और क्षमता है। वास्तव में घरेलू उद्योग

ने पूर्व में 1800 एमएम *500 एमएम तक चौड़ाई वाले पीसीबी का उत्पादन और आपूर्ति की हे। जब भी उपभोक्ताओं ने पीसीबी के लिए आर्डर दिया है। हितबद्ध पक्षकारों ने यह दर्शाने के लिए रिकार्ड में कोई साक्ष्य दिए बिना केवल यह निराधार दावा किया है कि घरेलू उद्योग उपभोक्ताओं द्वारा ऐसे पीसीबी का आर्डर दिए जाने पर बड़े आकार के पीसीबी का उत्पादन करने और आपूर्ति करने से इंकार करता है या उत्पादन नहीं करता है। घरेलू उद्योग ने इस दावे के समर्थन में संगत बीजक उपलब्ध कराए हैं।

v. भारत में प्रमुख मांग ग्लास इपोक्सी आधारित पीसीबी की है। अनेक प्रकार के गैर-प्लाश इपोक्सी आधारित पीसीबी पहले घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और विनिर्मित किए जाते हैं। घरेलू उद्योग 4 लेयर / 6 लेयर पीसीबी का उत्पादन करता है जो गैर इपोक्सी सामग्री से बने होते हैं। यह समझना चाहिए कि ग्लास इपोक्सी / गैर ग्लास इपोक्सी सामग्री में अंतर केवल पीसीबी के विनिर्माण में प्रयोग के लिए घरेलू उद्योग द्वारा खरीदे गए कॉपर क्लैड लेमिनेट (सीसीएल) में सबस्ट्रेट / डाई इलेक्ट्रिक सामग्री की प्रकृति में होता है। घरेलू उद्योग के रिकार्ड से भी यह स्पष्ट है कि घरेलू उद्योग ने गैर ग्लास इपोक्सी सब्सट्रेट / डाई इलेक्ट्रिक सामग्री वाले सीसीएल की पर्याप्त खरीद की है जिसे व्यापक रूप से पीसीबी के विनिर्माण में प्रयोग किया गया है। जब घरेलू उद्योग पहले ही पीसीबी के उत्पादन के लिए गैर ग्लास इपोक्सी बेस सीसीएल (जैसे रेडिया आवृत्ति, पीटीएफई / सिरेमिक आदि वाले सीसीएल) का पहले ही प्रयोग कर रहा है तो इन कच्ची सामग्रियों वाले 4 लेयर / 6 लेयर के पीसीबी को बाहर रखने का प्रश्न नहीं उठता है।

vi घरेलू उद्योग फ्लेक्स पीसीबी का उत्पादन कर रहा है और उसने उपभोक्ताओं को इसकी आपूर्ति की है। दावे के समर्थन में घरेलू उद्योग ने बीजक उपलब्ध कराए हैं।

vii. घरेलू उद्योग इस जांच के उत्पाद के दायरे के भीतर शामिल सभी लेयर के पीसीबी का उत्पादन करने में सक्षम है। जब घरेलू उद्योग डबल, 4 लेयर और 6 लेयर पीसीबी का विनिर्माण कर सकता है तो ऐसे पीसीबी का वाणिज्यिक मात्राओं में घरेलू उद्योग को उपभोक्ता द्वारा आर्डर देने पर 3 लेयर और 5 लेयर पीसीबी के उत्पादन में भी कोई बाधा नहीं है। इसके विनिर्माण के लिए अपेक्षित विनिर्माण

प्रक्रिया और मशीनरी वही है जैसी 4 लेयर और 6 लेयर पीसीबी के लिए अपेक्षित है। आमतौर पर भारतीय बाजार में प्रयोक्ताओं द्वारा सिंगल, डबल, 4 लेयर और 6 लेयर पीसीबी की मांग की जाती है।

viii. घरेलू उद्योग पीटीएफई सामग्री वाले पीसीबी का उत्पादन कर रहा है और उपभोक्ताओं को इसकी आपूर्ति की गई है।

ix. घरेलू उद्योग के पास सीएनसी होल ड्रीलिंग मशीने हैं जो पीसीबी में विशिष्ट होल आकार के उत्पादन के लिए अपेक्षित हैं। प्राधिकारी घरेलू उद्योग की सुविधाओं में इसका स्वयं जाकर सत्यापन कर सकते हैं। सीएनसी होल ड्रीलिंग सहित पीसीबी के नमूना बीजक उपलब्ध कराये गए हैं।

x. घरेलू उद्योग विनिर्माण प्रक्रिया में एनटी - सीएएफ सामग्री (लेमिनेट) का प्रयोग कर रहा है और यह प्रक्रिया एनटी सीएएफ अपेक्षा को भी पूरी करती है। एनटी सीएएफ पीसीबी के उत्पादन के लिए प्रयुक्त सीसीएल की एक गुणवत्ता है। सीएएफ प्रतिरोध सामग्री के लिए नमूना खरीद बीजक उपलब्ध कराये गए हैं।

xi. सिल्वर सरफेस फिनिश इमर्शन टिन सरफेस फिनिश के साथ तुलनीय और कार्बन इंक सरफेस फिनिश लागत और कीमत के अनुसार आर्गेनिक सोल्डरेबिलिटी प्रिजरवेटिव (ओएसपी) सरफेश फिनिश से तुलनीय है। इसके अलावा, घरेलू उद्योग के पास सिल्वर सरफेस फिनिश की आपूर्ति की क्षमता है।

xii. घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पादों का परीक्षण उपभोक्ताओं द्वारा आयोनिक कंटोमिनेशन लैब सुविधाओं के लिए किया गया है।

xiii. घरेलू उद्योग सहित पीसीबी के लगभग सभी भारतीय उत्पादकों के पास आईएटीएफ16949 प्रमाण है।

xiv. यह सिद्ध करने के लिए कोई साक्ष्य नहीं दिया गया है कि चीन के आपूर्तिकर्ता केवल 3 सप्ताह के लीड समय में पीसीबी दे सकते हैं जबकि घरेलू उत्पादकों के लिए वर्तमान लीड समय 12 सप्ताह से अधिक है। यह दावा गलत है और किसी आधार या साक्ष्य के बिना है और इसलिए अस्वीकार किया जाना चाहिए।

xv. घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध उत्पाद और संबद्ध देशों से आयातों संबद्ध वस्तु समान वस्तुएं हैं। संबद्ध देशों से निर्यातित संबद्ध वस्तु और घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित वस्तु के बीच कोई ज्ञात अंतर नहीं है। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और संबद्ध देशों से आयातित संबद्ध वस्तु भौतिक और रसायनिक विशेषताओं, विनिर्माण प्रक्रिया और प्रौद्योगिकी, कार्य और प्रयोग, उत्पाद विनिर्देशन, कीमत निर्धारण, वितरण और विपणन तथा वस्तुओं के टैरिफ वर्गीकरण जैसी अनिवार्य उत्पाद विशेषताओं की दृष्टि से तुलनीय हैं। उपभोक्ता इन दोनों का एक दूसरे के स्थान पर प्रयोग कर सकते हैं। ये दोनों तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय हैं और इसलिए नियमावली के अंतर्गत ''समान वस्तु'' मानी जानी चाहिए।

ग.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

7. विचाराधीन उत्पाद के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों और घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोधों की जांच की गई है और निम्नानुसार समाधान किया गया है।

8. जांच शुरूआत अधिसूचना में विचारधीन उत्पाद को इस प्रकार परिभाषित किया गया था। ''प्रिंटेड सर्किट बोर्ड एक बोर्ड मात्र होता है जिसे ले आउट डेटा या आर्ट वर्क के साथ आपूर्ति किया जाता है और घटकों को लगाने के लिए प्रयोग होता है। पीसीबी को सिंगल साइज, डबल साइज या मल्टीपल लेयर के रूप में विनिर्मित किया और बेचा जाता है। विचाराधीन उत्पाद का वर्तमान जांच में दायरा 6 लेयर के पीसीबी तक सीमित है। निम्नलिखित पीसीबी विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर हैं:

- *6 लेयर से अधिक पीसीबी*
- *मोबाइल फोन अनुप्रयोगों में प्रयोग के लिए पीसीबी*
- *सभी आकारों के पापुलेटेड प्रिंटेड सर्किट बोर्ड*

9. सिंगल साइड, डबल साइड और मल्टी लेयर पीसीबी के सामान्य चित्र निम्नानुसार हैं:

सिंगल साइडेड पीसीबी





डबल साइडेड/ 2-लेयर पीसीबी



मल्टीलेयर (4-लेयर) पीसीबी





10.विचाराधीन उत्पाद को अध्याय 85 के अंतर्गत और सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम की अनुसूची 1 के टैरिफ सेल्स 8534 0000 ''प्रिंटेड सर्किट'' के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है। यह उपशीर्ष केवल संकेतिक है और पीयूसी के दायरे पर बाध्यकारी नहीं है क्योंकि पीयूसी के आयातों की सूचना अन्य विभिन्न उपशीर्षों के अंतर्गत भी दी गई है।

11.पीसीबी का प्रयोग मुख्यत: किसी सर्किट के बिजली के घटकों में बिजली का कनेक्शन और यांत्रिक सहायता देने में किया जाता है। पीसीबी को ट्रांजिस्टर, रेरिस्टर, कैपेशिटर आदि जैसे विद्युत कलपुर्जों के साथ लगाया जाता है। संयोजक की प्रक्रिया जो उपभोक्ता के स्तर पर होती है, में किसी पीसीबी को फंक्शनल प्रिंटेड सर्किट असेंबली (पीसीए) बनाने के लिए इलेक्ट्रानिक सामान के साथ पापुलेटेड (या स्टफ्ट) किया जाता है जिसे ''प्रिंटेड सर्किट बोर्ड असेंबली'' (पीसीबीए) भी कहा जाता है। पापुलेटेड / स्टफ्ट प्रिंटेड सर्किट बोर्ड का प्रयोग सरल ट्रांजिस्टर एम्फलीफायर से लेकर सबसे बड़े सुपर कंप्यूटर तक सभी प्रकार के इलेक्ट्रानिक सर्किट में किया जाता है। पीसीबीए का प्रयोग कार, टेलीफोन, ओवेन, खिलौने, टेलिवीजन, कंप्यूटर, प्रकाश समाधानों आदि में किया जाता है।

12.पीयूसी के दायरे और पीसीएन पद्धति के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों से विभिन्न टिप्पणियां प्राप्त हुई हैं और तदनुसार 26 अप्रैल, 2023 को इस पर चर्चा के लिए एक बैठक हुई थी। उक्त हितबद्ध पक्षकरों के विचारों और अनुरोधों पर विचार करते हुए 2 जून, 2023 को निम्नलिखित पीसीएन पद्धति अधिसूचित की गई थी:

क्र. सं.	मापदंड	मूल्य	कोड
1.	पीसीबी की लेयर	सिंगल	एस

		डबल	डी एस
		तीन लेयर	3एल
		चार लेयर	4एल
		पांच लेयर	5एल
		छह लेयर	6एल
2.	कॉपर क्लैड लैमिनेट का प्रकार	एफआर-1/ एफआर-2 (पेपर फेनोलिक)	पीपी
		एफआर-4 (ग्लास एपॉक्सी)	जीई
		अन्य	ओई
3.	कॉपर क्लैड लैमिनेट में कॉपर की मोटाई	18-35 एमएम	1
		35.1-70	2
		70 से अधिक	3
4.	सरफेश फिनिशिंग	टिन/एचएएल/एलईएफए चएएल/इमर्शन जिंक	टी
		ईएनआईजी	ई
		गोल्ड	जी
		अन्य	ओ

13.प्राधिकारी को निम्नलिखित पीसीबी को विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर रखने के लिए अन्य हितबद्ध पक्षकारों से अनुरोध प्राप्त हुए हैं:

i. 580एमएम* 580 एमएम से अधिक आयामों वाले पीसीबी
ii. कॉपर क्वाइन लगे हुए पीसीबी
iii. इन्ले पीसीबी
iv. प्लेटेड ओवर फिल्ड वाया (पीओएफवी) या वाया-इन-पैड पीसीबी
v. उच्च घनत्व इंटरकनेक्ट (एचडीआई) पीसीबी
vi. 4 लेयर / 6 लेयर पीसीबी जो (क) रेडियो फ्रिक्वेंसी (आरएफ) हाइड्रोकार्बन सामग्री (ख) पीपीओ सामग्री (ग) पीटीएफई सामग्री और (घ) अन्य गैर इपोक्सी रेजिन ग्लास सामग्री से निर्मित हों।
vii. रिजिड-फ्लेक्स पीसीबी
viii. रेडियो फ्रीक्वेंसी फ्लेक्स उत्पाद
ix. फ्लेक्स पीसीबी
x. 3-लेयर और 5-लेयर पीसीबी
xi. पैकेजिंग सबस्ट्रेट्स/आईसी पैकेजिंग

xii. पीटीएफई सामग्री वाले पीसीबी

xiii. सीएनसी होल ड्रिलिंग वाले पीसीबी

xiv. कंडक्टिव एनोडिक फिलामेंटेशन (सीएएफ) सामग्री वाले पीसीबी

xv. सिल्वर इमर्शन फ़िनिश वाले पीसीबी

14. उक्त अनुरोधों की निम्नानुसार जांच की गई है:

i. <u>580 एमएम *580 एमएम से अधिक आयामों वाले पीसीबी:</u>

15. प्राधिकारी नोट करते हैं किए 580 एमएम *580 एमएम आयामों वाला पीसीबी विशेष रूप से मानक पीसीबी से बड़ा पीसीबी होता है। अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह दलील दी है कि घरेलू उद्योग बड़े आकार के पीसीबी का उत्पादन करने में सक्षम नहीं है क्योंकि बड़े आयाम वाले पीसीबी के उत्पादन के लिए उन्नत उपकरण और प्रौद्योगिकी की जरूरत होती है। यह भी आरोप लगाया गया है कि भारतीय पीसीबी उत्पादक बड़े पैमाने पर इतने बड़े आकार के पीसीबी का उत्पादन करने में सक्षम नहीं है।

16. घरेलू उद्योग ने पूर्व में जब भी उपभोक्ताओं ने 580 एमएम *580 एमएम के पीसीबी के लिए आदेश दिया है तब उसने किस आयाम के बड़ी पीसीबी की आपूर्ति करने के लिए नमूना बीजक प्रदान किए हैं। घरेलू उद्योग ने यह भी दावा किया है कि वे 580 एमएम *580 एमएम आयामों वाले पीसीबी से काफी बड़े आयामा वाले पीसीबी का उत्पादन और आपूर्ति करने में सक्षम हैं। अत: यदि उपभोक्ता आर्डर दें तो वे 580 एमएम *580 एमएम के पीसीबी का उत्पादन और आपूर्ति भी कर सकते हैं।

17. इस संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने बड़े आकार के पीसीबी का उत्पादन और आपूर्ति की है और उसके लिए नमूना बीजक भी उपलब्ध कराए हैं। इसके अलावा, अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह सिद्ध करने के लिए कोई साक्ष्य नहीं दिया है कि 580 एमएम *580 एमएम आकार के पीसीबी के लिए उन्नत उपकरण और प्रौद्योगिकी की जरूरत है। अत: रिकार्ड की सूचना के आधार पर प्राधिकारी 580 एमएम *580 एमएम आयाम वाले पीसीबी को बाहर नहीं रखने का प्रस्ताव करते हैं।

ii. <u>कॉपर क्वाइन एंबेडेड वाले पीसीबी:</u>

18.कॉपर क्वाइन एंबेडेड वाले पीसीबी को पीसीबी बोर्ड के बीच में एक या उससे अधिक मेटल ब्लॉक लगाकर उसे स्थानीय स्थिति में तीव्र ताप अपव्ययता प्रदान करने के लिए स्थानीय ताप अपव्ययता अपेक्षाओं के लिए डिजाइन किया जाता है। यह अनिवार्य विशेषता है जिससे दिखने में पीसीबी बोर्ड के भीतर एक या उससे अधिक मेटल ब्लॉक पाये जा सकते हैं।

19.अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि भारतीय पीसीबी उत्पादक प्रौद्योगिकी के अभाव के कारण इस प्रकार के पीसीबी का उत्पादन नहीं कर सकते हैं। घरेलू उद्योग ने अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए दावे का खंडन नहीं किया है और वह कॉपर क्वाइन एंबेडेड वाले पीसीबी को विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर रखने पर सहमत हो गया है।

20.अत: प्राधिकारी कॉपर क्वाइन एंबेडेड वाले पीसीबी को विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर रखने का प्रस्ताव करते हैं।

iii. <u>इनले पीसीबी:</u>

21.इनले पीसीबी में कॉपर, एल्मोनियम या अन्य सामग्री इनलेड होती है या प्रिंटेड सर्किट बोर्ड में प्रेस की जाती है और प्रिंटेड सर्किट बोर्ड के जरिए बॉटम साइड ईंट सिंक के लिए एक इलेक्ट्रानिक घटक के ताप अपव्यय का कार्य करती है। साफ निकलने के घटक (ताप का स्रोत) को सीधे मेटल इनले से जोड़ा जा सकता है। इनले पीसीबी को मुख्यत: उच्च आवृत्ति और उच्च गति वाले उत्पादों में प्रयोग किया जाता है।

22.कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने दावा किया है कि इनले पीसीबी के उत्पादन के लिए सामग्री, विनिर्माण प्रक्रिया, गुण्वत्ता नियंत्रण में तकनीकी अनुभव का उच्च स्तर और उपभोक्ता अनुप्रयोगों सकी गहरी समझ अपेक्षित है। इससे ऐसी कंपनियों के लिए काफी उच्च प्रवेश अवरोध बन जाता है जो इनले पीसीबी का बड़े पैमाने पर उत्पादन करना चाहती हैं।

23.घरेलू उद्योग ने अन्य हितबद्ध पक्षकारों के दावे का खंडन नहीं किया है और वह इनले पीसीबी को विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर रखने पर सहमत हुआ है।

24.अत: प्राधिकारी इनले पीसीबी को विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर रखने का प्रस्ताव करते हैं।

iv. **<u>प्लेटेड ओवर फिल्ड वाया (पीओएफवी) पीसीबी या वाया-इन-पैड पीसीबी:</u>**

25.पीओएफवी उत्पादों को सोल्डर किए जाने वाले एसएमडी (सरफेश माउंटेड घटक) पैड में कंडक्टिव होल बनाकर स्थान बचाने के लिए डिजाइन किया जाता है। बाद में सोल्डर पेस्ट के छेदों में बहने से बचने और फाल्स सोल्डरिंग से बचने के लिए इन छेदों को पहले से रेजिन द्वारा भरे जाने की जरूरत होती है। इसके बाद सतह समतल प्लेट होती है ताकि छेदों के साथ पैड की सतह समतल हो और सोल्डरिंग को प्रभावित न करें। पीओएफवी - पीसीबी में सतह को कॉपर से प्लेटेड किया जाता है। पीओएफवी - पीसीबी का प्रयोग मुख्यत: वायरलेस बेस स्टेशन उत्पादों, स्विचों और राउटरों जैसी उच्च विश्वसनीयता अपेक्षाओं में किया जाता है।

26.अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि घरेलू उद्योग देश में इस प्रकार के पीसीबी की मांग को पूरा करने में असमर्थ हैं। घरेलू उद्योग ने अन्य हितबद्ध पक्षकारों के दावों को खारिज नहीं किया है। इसके अलावा, घरेलू उद्योग इस प्रकार के पीसीबी को विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर रखने पर सहमत हुआ है।

27.अत: प्राधिकारी प्लेटेड ओवर फिल्ड वाया (पीओएफवी) पीसीबी या वाया-इन-पैड पीसीबी को विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर रखने का प्रस्ताव करते हैं।

v. **<u>उच्च घनत्व इंटरकनेक्ट (एचडीआई) पीसीबी</u>**

28.एचडीआई पीसीबी ऐसे सर्किट बोर्ड हैं जिनमें एचडीआई पीसी नामक पारंपरिक बोर्ड के विपरीत प्रति यूनिट क्षेत्र में अपेक्षाकृत अधिक वायरिंग घनत्व होता है। एचडीआई पीसीबी में फाइनर स्पेस और लाइनें, माइनर वायर और कैप्चर पैड तथा उच्चतर कनेक्शन पैड घनत्व होता है। यह उपकरण के भार और आकार में विद्यतीय निष्पादन और कमी को बढ़ाने में सहायक है। यह पीसीबी _< 0.1 के छेदों सहित डिजाइन किया जाता है। एचडीआई पीसीबी

को अधिकांशत: मोबाइल फोन, स्विचों, सर्वर और अनेक अन्य उत्पादों में प्रयोग किया जाता है।

29.अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि भारतीय विनिर्माता एचडीआई पीसीबी का उत्पादन नहीं करते हैं क्योंकि इसके लिए उच्च तकनीकी विशेषज्ञता और अनुभव की जरूरत है।

30.इस संबंध में प्राधिकारी नोट करते हैं कि मोबाइल अनुप्रयोगों के लिए पीसीबी एचडीआई पीसीबी के अलावा और कुछ नहीं है जिसे पहले ही उत्पाद के दायरे से बाहर रखा गया है।

31.जहां तक अन्य प्रयोगों के लिए एचडीआई पीसीबी का संबंध है घरेलू उद्योग में यह दर्शाने के लिए कोई साक्ष्य नहीं दिया है कि वे अन्य प्रयोगों के लिए एचडीआई पीसीबी के विनिर्माण में सक्षम हैं। इसके अलावा, घरेलू उद्योग भी अन्य अनुप्रयोगों के लिए एचडीआई पीसीबी को बाहर रखने पर सहमत है।

32.अत: प्राधिकारी अन्य प्रयोगों के लिए भी एचडीआई पीसीबी को विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर रखने का प्रस्ताव करते हैं।

vi. <u>4 लेयर / 6 लेयर पीसबी जो गैर ग्लास या इपोक्सी सामग्री से निर्मित हैं</u>

33.गैर ग्लास इपोक्सी सामग्री से निर्मित 4 लेयर / 6 लेयर पीसीबी को बाहर रखने के अनुरोध के संबंध में यह नोट किया गया है कि घरेलू उद्योग गैर ग्लास इपोक्सी सामग्री से निर्मित 4 लेयर / 6 लेयर पीसीबी के उत्पादन और आपूर्ति में सक्षम है। इसके अलावा यह नोट किया गया है कि ग्लास इपोक्सी / गैर ग्लास इपोक्सी सामग्री में अंतर केवल पीसीबी के उत्पादन में प्रयुक्त प्रमुख कच्ची सामग्री कॉपर क्लैड लेमिनेट (सीसीएल) में सब्सट्रेट / डाइइलेक्ट्रिक सामग्री के स्वरूप का है।

34.रिकार्ड में सूचना से यह भी नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग ने गैर ग्लास इपोक्सी सब्सट्रेट / डाई इलेक्ट्रिक सामग्री वाले सीसीएल की पर्याप्त खरीद की है जिसे पीसीबी के विनिर्माण में व्यापक रूप से प्रयोग किया जाता है। घरेलू उद्योग पहले ही पीसीबी के

उत्पादन के लिए गैर ग्लास इपोक्सी आधारित सीसीएल (जैसे रेडिया आवृत्ति / पीटीएफई / सिरेमिक आदि वाले सीसीएल) का पहले से प्रयोग करता है।

35. घरेलू उद्योग ने गैर ग्लास इपोक्सी सामग्री वाले 4 लेयर / 6 लेयर पीसीबी के नमूना बीजक उपलब्ध कराये हैं। घरेलू उद्योग ने यह भी दावा किया है कि वे विशिष्ट सब्सट्रेट सामग्री के प्रयोग से पीसीबी के उत्पादन के लिए उपभोक्ता के आर्डर के अधीन किसी सब्सट्रेट सामग्री वाले 4 लेयर / 6 लेयर पीसीबी के किसी भी प्रकार का उत्पादन करने में पूर्णत: सक्षम हैं।

36. अत: प्राधिकारी गैर ग्लास इपोक्सी सामग्री के 4 लेयर / 6 लेयर पीसीबी को विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर नहीं करने का प्रस्ताव करते हैं।

vii. <u>रिजिड-फ्लेक्स पीसीबी:</u>

37. रिजिड फ्लैक्स पीसीबी फ्लेक्सिबल सर्किट बोर्ड और रिजिड सर्किट बोर्ड का संयोजन है। रिजिड फ्लेक्स पीसीबी फ्लेक्सिबल बोर्डों और रिजिड बोर्डों की दोनों अच्छी विशेषताओं को रखती है। रिजिड फ्लेक्स उत्पाद मुख्यता: मोबाइल फोन, ऑटोमोबाइल, औद्योगिक नियंत्रण, अन्य अनुप्रयोगों में प्रयुक्त होते हैं जहां इलेक्ट्रानिक हिस्सों को लगाने के लिए सीमित स्थान होता है।

38. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि भारतीय विनिर्माताओं के पास वाणिज्यिक पैमाने पर रिजिड - फ्लेक्स पीसीबी के उत्पादन के लिए उत्पादन क्षमता और / या अपेक्षित प्रौद्योगिकी तथा विशेषज्ञता नहीं है।

39. इस संबंध में प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए दावों को खारिज नहीं किया है और वह रिजिड फ्लेक्स पीसीबी को विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर रखने पर सहमत है।

40. अत: प्राधिकारी रिजिड फ्लेक्स पीसीबी को विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर रखने का प्रस्ताव करते हैं।

viii. <u>रेडियो आवृत्ति फ्लेक्स पीसीबी:</u>

41.रेडियो आवृत्ति फ्लेक्स पीसीबी को बाहर रखने के अनुरोध के संबंध में यह नोट किया गया है कि घरेलू उद्योग रेडियो आवृत्ति फ्लेक्स पीसीबी के उत्पादन और आपूर्ति में सक्षम है। घरेलू उद्योग के अपने दावे के समर्थन में रेडियो आवृत्ति फ्लेक्स पीसीबी के नमूना बीजक दिए गए हैं।

42.अत: प्राधिकारी रेडियो आवृत्ति फ्लेक्स पीसीबी को विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर नहीं रखने का प्रस्ताव करते हैं।

ix. <u>फ्लेक्स पीसीबी</u>

43.फ्लेक्स पीसीबी को बाहर रखने के अनुरोध के संबंध में यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग फ्लेक्स पीसीबी के उत्पादन और आपूर्ति में सक्षम है। फ्लेक्स पीसीबी के नमूना बीजक घरेलू उद्योग के इस दावे के समर्थन में प्रदान किए गए हैं।

44.अत: प्राधिकारी फ्लेक्स पीसीबी को विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर नहीं रखने का प्रस्ताव करते हैं।

x. <u>3-लेयर और 5-लेयर पीसीबी</u>

45.3-लेयर और 5-लेयर पीसीबी को बाहर रखने के अनुरोध के संबंध में यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग इस जांच के उत्पाद दायरे के भीतर शामिल सभी लेयर के पीसीबी का उत्पादन करने में सक्षम है। घरेलू उद्योग ने यह दावा किया है कि वे डबल, 4 लेयर और 6 लेयर पीसीबी का उत्पादन कर सकते हैं और इसलिए उपभोक्ता द्वारा ऐसे पीसीबी का आर्डर देने पर घरेलू उद्योग को वाणिज्यिक मात्रा में 3 लेयर और 5 लेयर पीसीबी का उत्पादन करने में कोई परेशानी नहीं है। इसके उत्पादन के लिए अपेक्षित विनिर्माण प्रक्रिया और मशीनरी 4 लेयर और 6 लेयर पीसीबी के लिए अपेक्षित प्रक्रिया के समान है। घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि उन्होंने पूर्व में 4 लेयर पीसीबी का वास्तव में उत्पादन और

आपूर्ति की है। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और आपूर्ति की गई 3 लेयर पीसीबी के नमूना बिक्री बीजक उपलब्ध कराए गए हैं।

46.5 लेयर पीसीबी के संबंध में घरेलू उद्योग ने बताया है कि उन्हें उपभोक्ताओं से इसकी आपूर्ति का कोई वाणिज्यिक आदेश प्राप्त नहीं है। तथापि, घरेलू उद्योग ने उपभोक्ता द्वारा इसे खरीदने की इच्छा जताने पर नमूना प्रयोजन के लिए 5 लेयर पीसीबी का उत्पादन किया है। यह भी अनुरोध किया गया है कि ऐसे पीसीबी उत्पादक जिसके पास 4 लेयर पीसीबी के उत्पादन की सुविधा है। वह आसानी से 3 लेयर पीसीबी का उत्पादन कर सकता है। इसके अलावा, यह दावा किया गया है कि घरेलू उद्योग के कुछ घटकों ने 18 लेयर पीसीबी तक का विनिर्माण किया है और एक विनिर्माता के पास 16 लेयर और 18 लेयर पीसीबी के उत्पादन की सुविधा है और वह आसानी से 5 लेयर पीसीबी का उत्पादन कर सकता है। यह भी दावा किया गया है कि 3 लेयर और 5 लेयर पीसीबी की मांग अन्य मल्टी लेयर पीसीबी की तुलना में काफी कम है जो एक स्वीकृत तथ्य है।

47.इस संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने पर्याप्त साक्ष्य दिए हैं कि 3 लेयर और 5 लेयर पीसीबी के लिए अलग संयंत्र और मशीनरी सेट-अप की जरूरत नहीं है और 4 लेयर तथा 6 लेयर पीसीबी के संयंत्र और मशीनरी के समान सेट-अप से 3 लेयर और 5 लेयर पीसीबी का उत्पादन किया जा सकता है। इसके अलावा, घरेलू उद्योग ने पूर्व में 3 लेयर और 5 लेयर पीसीबी की आपूर्ति की है। अत: प्राधिकारी 3 लेयर और 5 लेयर पीसीबी को विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर नहीं रखने का प्रस्ताव करते हैं।

xi. <u>पैकेजिंग सब्सट्रेट / आईसी पैकेजिंग</u>

48.पैकेजिंग सब्सट्रेट या इंटीग्रेट सर्किट (आईसी) सब्सट्रेट वेयर इंटीग्रेटेड सर्किट (सेमी कंडक्टर) चिप की पैकेजिंग के लिए प्रयुक्त एक बेस बोर्ड होता है। यह सेमी कंडक्टर चिप से पीसीबी को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आईसी सब्सट्रेट सेमी कंडक्टर चिप को पकड़ता है और उस चिप को पीसीबी से जोड़कर राउटिंग करता है तथा आईसी चिप को शेफगार्ड, सपोर्ट और रिइनफोर्स करता है, इस प्रकार एक तापीय अपव्यय टनल का निर्माण करता है।

49.अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि पैकेजिंग सब्सट्रेट / आईसी पैकेजिंग या तो घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित नहीं होती है या वह मात्रा, गुणवत्ता और डिजाइन की जटिलता के अनुसार डाउनस्ट्रीम उपभोक्ताओं की जरूरत को पूरा करने में सक्षम नहीं है।

50.इस संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने अन्य हितबद्ध पक्षकारों के दावों को खारिज नहीं किया है और वह पैकेजिंग सब्सट्रेट / आईसी पैकेजिंग को विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर रखने पर सहमत हुआ है।

51.अत: प्राधिकारी पैकेजिंग सब्सट्रेट / आईसी पैकेजिंग को विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर रखने का प्रस्ताव करते हैं।

xii. <u>पीटीएफई सामग्री वाले पीसीबी:</u>

52.पीटीएफई सामग्री वाले पीसीबी को बाहर रखने के अनुरोध के संबंध में यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग पीटीएफई सामग्री वाले पीसीबी का उत्पादन और आपूर्ति करने में सक्षम है। घरेलू उद्योग द्वारा पीटीएफई सामग्री वाले पीसीबी के नमूना बीजक दावे के समर्थन में दिए गए हैं।

53.अत: प्राधिकारी पीटीएफई सामग्री वाले पीसीबी को विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर नहीं रखने का प्रस्ताव करते हैं।

xiii. <u>सीएनसी होल ड्रिलिंग वाले पीसीबी</u>

54.सीएनसी (कंप्यूटर न्यूमेरिकल कंट्रोल) होल ड्रिलिंग ऐसे पीसीबी के उत्पादन में प्रयुक्त प्रक्रिया है जिसमें होल घटकों और वायर के जरिए इलेक्ट्रानिक घटकों में होल किए जाते हैं। सीएनसी ड्रिलिंग प्रक्रिया पीसीबी पर विशिष्ट स्थानों में सूक्ष्म होल बनाने के लिए कंप्यूटर नियंत्रित ड्रिल का प्रयोग करती है।

55.कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि घरेलू उद्योग के पास सीएनसी होल ड्रिलिंग मशीनें नहीं हैं और इसलिए सीएनसी होल ड्रिलिंग वाले पीसीबी को पीयूसी के दायरे से बाहर रखने चाहिए।

56.इस संबंध में, घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि उनके पास ऐसी सीएनसी होल ड्रिलिंग मशीनें हैं जो पीसीबी में विशिष्ट होल आकार बनाने के लिए अपेक्षित हैं। घरेलू उद्योग ने अपने इस दावे के समर्थन में सीएनसी होल ड्रिलिंग वाले पीसीबी के नमूना बीजक उपलब्ध कराए हैं कि वे सीएनसी होल ड्रिलिंग वाले पीसीबी के उत्पादन और आपूर्ति में सक्षम हैं।

57.सीएनसी होल ड्रिलिंग मशीनों की मौजूदगी के बारे में घरेलू उद्योग द्वारा किए गए दावे को घरेलू उद्योग के कारखाने में किए गए सत्यापन दौरे के दौरान जांचकर्ता दल द्वारा सत्यापित भी किया गया था।

58.अत: प्राधिकारी सीएनसी होल ड्रिलिंग वाले पीसीबी को विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर नहीं रखने का प्रस्ताव करते हैं।

xiv. <u>कंडक्टिव एनोडिक फिलामेंटशन (सीएएफ) सामग्री वाले पीसीबी</u>

59.कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि घरेलू उत्पादक मानक पीसीबी योग्यता परीक्षण अर्थात कंडक्टिव एनोडिक फिलामेंटशन परीक्षण (सीएएफ) को पास करने में सक्षम नहीं हैं।

60.घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि एनटी - सीएएफ पीसीबी के निर्माण प्रयुक्त सीसीएल की गुणवत्ता है और वे किस विनिर्माण प्रक्रिया में एनटी - सीएएफ सामग्री (लेमिनेट) का प्रयोग कर रहे हैं और यह प्रक्रिया एनटी - सीएएफ अपेक्षा के लिए भी योग्य है। अपने दावे के समर्थन में घरेलू उद्योग ने सीएएफ प्रतिरोध सामग्री के लिए नमूना खरीद बीजक प्रस्तुत किए हैं।

61.इस संबंध में, यह नोट किया गया है कि घरेलू उद्योग विनिर्माण प्रक्रिया में एन टी - सीएएफ सामग्री (लेमिनेट) के प्रयोग से पीसीबी के उत्पादन और आपूर्ति में समर्थ हैं और यह प्रक्रिया एनटी सीएएफ अपेक्षा को भी पूरी करती है।

62.अत: प्राधिकारी कंडक्टिव एनोडिक फिलामेंटेशन सामग्री वाले पीसीबी को विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर नहीं करने का प्रस्ताव करते हैं।

xv. <u>सिल्वर इर्मशन फिनिश वाले पीसीबी</u>

63.सिल्वर इर्मशन फिनिश वाले पीसीबी को बाहर रखने के अनुरोध के संबंध में यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग सिल्वर इर्मशन फिनिश वाले पीसीबी के उत्पादन और आपूर्ति में सक्षम हैं। प्राधिकारी नोट करते हैं कि रिकार्ड में सूचना दर्शाती है कि घरेलू उद्योग ने सिल्वर इर्मशन फिनिश वाले पीसीबी की आपूर्ति की है।

64.अत: प्राधिकारी सिल्वर इर्मशन फिनिश वाले पीसीबी को विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर नहीं करने का प्रस्ताव करते हैं।

65.कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने निम्नलिखित पीयूसी के मुद्दों के संबंध में अपने दावे प्रस्तुत किए हैं:

i. आईएटीएफ16949 प्रमाणन का अभाव
ii. आयोनिक कंटामिनेशन प्रयोगशाला सुविधाओं का अभाव
iii. घरेलू उत्पादकों के लिए अपेक्षाकृत अधिक लीड समय

66.उक्त दावों को निम्नानुसार जांच की गई है:

क. <u>आईएटीएफ16949 प्रमाणन का अभाव</u>

67.कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि केवल कुछ घरेलू उत्पादकों के पास आईएटीएफ16949 प्रमाणन है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि यह दावा किसी साक्ष्य द्वारा समर्थित नहीं है। इसके विपरीत घरेलू उद्योग ने इस दावे का खंडन किया है और अनुरोध किया है कि घरेलू उद्योग सहित पीसीबी के लगभग सभी भारतीय उत्पादकों के पास आईएटीएफ16949 प्रमाणन है। अत: यह नोट किया जाता है कि उक्त तर्क में कोई सच्चाई नहीं है।

ख. <u>आयोनिक कंटामिनेशन प्रयोगशाला सुविधाओं का अभाव</u>

68.कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि घरेलू उद्योग के पास आयोनिक कंटामिनेशन प्रयोगशाला सुविधाएं नहीं है जो एक विशेषज्ञत प्रयोगशाला होती है जो पीसीबी और अन्य इलेक्ट्रानिक घटकों में आयोनिक संदूषकों की मौजूदगी का पता लगाने और मापन की सुविधायुक्त होती है। यह नोट किया जाता है कि इन प्रयोगशाला सुविधाओं के लिए उपभोक्ताओं के पास होना अपेक्षित है और न कि पीसीबी विर्माताओं के पास। अत: यह नोट किया जाता है कि इस तर्क में कोई तथ्य नहीं है।

ग. <u>घरेलू उत्पादकों के लिए अपेक्षाकृत अधिक लीड समय</u>

69.कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने दावा किया है कि घरेलू उत्पादकों का वर्तमान लीड समय 12 सप्ताह से अधिक है। जबकि चीन के आपूर्तिकर्ता केवल 3 सप्ताह के लीड समय में पीसीबी दे सकते हैं। यह दावा किसी साक्ष्य द्वारा समर्थित नहीं है और इसलिए प्राधिकारी को उक्त दावे में कोई सच्चाई नहीं लगती है।

70.इस तर्क के संबंध में कि आयातित उत्पादों में वारंटी अवधि में बने रहने की ठोस डिजाइन क्षमता और गुणवत्ता आश्वासन तथा घरेलू उद्योग द्वारा आपूर्ति किए गए उत्पाद के मुकाबले वाहन जीवन काल निष्पादन है, अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने इस दावे के समर्थन में कोई साक्ष्य नहीं दिया है। अत: प्राधिकारी को इस दावे में कोई सच्चाई नहीं लगती है।

71.घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध के आधार प्राधिकारी विचाराधीन उत्पाद के दायरे के संबंध में निम्नानुसार निष्कर्ष का प्रस्ताव करते हैं:

''विचारधीन उत्पाद (पीयूसी) प्रिंटेड सर्किट बोर्ड (पीसीबी) है। प्रिंटेड सर्किट बोर्ड एक बोर्ड मात्र होता है जिसे ले आउट डेटा या आर्ट वर्क के साथ आपूर्ति किया जाता है और घटकों को लगाने के लिए प्रयोग होता है। पीसीबी को सिंगल साइज, डबल साइज या मल्टीपल लेयर के रूप में विनिर्मित किया और बेचा जाता है। विचाराधीन उत्पाद का वर्तमान जांच में दायरा 6 लेयर के पीसीबी तक सीमित है। निम्नलिखित पीसीबी विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर हैं:

i. 6 लेयर से अधिक पीसीबी

ii. मोबाइल फोन अनुप्रयोगों में प्रयोग के लिए पीसीबी
iii. सभी आकारों के पापुलेटेड प्रिंटेड सर्किट बोर्ड
iv. कॉपर क्वाइन एंबेडेड वाले पीसीबी

कॉपर क्वाइन एंबेडेड वाले पीसीबी ऐसे पीसीबी होते हैं जिनमें मेटल का ब्लॉक बोर्ड के बीच में लगा होता है। कॉपर क्वाइन एंबेडेड वाले पीसीबी का प्रयोग मुख्यत: उच्च ताप अपव्यय की जरूरत वाले हाई पावर यंत्रों में होता है जैसे बेस स्टेशन एंफलीफायर उत्पाद।

v. इनले पीसीबी

इनले पीसीबी में कॉपर, एल्मोनियम या अन्य सामग्री इनलेड होती है या प्रिंटेड सर्किट बोर्ड में प्रेस की जाती है और प्रिंटेड सर्किट बोर्ड के जरिए बॉटम साइड ईंट सिंक के लिए एक इलेक्ट्रानिक घटक के ताप अपव्यय का कार्य करती है। साफ निकलने के घटक (ताप का स्रोत) को सीधे मेटल इनले से जोड़ा जा सकता है। इनले पीसीबी को मुख्यत: उच्च आवृत्ति और उच्च गति वाले उत्पादों में प्रयोग किया जाता है।

vi प्लेटेड ओवर फिल्ड वाया (पीओएफवी) पीसीबी या वाया-इन-पैड पीसीबी:

पीओएफवी उत्पादों को सोल्डर किए जाने वाले एसएमडी (सरफेश माउंटेड घटक) पैड में कंडक्टिव होल बनाकर स्थान बचाने के लिए डिजाइन किया जाता है। बाद में सोल्डर पेस्ट के छेदों में बहने से बचने और फाल्स सोल्डरिंग से बचने के लिए इन छेदों को पहले से रेजिन द्वारा भरे जाने की जरूरत होती है। इसके बाद सतह समतल प्लेट होती है ताकि छेदों के साथ पैड की सतह समतल हो और सोल्डरिंग को प्रभावित न करें। पीओएफवी - पीसीबी में सतह को कॉपर से प्लेटेड किया जाता है। पीओएफवी - पीसीबी का प्रयोग मुख्यत: वायरलेस बेस स्टेशन उत्पादों, स्विचों और राउटरों जैसी उच्च विश्वसनीयता अपेक्षाओं में किया जाता है।

vii. उच्च घनत्व इंटरकनेक्ट (एचडीआई) पीसीबी

एचडीआई पीसीबी में -<0.1 एमएम के होल आकार के साथ लेजर तकनीक के जरिए छेद को ड्रिल किया जाता है। इतने छोटे छेद ड्रिल करने के लिए लेजर ड्रिल की जरूरत होती है। यह उच्च प्रसंस्करण प्रतिकूलता वाली तकनीक है। एचडीआई पीसीबी का प्रयोग मुख्यत: मोबाइल फोन, स्विच और सर्वरों जैसे उच्च घनत्व के उत्पादों में होता है।

viii. *<u>रिजिड-फ्लेक्स पीसीबी</u>*

रिजिड फ्लैक्स पीसीबी फ्लेक्सिबल सर्किट बोर्ड और रिजिड सर्किट बोर्ड का संयोजन है। रिजिड फ्लेक्स पीसीबी फ्लेक्सिबल बोर्डों और रिजिड बोर्डों की दोनों अच्छी विशेषताओं को रखती है। रिजिड फ्लेक्स उत्पाद मुख्यता: मोबाइल फोन, ऑटोमोबाइल, औद्योगिक नियंत्रण, अन्य अनुप्रयोगों में प्रयुक्त होते हैं जहां इलेक्ट्रानिक हिस्सों को लगाने के लिए सीमित स्थान होता है।

ix. *<u>पैकेजिंग सबस्ट्रेट्स / आईसी पैकेजिंग</u>*

पैकेजिंग सब्सट्रेट या इंटीग्रेट सर्किट (आईसी) सब्सट्रेट वेयर इंटीग्रेटेड सर्किट (सेमी कंडक्टर) चिप की पैकेजिंग के लिए प्रयुक्त एक बेस बोर्ड होता है। यह सेमी कंडक्टर चिप से पीसीबी को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आईसी सब्सट्रेट सेमी कंडक्टर चिप को पकड़ता है और उस चिप को पीसीबी से जोड़कर राउटिंग करता है तथा आईसी चिप को शेफगार्ड, सपोर्ट और रिइनफोर्स करता है, इस प्रकार एक तापीय अपव्यय टनल का निर्माण करता है।

72. रिकार्ड में सूचना के आधार पर प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध देशों से निर्यातित विचाराधीन उत्पाद और भारतीय घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद के बीच कोई ज्ञात अंतर नहीं है। भारतीय घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित विचाराधीन उत्पाद भौतिक और रसायनिक विशेषताओं, कार्य और प्रयोग, उत्पाद विनिर्देशन, वितरण और विपणन तथा वस्तुओं के टैरिफ वर्गीकरण जैसी विशेषताओं के अनुसार आयातित संबद्ध उत्पाद से तुलनीय है। ये दोनों तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय हैं। उपभोक्ता इन दोनों को एक दूसरे के स्थान पर प्रयोग कर रहे हैं।

घ. <u>घरेलू उद्योग का दायरा और उसकी स्थिति</u>

घ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

73. घरेलू उद्योग के दायरे और उसकी स्थिति के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अपनी चिंता जताई है कि जांच शुरूआत सूचना में ऐसे आवेदक घरेलू उत्पादकों की पहचान नहीं की गई है जिन्हें इस जांच के प्रयोजनार्थ ''घरेलू उद्योग'' माना गया है।

ii. याचिका का यह संस्करण केवल तीन घरेलू उत्पादकों की ओर से है जिन्हें समर्थक के रूप में 9 अन्य घरेलू उत्पादकों के साथ आवेदक बताया गया है। तथापि, दिनांक 20.12.2022 के पत्र द्वारा याचिकाकर्ता ने बताया है कि 6 घरेलू उत्पादकों ने व्यापार सूचना सं. 09/2021 दिनांक 29 जुलाई, 2021 के अनुबंध 1 के अनुसार मूल क्षति संबंधी सूचना प्रस्तुत की है और 7 घरेलू उत्पादक याचिका के समर्थक हैं।

iii. याचिकाकर्ता ने केवल यह बताया है कि उनके पास भारत में समान वस्तु के कुल घरेलू उत्पादन का 35-45 प्रतिशत के बीच हिस्सा है। यह भी बताया गया है कि आवेदक घरेलू उत्पादक एडी नियमावली के अर्थ के भीतर भारत में घरेलू उद्योग के प्रतिनिधि नहीं हैं।

iv. निर्दिष्ट प्राधिकारी ने दिनांक 30 दिसंबर, 2022 की जांच शुरूआत सूचना के जरिए बताया है कि समग्र रूप से आवेदक घरेलू उत्पादक और समर्थकों का भारत में कुल घरेलू उत्पादन में 39.82 प्रतिशत हिस्सा है। इस संबंध में यह बताया गया है कि याचिकाकर्ताओं और समर्थकों के घरेलू उत्पादन के प्रतिशत की गणना करने से पहले प्राधिकारी को पहले यह पहचान करनी होगी कि 100 प्रतिशत अर्थात कुल घरेलू उत्पादन क्या है। वर्तमान मामले में कुल घरेलू उत्पादन की पहचान करने में गंभीर समस्या है। केवल कुल घरेलू उत्पादन निर्धारित करने के बाद ही प्राधिकारी याचिकाकर्ताओं के हिस्से के प्रतिशत की गणना कर सकते हैं।

v. घरेलू बाजार के आकार और भारत में याचिकाकर्ता द्वारा अनुमानित कुल घरेलू उत्पादन का अनुमान अविश्वसनीय है और किसी साक्ष्य पर आधारित नहीं है। यह नोट करना संगत है कि याचिकाकर्ता के स्वयं की स्वीकृति के अनुसार घरेलू उत्पादकों में एमएसएमई शामिल हैं जो बिखरे हुए हैं। तथापि, इस बारे में कोई सूचना या साक्ष्यांत्मक आधार नहीं दिया गया है कि उनकी क्षमता, उत्पादन और बिक्रियां कैसे निर्धारित हुई थीं।

vi याचिकाकर्ता द्वारा लगभग 200 घरेलू उत्पादकों वाले स्वीकृत रूप से बिखरे हुए घरेलू बाजार के लिए समर्थक आंकड़ों के बिना कुल घरेलू उत्पादन के आकार का अनुमान लगाना संदिग्ध है और इसे स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए।

vii. एडी नियमावली के नियम 5(3) के परंतुक के अंतर्गत 25 प्रतिशत की स्थिति संबंधी अपेक्षा निर्धारित करने के लिए स्पष्ट समर्थकों के हिस्से पर विचार नहीं करना चाहिए। यह भी तर्क दिया गया था कि 6 आवेदक घरेलू उत्पादकों का हिस्सा कुल घरेलू उत्पादन के 25 प्रतिशत से कम था और इसलिए आवेदन जांच शुरूआत की कानूनी अपेक्षा को पूरा नहीं करता है।

viii. यह भी बताया गया था कि घरेलू उद्योग माने जाने के लिए आवेदक घरेलू उत्पादकों को एडी नियमावली के नियम 2(ख) के अनुसार कुल घरेलू उत्पादन का प्रमुख हिस्सा रखना चाहिए। ऐसा एडी नियमावली के नियम 5(3)(क) के परंतुक में विनिर्दिष्ट जांच शुरूआत अपेक्षा में नहीं दिया गया है जो बताती है कि कोई जांच तब तक शुरू नहीं की जा सकती जब तक घरेलू उत्पादक स्पष्ट रूप से आवेदन का समर्थन न करे और उनका समान वस्तु के घरेलू उद्योग के कुल उत्पादन में 25 प्रतिशत से कम हिस्सा हो।

ix. 25 प्रतिशत की निर्धारित सीमा घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति के आकलन पर लागू नहीं होती है; बल्कि यह केवल जांच के शुरूआती चरणके दौरान लागू होती है। याचिकाकर्ता यह दर्शाने के लिए साक्ष्य देने में पूरी तरह विफल रहा है कि वे प्रमुख हिस्से के परीक्षण को पूरा करते हैं जो क्षति के प्रयोजन के लिए एक मात्र लागू मानक है। इस संबंध में ईसी फास्टनर्स (चीन), डब्ल्यूटी/डीएस397 मामले में डब्ल्यूटीओ अपीलीय निकाय की रिपोर्ट पर भरोसा किया गया था जिसमें अपीलीय निकाय ने यह कहा था कि घरेलू उद्योग बनाने के लिए कुल घरेलू उत्पादन के प्रमुख हिस्से के निर्धारण के लिए 25 प्रतिशत के बेंचमार्क पर विचार करने का ईयू का निर्णय डब्ल्यूटीओ पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 4(1) से संगत नहीं है।

x. घरेलू उद्योग ने बाद में 9 सितंबर, 2023 के पत्र द्वारा अनुरोध किया था कि कुल भारतीय उत्पादन के भाग के रूप में एडी एंड एस इंडिया प्रा० लि० के उत्पादन पर

विचार नहीं किया गया है क्योंकि वे संबद्ध देशों में पीयूसी के संबंधित उत्पादक / निर्यातक हैं।

xi. घरेलू उद्योग द्वारा दायर याचिका में एटी एंड एस इंडिया प्रा० लि० को 7 समर्थक कंपनियों में से एक माना गया है। वास्तव में ऐसा लगता है कि प्राधिकारी द्वारा जांच शुरूआत अधिसूचना जारी करते समय एटी एंड एस को अपात्र घरेलू उद्योग नहीं माना गया था। तथापि बाद में घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि एटी एंड एस इंडिया प्रा० लि० एक पात्र घरेलू उद्योग नहीं है क्योंकि वे संबद्ध देशों में पीयूसी के संबंधित उत्पादकों/निर्यातकों के संपर्क में है।

xii. अन्य हितबद्ध पक्षकार यह नोट करते हैं किए पाटनरोधी नियमावली का नियम 2(ख) ऐसे घरेलू उत्पादकों को स्वत: बाहर करने का प्रावधान नहीं करता है जो संबद्ध देशों में पीयूसी के उत्पादकों / निर्यातकों से संबंधित हों। नियम 2(ख) के अंतर्गत प्राधिकारी का विवेकाधिकार ऐसे उत्पादकों पर विचार करने का है जो संबद्ध देश में निर्यातकों से संबंधित हैं, वह पात्र घरेलू उद्योग हैं या नहीं।

xiii. वास्तव में, घरेलू उद्योग ने एटी एंड एस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की संबंधित संस्थाओं के नाम भी उपलब्ध नहीं कराए हैं और क्या संबद्ध देशों में उनकी संबंधित संस्थाओं ने पीओआई के दौरान भारत को पीयूसी का निर्यात किया है। यदि एटी एंड एस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की संबंधित इकाइयाँ। लिमिटेड ने जांच अवधि के दौरान भारत को पीयूसी का निर्यात नहीं किया है, केवल यह तथ्य कि संबद्ध देश में उनकी संबंधित इकाइयां हैं, घरेलू उद्योग को अयोग्य नहीं बनाती हैं।

xiv. प्राधिकारी से पीओआई के दौरान एटी एंड एस इंडिया प्रा० लि० के प्राथमिक व्यवसाय की प्रकृति, पीयूसी के भारतीय उत्पादन में उसकी मात्रा, संबद्ध देशों में उत्पादकों/निर्यातकों के साथ संबंध की प्रकृति चीन जन. गण. से आयातित पीयूसी के आयात या व्यापार में उसकी संलिप्तता की एटी एंड एस इंडिया प्रा० लि० को बाहर करने की अनुमति देने से पहले जांच करने का अनुरोध किया गया था।

xv. 9 सितंबर, 2023 के एक पत्र में घरेलू उद्योग ने एटी एंड एस इंडिया प्रा० लि० के उत्पादन को बाहर करने के बाद यह दावा किया है कि उनके पास कुल भारतीय

उत्पादन में 28 प्रतिशत हिस्सा है। यदि एटी एंड एस इंडिया प्रा० लि० के उत्पादन को कुल उत्पादन में शामिल किया जाए तो ऐसी संभावना है कि घरेलू उद्योग का हिस्सा और कम हो जाएगा और वह पाटनरोधी नियमावली के नियम 5(3) में विहित कुल उत्पादन के 25 प्रतिशत हिस्से की अपेक्षा या पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) में विहित प्रमुख हिस्से की अपेक्षा को पूरा नहीं कर पाएगा।

xvi. यद्यपि यह दावा किया गया है कि आईपीसीए के सदस्यों का कुल भारतीय उत्पादन में 80-90 प्रतिशत तक हिस्सा है। तथापि, उनके नाम छुपाए गए हैं जिससे इस दावे की वैधता की जांच करने के अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अधिकार का उल्लंघन हुआ है। पूर्वोक्त के संबंध में गोपनीयता बताने के लिए कोई तर्कसंगत आधार भी नहीं दिया गया है।

xvii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने भी यह चिंता जताई है कि केवल 6 घरेलू उत्पादकों - जिनका मिलकर भारत में उत्पादित पीयूसी में 29 प्रतिशत से कम हिस्सा है - की ओर से किए गए आवेदन को ऐसी स्थिति में कुल उत्पादन का महत्वपूर्ण, गंभीर या बड़ा हिस्सा नहीं माना जा सकता है जहां स्वीकृत रूप से 200 से अधिक घरेलू उत्पादक हैं।

xviii. बिखरे हुए उद्योगों के लिए 2022 की व्यापार सूचना सं. 09 में प्रदत्ता छूट तब लागू है जब आवेदक घरेलू उत्पादकों की संख्या काफी अधिक हो। वर्तमान मामले में यद्यपि घरेलू उत्पादकों की संख्या अधिक है। तथापि, प्राधिकारी के समक्ष केवल 6 आवेदक हैं जिन्हें काफी अधिक नही माना जा सकता है। प्राधिकारी ने अनेक ऐसी जांच की है जिनमें 6 या उससे अधिक घरेलू उत्पादकों ने घरेलू उद्योग की प्रश्नावली में यथा विहित क्षति संबंधी पूरी सूचना दी है। अत: यह अनुरोध था कि 6 आवेदक घरेलू उत्पादकों को व्यापार सूचना सं. 05/2021 के अनुसार लागत संबंधी पूरी सूचना प्रस्तुत करनी चाहिए।

xix. याचिका को समर्थकों द्वारा दिए गए समर्थन को 2018 की व्यापार सूचना सं. 14 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट तरीके से अपेक्षित सूचना का प्रकटन नहीं करने के कारण जांच शुरूआत के लिए विचार नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा व्यापार सूचना सं. 05/2021 में विनिर्दिष्ट प्रश्नावली में भारतीय उद्योग के प्रोफाइल के पैरा 3 में

अपेक्षित है कि समर्थकों को पूर्वोक्त सूचना के संबंध में समर्थक साक्ष्य प्रदान करने होंगे। पूर्वोक्त कारकों के संबंध में अप्रयाप्त प्रकटन के अलावा अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह अनुरोध किया है कि इस संबंध में कोई समर्थन साक्ष्य भी प्रस्तुत नहीं किया गया है।

xx. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने बताया कि व्यापार सूचना सं. 09/2021 के पैरा 3 में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार किसी आवेदक को व्यापार सूचना सं. 09/2021 का लाभ देने से पहले प्राधिकारी को यह पता लगाना चाहिए और प्रथमदृष्ट्या सिद्ध करना चाहिए कि क्या आवेदक क्षेत्र को बिखरा हुआ माना जा सकता है। वर्तमान जांच में अधिकारी ने यह जांच करने के किसी प्रयास के बिना बिखरे क्षेत्र के बिना आवेदक के अनुरोध को व्यवहार्य हेतु केवल उद्धरित किया है कि क्या आवेदक के इस दावे में कोई सत्यतता और औचित्य है कि वे एक बिखरे हुए उद्योग से संबंधित हैं।

xxi. यह ध्यान दिलाया गया था कि एक बड़ा उद्योग और लिस्टेड व्यवसाय होने के कारण मे० बीपीएल लिमिटेड इस संबंध में इस आवेदन का अग्रणी है। सह आवेदक एसेंट सर्किट प्रा. लिमिटेड देश में प्रिंटेड सर्किट बोर्ड (पीसीबी) सबसे बड़ा उत्पादक है। यह पेप्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड (जो गद्दों के इनर स्प्रिंग बनाती है), टेक्नोवा इंडस्ट्रीज लिमिटेड (जो प्रिसीजन मोल्ड बनाती है) सिरस लिमिटेड (जो रबड़युक्त गद्दे बनाती है) जैसी कंपनियों के रूप में उसी समूह का हिस्सा है। इसके अलावा, आवेदक आईपीसीए भारत के पीसीबी उत्पादन के 80-90 प्रतिशत के प्रतिनिधि होने और 140 से अधिक पीसीबी निर्माताओं का सदस्य होने का दावा करता है।

xxii. इस संबंध में, यदि आवेदन किसी संगठित उत्पादक द्वारा प्रस्तुत किया जाए और अन्य संगठित उत्पादकों द्वारा समर्थित किया जाएग तो समान विषय वस्तु देने वाले अनेक असंगठित उत्पादकों की मौजूदगी असंगत है। अत: प्राधिकारी को जांच शुरू करने से पहले आवेदकों तथा समर्थकों की स्थिति, उद्योग के कथित बिखरे होने तथा क्या आवेदक से स्वयं को संतुष्ट करना चाहिए कि क्या आवेदक व्यापार सूचना सं. 09/2021 के अंतर्गत छूट के लाभ का पात्र है। परिणामस्वरूप स्थिति संबंधी अपेक्षाओं में ढील देने के लिए संबंधित व्यापार सूचना का प्रयोग करना

अनुचित है। इस जांच को इस आधार पर समाप्त करना चाहिए कि याचिकाकर्ता के पास छूट के अभाव में आवेदन प्रस्तुत करने की योग्यता नहीं है।

xxiii. व्यापार सूचना सं. 09/2021 स्पष्ट रूप से बताता है कि प्राधिकारी सांख्यिकीय रूप से वैध नमूना तकनीकों के आधार पर उत्पादकों के ऐसे नमूना समूह का चयन करेंगे जो लागत संबंधी पूरी सूचना प्रदान करेगा। परंतु वर्तमान जांच में याचिकाकर्ता ने स्वयं प्रपत्र VI-1 से VI-5 में अपेक्षित सूचना प्रदान करने के लिए उत्पादकों का चयन किया है जो व्यापार सूचना सं. 09/2021 के अंतर्गत अपेक्षाओं का पूर्ण उल्लंघन है।

xxiv. इसके अलावा, यह प्रावधान घरेलू उत्पादकों के ऐसे समूह पर लागू होता है जितने इतने बिखरे हुए और असंगठित हो कि पाटनरोधी नियमावली और प्रक्रियाओं के अंतर्गत यथा अपेक्षित संगठित ढंग से संगत सूचना प्रस्तुत करने की स्थिति में न हो। इस छूट का इरादा ऐसे असंगठित उद्योगों की कठिनाइयों को दूर करना है जो मानक लेखांकन प्रक्रियाओं के अनुसार अपने उत्पादन और बिक्री के आंकड़े नहीं रखते है और उनके लिए ऐसे आंकड़े देने का बोझ काफी अधिक है। यद्यपि वर्तमान मामले में सभी आवेदक संगठित क्षेत्र में है और बड़े उद्योग है और वे अपेक्षित सूचना देने में सक्षम है। प्राधिकारी क्षति संबंधी सूचना एकत्र करने के लिए व्यापार सूचना में यथा निर्धारित नमूनों को अपनाने में पूर्णत: विफल हुए हैं।

xxv. याचिका में भारत में सभी 200 घरेलू उत्पादकों के नाम नहीं दिए गए हैं । अनुबंध 2.2 में स्पष्ट रूप से ऐसे उत्पादकों की सूची है जो आईपीसीए के सदस्य हैं। घरेलू उद्योग ने 9 सितंबर, 2023 के ई-मेल द्वारा 136 उत्पादकों के नाम बताए हैं जो आईपीसीए के सदस्य हैं । याचिकाकर्ताओं ने ऐसे अन्य उत्पादकों की नाम और संख्या नहीं बतायी है जिनके उत्पादन पर कुल उत्पादन के निर्धारण में विचार किया गया हे। अन्य हितबद्ध पक्षकार यह जांच करने में असमर्थ हैं कि क्या भारत में सभी ज्ञात उत्पादकों के उत्पादन पर विचार किया गया है अथवा नहीं क्योंकि न तो सभी उत्पादकों का नाम दिया गया है न ही उनकी सही संख्या ज्ञात है।

घ.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

74. घरेलू उद्योग के दायरे और उसकी स्थिति के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. दि इंडियन प्रिंटेड सर्किट एसोसिएशन (आईपीसीए) ने पीसीबी विनिर्माण में शामिल अपनी सदस्य कंपनियों की ओर से यह आवेदन दायर किया है। सदस्य कंपनियां भारत में उत्पादित समस्त पीसीबी का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा हैं।

ii. 6 घरेलू उत्पादकों द्वारा क्षति संबंधी सूचना दी गई है जो व्यापार सूचना सं. 09/2021 दिनांक 29 जुलाई, 2021 के अनुबंध 1 के अनुसार आवेदक हैं और आईपीसीए के सदस्य हैं। इन 6 आवेदकों का कुल उत्पादन भारत में उत्पादित संपूर्ण पीयूसी का लगभग 27 प्रतिशत बनता है जो घरेलू उत्पादन के लिए पात्र है। आवेदकों और समर्थकों का कुल हिस्सा भारत में पीयूसी के कुल घरेलू उत्पादन के 35-45 प्रतिशत के आसपास है। परिणामस्वरूप एडी नियमावली के नियम 5(3) के प्रावधान एडी करार के अनुच्छेद 5.4 के अंतर्गत लागू स्थिति संबंधी पहले मानदंड को पूरा करते हैं।

iii. इसके अलावा, नियम 5(3) के स्पष्टीकरण के अंतर्गत स्थिति के लिए 50 प्रतिशत जांच का मापदंड भी पूरा होता है। तुलनीय वस्तु के किसी घरेलू उत्पादक ने आवेदन पर आपत्ति नहीं की है। आईपीसीए के सभी सदस्यों ने इस संकल्प का समर्थन किया है जिसमें एजीएम को वोट किया गया था कि वे एसोसिएशन को पाटनरोधी याचिका दायर करने का निर्देश दें। प्राधिकारी के पास रिकार्ड में इस संकल्प की एक प्रति पहले से है। यह जोर देना महत्वपूर्ण है कि भारत के कुल घरेलू उत्पादन का लगभग 90 प्रतिशत आईपीसीए के सदस्यों द्वारा उत्पादित होता है।

iv. प्राधिकारी ने पीयूसी के किसी अन्य घरेलू उत्पादक सहित सभी हितबद्ध पक्षकारों को भारत के सरकारी राजपत्र में अपनी जांच शुरूआत की सूचना को प्रकाशित करके जांच में भागीदारी के लिए और समय-सीमा तक अपनी टिप्पणियां देने के लिए आमंत्रित किया था। घरेलू उद्योग के सर्वोत्तम ज्ञान के अनसार घरेलू उद्योग के आवेदन पर पीयूसी के किसी घरेलू उत्पादक द्वारा कोई आपत्ति नहीं की गई है।

v. चूंकि ऐसे कोई घरेलू उत्पादक नहीं हैं जो आवेदन का विरोध करते हैं। इसलिए आवेदक उत्पादकों और स्पष्ट समर्थकों का प्रतिशत समान वस्तु के कुल उत्पादन का 100 प्रतिशत बनता है जो आवेदन या विरोध के लिए घरेलू उद्योग के स्पष्ट समर्थन के खंड द्वारा, जैसा भी मामला हो, उत्पादित होता है। परिणामस्वरूप 50 प्रतिशत जांच मापदंड नियम 5(3) का स्पष्टीकरण पूरा होता है।

vi एडी नियमावली का नियम 5(3) जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि कोई जांच तब तक शुरू नहीं की जाएगी। यदि आवेदन का समर्थन करने वाले घरेलू उत्पादकों के पास घरेलू उद्योग द्वारा समान वस्तु के कुल उत्पादन के 25 प्रतिशत से कम का हिस्सा हो तो पहले इसका उल्लंघन होता है। पात्रता अपेक्षा को पहले प्रावधान के शब्दों के अनुसार कड़ाई से माना जाना चाहिए क्योंकि इसके द्वारा स्थापित विधिक पूर्व उदाहरण निर्धारित है। इस खंड की एक मात्र व्याख्या जो ''स्पष्ट समर्थन करने वाले घरेलू उत्पादक'' से संबंधित है, यह है कि सीमा शुल्क बनाम दिलीप कुमार एंड कंपनी 2018 9 एससीसी के मामले में उच्चतम न्यायालय के निर्णय के पैरा 53 के अनुसार आवेदकों और समर्थकों के हिस्से पर 25 प्रतिशत तक की सीमा निर्धारित करते समय विचार किया जाना चाहिए। यही बात ''व्यापार उपचार जांच के लिए प्रचालन प्रक्रियाओं की पुस्तिका'' के पैराग्राफ 4.9.11 (i) में बतायी गई है जिसे प्राधिकारी ने प्रकाशित किया था। परिणामस्वरूप इस तर्क का कानूनी आधार नहीं है।

vii. दूसरे यह तर्क यह मानने में विफल है कि इस मामले की परिस्थिति के अंतर्गत 6 याचिकाकर्ता मिलकर पीयूसी के कुल भारतीय पात्र घरेलू उत्पादन का 27 प्रतिशत दर्शाते हैं। यह तर्क घरेलू उद्योग के दिनांक 20.12.2022 और 15.05.2023 के अनुरोधों की उपेक्षा करता है जिनमें यह स्पष्ट किया गया है कि 6 आवेदकों का कुल उत्पादन भारत में पीयूसी के उत्पादन के 25 प्रतिशत से अधिक है। ये अनुरोध जांच शुरूआत से पहले किए गए थे। परिणामस्वरूप यह तर्क तथ्यों के अनुसार गलत है।

viii. एडी नियमावली के नियम 5(3) के अंतर्गत स्थिति संबंधी अपेक्षाओं के लिए विभाजक के रूप में प्रयुक्त कुल घरेलू उत्पादन के सही होने के संबंध में घरेलू

उद्योग ने अनुरोध किया कि भारत में पीयूसी के घरेलू उत्पादकों के एक मात्र संगठन आईपीसीए ने वर्तमान आवेदन प्रस्तुत किया है। कुल भारतीय पीयूसी उत्पादन का लगभग 90 प्रतिशत आईपीसीए के 136 सदस्यों द्वारा घरेलू रूप से उत्पादित किया जाता है।

ix. जांच शुरूआत से पहले अपने प्रत्येक सदस्य से संपर्क करने के लिए आईपीसीए ने पीओआई के दौरान वर्ग मीटर के रूप में उनके वास्तविक उत्पादन के जानने के काफी प्रयास किए थे जिसे उसके बाद 20 दिसंबर, 2022 के अनुरोध में प्राधिकारी को प्रस्तुत किया गया। प्रत्येक महत्वपूर्ण पीयूसी उत्पादक आईपीसीए से संबंधित है। जांच में प्रदत्त सर्वोत्तम अनुमानों के आधार पर भारत में ऐसे पीयूसी उत्पादकों जो आईपीसीए के सदस्य नहीं है - अधिकांश लघु और सूक्ष्म इकाइयां - के उत्पादन की गणना की गई थी। भारत में पीयूसी के कुल घरेलू उत्पादन के आकलन के लिए सभी घरेलू उत्पादकों के पीयूसी के संचयी उत्पादन का अनुमान (सदस्य और गैर-सदस्य) निर्धारित किया गया था।

x. एडी नियमावली के नियम 5(3) के अंतर्गत स्थिति संबंधी अपेक्षाओं को निर्धारित करने के लिए इसने विभाजक के रूप में कार्य किया। इसके अतिरिक्त, 09.09.2023 के अगोपनीय अंश में घरेलू उद्योग ने सभी हितबद्ध पक्षकारों को अपने सभी 136 सदस्यों की एक सूची पीओआई के दौरान उनके संचयी उत्पादन के साथ और सभी गैर सदस्यों के कुल उत्पादन के अनुमान के साथ जारी की थी।

xi. एडी करार के अनुच्छेद 5.2 (i) के अनुसार पाटनरोधी कानून में यह अधिदेशित है कि आवेदक सभी ज्ञात घरेलू उत्पादकों की पहचान करेगा और उनकी सूची प्रदान करेगा और केवल व्यवहार्य सीमा तक ऐसे मामले उन ज्ञात उत्पादकों के समान उत्पाद के घरेलू उत्पादन की मात्रा बताएगा जहां आवेदन घरेलू उद्योग की ओर से दायर किया गया हो (इस मामले में आईपीसीए ने इसकी ओर से आवेदन दायर किया है) ।

xii. पूर्वोक्त खंड यह बिल्कुल स्पष्ट कर देता है कि उक्त कानून आवेदक पर उस सूचना को देने का अनावश्यक दबाव नहीं डालता है जो उसके पास नहीं है। ''संभव सीमा तक'' और ''ऐसी सूचना जो तर्क संगत रूप से उपलब्ध हो'' वाक्यांशों में माना गया

है कि अन्य लोगों के बारे में सूचना को केवल ''सर्वोत्तम प्रयास आधार'' पर दिया जाना चाहिए। इस मामले में आईपीसीए न केवल अपने 136 मान्यता प्राप्त सदस्यों और घरेलू उत्पादकों की सकल उत्पादन मात्रा देने के लिए बल्कि भारत की अत्यधिक बिखरे हुए और अंसगठित पीसीबी बाजार के भीतर अतिरिक्त अज्ञात लघु और सूक्ष्म उत्पादकों के कुल उत्पादन के बिल्कुल सही अनुमान देने के लिए भी पर्याप्त प्रयास किया है।

xiii. जांच शुरूआत की सूचना प्राधिकारी द्वारा भारत के सरकारी राजपत्र में प्रकाशित की गई थी जिसमें पीयूसी के किसी अन्य घरेलू उत्पादक सहित सभी हितबद्ध पक्षकारों से भागीदारी और संगत सूचना की मांग की गई थी। भागीदारी करने की इच्छुक और प्राधिकारी को सूचना प्रस्तुत करने के इच्छुक किसी अतिरिक्त घरेलू उत्पादक को आमंत्रण स्वीकार करने से जांच शुरूआत की सूचना द्वारा किसी भी तरह प्रतिबंधित नहीं किया गया है।

xiv. किसी भी संगत पक्षकार ने प्राधिकारी को बेकार संयोग और दावे के अलावा भारत में पीयूसी के पूरे घरेलू उत्पादन का कोई विरोधाभासी साक्ष्य नहीं दिया है। अत: आईपीसीए के आंकड़ों के अभाव के लिए कुल भारतीय उत्पादन के सर्वोत्तम अनुमान की अलोचना करना असंभव है। डब्ल्यूटीओ अपीलीय निकाय के निर्णय के अनुसार सबूत का दायित्व शिकायतकर्ता का होता है जो यह दावा करता है कि घरेलू उद्योग की परिभाषा असंगत है।

xv. एडी करार में प्रमुख हिस्से को परिभाषित नहीं किया गया है। अर्जेंटीन पॉट्री मामले में डब्ल्यूटीओ पैनल के निर्णय के अनुसार प्रमुख हिस्से को को अधिकांश हिस्से वाले घरेलू उत्पादकों के अनुसार यह एडी करार के अनुच्छेद 4.1 में शामिल करने के लिए पूरे घरेलू उत्पादन के 50 प्रतिशत से अधिक के रूप में परिभाषित नहीं किया गया है।

xvi. इसके अलावा डब्ल्यूटीओ अपीलीय निकाय को यह पता चलता है कि किसी संगठित उद्योग की विशिष्ट परिस्थितियों में ''प्रमुख हिस्से'' शब्द का अर्थ तुलनीय वस्तुओं के भारत के कुल घरेलू उत्पादन के तुलनात्मक रूप से अधिक हिस्से को दर्शाने वाला माना गया है। अपीलीय निकाय अनेक उत्पादकों वाले बिखरे हुए उद्योग में

क्षति के आंकड़े जुटाने में व्यवहारिक कठिनाइयों को माना था परंतु उसमें जांचकर्ता निकाय को ऐसे आधार पर घरेलू उद्योग को परिभाषित करने का अधिकार दिया जो स्वीकार्य हो और वास्तविक रूप से प्राप्त करने योग्य हो। यह निर्णय लिया गया था कि '' कुल घरेलू उत्पादन का प्रमुख हिस्सा'' उन अद्वितीय अस्थितियों में कम हो सकता है जिनमें आमतौर कम बिखरे हुए बाजार की अनुमति है।

xvii. सारांश रूप से अनुच्छेद 4.1 के अंतर्गत ''एक प्रमुख हिस्सा'' शब्द की उचित व्याख्या में अपेक्षित है कि इस आधार पर परिभाषित घरेलू उद्योग में ऐसे उत्पादक शामिल हों जिनका समग्र उत्पादन सापेक्ष रूप से ऐसे अधिक हिस्से को दर्शाता हो जो पर्याप्त रूप से कुल घरेलू उत्पादन को प्रदर्शित करता हो। इस प्रकार से एबी ने सामान्य और बिखरे उद्योग के लिए घरेलू उद्योग की परिभाषा में ''एक प्रमुख हिस्सा'' निर्धारित करने का सिद्धांत बताया है। इससे गारंटी मिलती है कि क्षति संबंधी निर्णय अनुचित या पक्षपात पूर्ण नहीं हैं और वह घरेलू उत्पादकों के विस्तृत आंकड़ों पर आधारित है। अनेक उत्पादकों के साथ बिखरे हुए क्षेत्र में ''एक प्रमुख हिस्सा'' उस हिस्से से कम हो सकता है जो कम बिखरे हुए उद्योग के लिए विशेष रूप से स्वीकार्य हो, क्योंकि सूचना एकत्रित करने में प्राधिकारी के लिए व्यावहारिक समस्याएं होती हैं। ऐसी स्थितियों में भी तथापि प्राधिकारी का यह दायित्व है कि घरेलू व्यवसाय की स्थापना की प्रक्रिया में बिक्री का कोई पर्याप्त खतरा न हो। सबूत का दायित्व घरेलू उद्योग को परिभाषित करने के दूसरे तरीके के अंतर्गत विसंगति बताने वाले शिकायतकर्ता पर है और उसे सिद्ध करना होगा कि घरेलू उद्योग की परिभाषा ''एक प्रमुख हिस्से'' के मापदंड का पालन नहीं करती है।

xviii. संगठित उद्योग के विशिष्ट परिदृश्य में ''एक प्रमुख हिस्से'' वाक्यांश को समान वस्तुओं के भारत के समग्र घरेलू उत्पादन के तुलनात्मक रूप से बड़े प्रतिशत के रूप में समझा गया है। इस आधार पर कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि वर्तमान घरेलू उद्योग एडी करार के अनुच्छेद 4.1 / एडी नियमावली के नियम 2(ख) के अंतर्गत कुल घरेलू उत्पादन के ''एक प्रमुख हिस्से'' की अपेक्षा को पूरा नहीं करता है। डब्ल्यूटीओ के एबी के ईसी - फास्टनर्स नियम के अनुसार मुख्य तर्क यह है कि 6 आवदेक घरेलू कंपनियों के संपूर्ण घरेलू उत्पादन का 27 प्रतिशत पूर्वोक्त

मानक को पूरा नहीं करता है। घरेलू उद्योग का तर्क है कि इसका कारण कानून और वास्तविकता में निराधार है।

xix. अनुच्छेद 4.1 / एडी नियमावली के नियम 2(ख) के अंतर्गत घरेलू उद्योग को परिभाषित करने का लक्ष्य यह गारंटी देना है कि क्षति संबंधी निर्णय घरेलू उत्पादकों के बारे में विस्तृत सूचना पर आधारित है और उसमें ईसी फास्टनर्स के डब्ल्यूटीओ के एबी द्वारा यथा उल्लिखित कोई गड़बड़ी या पक्षपात नहीं हुआ है।

xx. वर्तमान मामले में 6 घरेलू विनिर्माताओं जो आवेदक हैं, के लिए विस्तृत क्षति आंकड़े दिए गए हैं जो भारत में समान उत्पाद के कुल पात्र घरेलू उत्पादन के लगभग 27 प्रतिशत का उत्पादन करते हैं। इसके अलावा, आवेदन प्रस्तुत करनी वाली एसोसिएशन ने क्षमता, उत्पादन, मात्रा और बिक्रियों के मूल्य (घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों रूप से) के बारे में व्यापक स्तर पर क्षति आंकड़े प्रस्तुत किए हैं। प्राधिकारी ने आवेदन करने वाले 6 उत्पादकों तथा 6 समर्थकों जिन्होंने व्यापक स्तर पर क्षति आंकड़े दिए हैं, पर नियम 2(ख) के प्रयोजनार्थ घरेलू उद्योग का विश्लेषण करते समय भारत में घरेलू उद्योग की स्थिति के बारे में विचार किया है।

xxi. व्यापक स्तर पर क्षति के बारे में समर्थकों के आंकड़े 6 आवेदकों के क्षति आंकड़ों से सुमेलित हैं जैसा कि घरेलू उद्योग द्वारा क्षति संबंधी अनुरोधों से पता चलता है। अत: हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किया गया यह दावा कि केवल 6 आवेदक उत्पादक - जिनका मिलाकर कुल घरेलू उत्पादन में 27 प्रतिशत हिस्सा है - को नियम 2(ख) के अनुसार एक प्रमुख हिस्सा माना गया है, जो वास्तव में गलत है। प्राधिकारी ने भारत में घरेलू उद्योग की स्थिति का मूल्यांकन करने के लिए प्रमुख हिस्से का प्रयोग करने का निर्णय लिया है। सूक्ष्म और व्यापक स्तर पर क्षति संबंधी सूचना देने वाले 6 आवेदक घरेलू उत्पादक और 6 समर्थक भारत में संपूर्ण घरेलू उत्पादन का क्रमश: 35-45 प्रतिशत उत्पादित करते हैं।

xxii. यह निर्विवाद है कि भारत का पीसीबी व्यवसाय काफी बिखरा हुआ है जिसमें अधिकांश उत्पादक असंगठित क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। भारत में लगभग 200 पीयूसी उत्पादक हैं जिनमें से अधिकांश उत्पादक सूक्ष्म, लघु और मध्यम आकार के उद्यम (एमएसएमई) हैं और वे लेखांकन के रिकार्ड नहीं रखते हैं।

xxiii. इसके अलावा, ऐसे बाजार परिदृश्य में जिसमें काफी संख्या में उत्पादक हैं, उद्योग के लिए क्षति संबंधी सूचना प्राप्त करना कठिन है क्योंकि घरेलू उत्पादक बिखरे क्षेत्र का हिस्सा हैं। एडी करार के अनुच्छेद 4.1 / एडी नियमावली के नियम 2(ख) के अंतर्गत ''एक प्रमुख हिस्सा'' वाक्यांश प्राधिकारी को इस स्थिति में स्वीकार और वास्तविक रूप से व्यवहार्य तरीके से घरेलू उद्योग को परिभाषित करने का पर्याप्त अधिकार देता है। ईसी फास्टनर्स में डब्ल्यूटीओ के एबी के अनुसार ये परिदृश्य आपवादिक बाजार दशाओं की श्रेणी में आते हैं जिनमें प्राधिकारी यह निर्धारित करने के लिए स्वतंत्र हैं कि ''कुल घरेलू उत्पादन का एक प्रमुख हिस्सा'' कम बिखरे हुए बाजार में विशिष्ट रूप से अनुमति प्राप्त संख्या से कमतर प्रतिशत द्वारा उत्पादित किया जाता है।

xxiv. सर्वाधिक उल्लेखनीय यह है कि पैरा 430 में एबी ने पाया कि यूरोपीय फास्टनर्स उद्योग के बिखरे हुए स्वरूप को देखते हुए कुल घरेलू उत्पादन का 27 प्रतिशत जैसा कम प्रतिशत भी कुल घरेलू उत्पादन का तब एक प्रमुख हिस्सा माना जा सकता है जब ईसी द्वारा उद्योग को परिभाषित करने की प्रक्रिया और प्रौद्योगिकी गड़बड़ी का कोई वास्तविक जोखिम सृजित न करे। दूसरी ओर ईसी ने उस तरह से घरेलू उद्योग की परिभाषा का प्रयोग किया है कि क्षति विश्लेषण की गड़बड़ी का गंभीर जोखिम न हो।

xxv. एबी ने निर्धारित किया कि पूर्वोक्त मामले में ईसी के निष्कर्षों में दो बड़ी गलतियां थीं जो एडी करार के अनुच्छेद 4.1 के अनुसार अक्षम थीं पहली कि केवल 45 घरेलू उत्पादकों या कुल उत्पादन के 27 प्रतिशत को ऐसे 70 उत्पादकों जिन्होंने आयोग द्वारा निर्धारित समय-सीमा तक संगत क्षति आंकड़ें प्रस्तुत किए थे, में से घरेलू उद्योग की परिभाषा में शामिल किया गया था। शेष 25 घरेलू उत्पादकों के उत्तर और क्षति संबंधी आंकड़ों की आयोग ने अनदेखी की थी क्योंकि उन्होंने नमूने में शामिल होने से मना किया था। निर्णय में कहा गया कि आयोग की पद्धति से ऐसे उत्पादकों की संख्या घट गई जिनके आंकड़ों का प्रयोग क्षति आकलन में किया जा सकता था क्योंकि वह सीमित नमूना आकार था जो ऐसे उत्पादकों के बारे में था जो घरेलू उद्योग की परिभाषा में शामिल होना चाहते थे। यद्यपि संगत सूचना देने

वाले परंतु नमूने में शामिल होने के अनिच्छुक उत्पादकों को बाहर रखने की आयोग की रणनीति असंबंधित थी और उसे फास्टनर्स उद्योग के बिखरे स्वरूप को देखते हुए ऐसे व्यवहारिक अवरोधों द्वारा उचित नहीं कहा जा सकता है। फिर भी सूचना प्राप्त करने में व्यवहारिक सीमाएं घरेलू उद्योग की परिभाषा में घरेलू उत्पादकों के छोटे हिस्से को शामिल करने को उचित ठहरा सकती है।

xxvi. वास्तव में एडी नियमावली के नियम 2(ख) के अनुसार प्राधिकारी ने आरंभिक सूचना में स्पष्ट रूप से नहीं दर्शाया कि आवेदकों के 6 घरेलू उत्पादक और उनके 6 समर्थक घरेलू उद्योग के मानकों को पूरा करते हैं। अत: किसी भी उत्पादक को सूक्ष्म तथा व्यापक दोनों स्तरों पर संगत क्षति आंकड़े उपलब्ध कराने के बावजूद इस विशेष परिदृश्य में क्षति के अध्ययन से बाहर नहीं रखा गया है। इसके विपरीत घरेलू क्षेत्र में स्पष्ट रूप से कहा है कि इस मामले में प्रत्येक याचिकाकर्ता और समर्थक की क्षति के मूल्यांकन करने की जरूरत है। दूसरे जांच शुरूआत सूचना से ही यह स्पष्ट है कि इस मामले में प्राधिकारी ने 25 प्रतिशत के न्यूनतम बेंचमार्क पर प्रमुख हिस्से के परीक्षण को स्वयं पारित करने के साधन के रूप में विचार नहीं किया है।

xxvii. ईसी फास्टनर्स में एबी की रिपोर्ट ऊपर सूचीबद्ध कारणों के लिए घरेलू उद्योग की स्थिति का समर्थन करती है। हितबद्ध पक्षकारों ने केवल रिपोर्ट से कुछ पैराग्राफों पर भरोसा किया है जो इस मामले की विशिष्ट परिस्थितियों के आलोक में बहस की पूरी गंजाइश को मान्यता नहीं देते हैं।

xxviii. आईपीसीए के सदस्यों का एसक्यूएम में वास्तविक पीसीबी उत्पादन जो भारत के कुल घरेलू उत्पादन का लगभग 90 प्रतिशत है और पीओआई के दौरान अन्य भारतीय उत्पादकों का अनुमान केवल वकतव्यों के बजाय कुल उत्पादन की गणना का आधार है।

xxix. भारत में पीयूसी के घरेलू उत्पादन का 25 प्रतिशत से अधिक किसी पक्षकार के समर्थन के बिना 6 आवेदकों के उत्पादन से आता है। इसके अलावा, 6 आवेदक फर्मों और व्यवसायों का कुल उत्पादन जिन्होंने आवेदन का समर्थन किया है, भारत में पीयूसी के कुल उत्पादन का *** प्रतिशत बनता है जो घरेलू उद्योग की परिभाषा में उल्लिखित बड़े प्रतिशत की अपेक्षा को पूरा करता है। अत: ऐसी स्थिति में भी

जहां एटी एंड एस इंडिया को समर्थकों की सूची से हटा दिया जाए । याचिकाकर्ता की स्थिति अप्रभावित रहती है।

xxx. इसके अलावा, चूंकि समान वस्तु के किसी घरेलू उत्पादक ने डीआई के आवेदन का विरोध नहीं किया है। इसलिए यह समर्थकों का स्पष्ट समर्थन है जो मिलकर डीआई घटक द्वारा उत्पादित समान वस्तु के पूरे उत्पादन का 100 प्रतिशत है जो इसके लिए स्पष्ट समर्थन देता है। परिणामस्वरूप 50 प्रतिशत परीक्षण मापदंड के नियम 5(3) का स्पष्टीकरण पूरा होता है।

xxxi. इस मामले में एडीए के अनुच्छेद के 5.4 के अंतर्गत 25 प्रतिशत का निर्धारित परीक्षण और एडीए के अनुच्छेद 4.1 के अंतर्गत घरेलू उद्योग की परिभाषा के अधीन एक प्रमुख हिस्से की अपेक्षा पूरी होती है।

xxxii. असंगठित क्षेत्र में ''एक प्रमुख हिस्सा'' शब्दों का अर्थ प्राय: ईसी - फास्टनर्स मामले में डब्ल्यूटीओ अपीलीय निकाय के अनुसार समान वस्तु के भारत मे समग्र घरेलू उत्पादन का तर्कसंगत रूप से अधिक हिस्सा होता है। अपीलीय निकाय ने अनेक उत्पादकों वाले बिखरे हुए उद्योग में क्षति आंकड़ों को जुटाने में व्यवहानिक दिक्कतों को स्वीकार किया है परंतु उसने जांचकर्ता प्राधिकारी को तर्कसंगत और व्यवहारिक रूप से उपलब्धि योग्य आधार पर घरेलू उद्योग को परिभाषित करने की स्वतंत्रता भी दी है। यह निर्णय लिया गया था कि कुल घरेलू उत्पादन का एक प्रमुख हिस्सा ऐसी अद्वितीय स्थिति में उस स्तर से कम हो सकता है जो कम बिखरे बाजार में विशिष्ट रूप से अनुमति प्राप्त है। ईसी फास्टनर मामले के अनुसार इस जांच में कोई त्रुटि नहीं है।

xxxiii. प्राधिकारी के उचित सांख्यिकीय अधिकारी ने विस्तृत लागत सूचना देने के लिए 4 घरेलू उत्पादकों के नमूने को चुना है; घरेलू उद्योग ने किसी ऐसे उत्पादक को नहीं चुना जिसने लागत संबंधी विस्तृत आंकड़े दिये हों।

घ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

75. अन्य हितबद्ध पक्षकारों और घरेलू उद्योग द्वारा घरेलू उद्योग के दायरे के और स्थिति के संबंध में किए गए अनुरोधों की निम्नानुसार जांच और समाधान किया गया है:

76. यह आवेदन पीसीबी का निर्माण करने वाली अपनी सदस्य कंपनियों की ओर से दि इंडियन प्रिंटेड सर्किट एसोसिएशन (आईपीसीए) द्वारा दायर किया गया है। आवेदक एसोसिएशन ने दावा किया है कि उनकी सदस्य कंपनियों का पीओआई में कुल भारतीय उत्पादन में लगभग 80-90 प्रतिशत हिस्सा बनता है। आवेदन में निम्नलिखित कंपनियों द्वारा क्षति संबंधी विस्तृत आंकड़े उपलब्ध कराए गए थे -

i. एसेंट सर्किट प्रा. लिमिटेड

ii. इंडियन सर्किट प्रा. लिमिटेड

iii. बीपीएल लिमिटेड

77. यह आवेदन संबद्ध वस्तु के 9 अन्य उत्पादकों अर्थात एनोफोल फार ईस्ट एनोडाइजिंग प्राइवेट लिमिटेड, एटी एंड एस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, सिप्सा टेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, फिनलाइन सर्किट कंपनी, ओम सर्किट बोर्ड्स प्राइवेट लिमिटेड, पीसी प्रोसेस प्राइवेट लिमिटेड, मल्टीलाइन इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड, सिग्मा टेक्नोलॉजीज एंड सर्किट सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड द्वारा समर्थित है। समर्थक कंपनियों ने भी प्राधिकारी द्वारा यथा अपेक्षित समर्थकों के प्रपत्र में सूचना प्रस्तुत की है।

78. इसके बाद दिनांक 20 दिसंबर, 2022 के पत्र द्वारा आवेदक एसोसिएशन ने प्राधिकारी से यह अनुरोध किया कि भारतीय पीसीबी उद्योग के बिखरे स्वरूप को देखते हुए उनके द्वारा दायर आवेदन को व्यापार सूचना सं. 11/2021 दिनांक 18 जुलाई, 2021 द्वारा यथा संशोधित व्यापार सूचना सं. 09/2021 दिनांक 29 जुलाई, 2021 के अनुसार दायर किया गया माना जाए। उक्त व्यापार सूचना में यथा विहित संगत सूचना आवेदक एसोसिएशन ने दी थी। निम्नलिखित सदस्य कंपनियों के लिए व्यापार सूचना का अनुबंध-I प्रस्तुत किया गया था।

क. एसेंट सर्किट प्रा. लिमिटेड

ख. इंडियन सर्किट प्रा. लिमिटेड

ग. बीपीएल लिमिटेड

घ. मल्टीलाइन इलेक्ट्रॉनिक्स प्रा. लिमिटेड

ड. सिग्मा टेक्नोलॉजीज

च. इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया

79. उसी पत्र में 7 अन्य उत्पादकों अर्थात एनोफोल फार ईस्ट एनोडाइजिंग प्राइवेट लिमिटेड, एटी एंड एस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, सिप्सा टेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, फाइनलाइन सर्किट कंपनी, सर्किट बोर्ड प्राइवेट लिमिटेड, पीसी प्रोसेस प्राइवेट लिमिटेड और सर्किट सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड द्वारा स्पष्ट समर्थन प्रदान किया गया।

80. जांच शुरूआत अधिसूचना में घरेलू उद्योग और उसकी स्थिति को निम्नानुसार परिभाषित किया गया:-

"........13. संगत आंकड़े प्रदान करने वाली कंपनियों और आवेदन का स्पष्ट समर्थन करने वाली कंपनियों का कुल उत्पादन भारत में पीयूसी के कुल घरेलू उत्पादन का 39.82 प्रतिशत बनता है। अत: वर्तमान आवेदन एडी नियमावली के नियम 5 के साथ पठित नियम 2(ख) की अपेक्षा को पूरा करता है।

14. उपलब्ध सूचना के आधार पर प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट हैं कि आवेदन नियमावली के नियम 2(ख) और नियम 5(3) तथा व्यापार सूचना 11/2021 दिनांक 18 नवंबर, 2021 द्वारा यथा संशोधित व्यापार सूचना 09/2021 दिनांक 29 जुलाई, 2021 में दिए गए प्रावधानों के अनुसार घरेलू उद्योग द्वारा या उसकी ओर से किया गया है।"

81. प्राधिकारी ने दिनांक 4 मई, 2023 के ई-मेल द्वारा आवेदकों को सूचित किया कि व्यापार सूचना सं. 11/2021 दिनांक 18.11.2021 यथा संशोधित व्यापार सूचना सं. 09/2021 दिनांक 29.07.2021 के अंतर्गत 4 कंपनियों अर्थात एसेंट सर्किट प्रा. लिमिटेड, इंडियन सर्किट्स प्रा. लिमिटेड, बीपीएल लिमिटेड और सिग्मा टेक्नोलॉजीज को सूचना सं. 05/2021 दिनांक 29.07.2021 के प्रपत्र VI-1 से VI-5 में लागत संबंधी पूरी सूचना प्रस्तुत करने के लिए चुना गया है। उक्त कंपनियों को सांख्यिकीय रूप से वैध प्रति दर तकनीकों को अपनाने के बाद चुना गया है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि चुनी गई कंपनियों प्राधिकारी के निर्देशों का पालन किया और संगत सूचना प्रस्तुत की।

82. यह नोट किया गया है कि जांच शुरूआत के बाद दिनांक 15 मई, 2023 के पत्र द्वारा आवेदक एसोसिएशन ने प्राधिकारी को सूचित किया कि याचिका का एक समर्थक एटी एंड एस इंडिया प्रा० लि० (एटी एंड एस इंडिया) एटी एंड एस ग्रुप ऑफ कंपनीज वडर्ल्ड वाइड का हिस्सा है और उसकी निम्नलिखित संबंधी कंपनियां चीन जन. गण. और हांगकांग, जो वर्तमान जांच में संब8 देश हैं, में प्रिंटेड सर्किट बोर्डों और अन्य आईसी उत्पादों का उत्पादन और निर्यात कर रही हैं-

क. एटी एंड एस (चीन) कंपनी लिमिटेड, चीन
ख. एटी एंड एस (चोंगकिंग) कंपनी लिमिटेड, चीन
ग. एटी एंड एस एशिया पैसिफिक लिमिटेड, हांगकांग

83.आवेदक एसोसिएशन ने याचिका के समर्थकों की सूची में से एटी एंड एस इंडिया का नाम हटाने का अनुरोध प्राधिकारी से किया क्योंकि एटी एंड एस इंडिया के संबंधित समूह की विनिर्माता / निर्यातक कंपनियां संबद्ध देशों में स्थित हैं। चूंकि एटी एंड एस ने अपना समर्थन वापस ले लिया इसलिए प्राधिकारी एटी एंड एस इंडिया को समर्थक कंपनी नहीं मान रहे हैं।

क. क्या आवेदक एडी नियमावली 1995 के नियम 2(ख) के अंतर्गत घरेलू उद्योग हैं?

84.कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया कि वर्तमान घरेलू उद्योग एडी नियमावली के नियम 2(ख) के अंतर्गत कुल घरेलू उत्पादन के "एक प्रमुख हिस्से" के मानक को पूरा नहीं करता है। अनिवार्य तर्क यह था कि 6 आवेदक घरेलू उत्पादकों द्वारा कुल घरेलू उत्पादन का 27 प्रतिशत डब्ल्यूटीओ अपीलीय निकाय के ईसी - फास्टनर्स निर्णय के आधार पर उक्त परीक्षण को पूरा नहीं करता है।

85.घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया कि 6 समर्थकों सहित 6 आवेदक घरेलू उत्पादक जिन्होंने क्रमश: सूक्ष्म और व्यापर स्तर पर क्षति की जानकारी दी है और जो भारत में कुल घरेलू उत्पादन का 35-45 प्रतिशत हिस्सा है, को प्राधिकारी द्वारा भारत में घरेलू उद्योग की

स्थिति के आकलन के लिए एक प्रमुख हिस्सा माना जाना चाहिए। आवेदकों ने ईसी फास्टनर्स डब्ल्यूटी/डीएस397 में अपीलीय निकाय की रिपोर्ट का उल्लेख किया है। आवेदकों ने बिखरे उद्योगों के कुछ पूर्व के भारतीय अंतिम जांच परिणामों का भी उल्लेख किया है - (1) चीन से ग्लेज्ड / अनग्लेज्ड और पॉर्सिलीन / विट्रीफाइट टाइल की पाटनरोधी जांच जिसमें प्राधिकारी ने 26.38 प्रतिशत को माना है, (2) चीन जन. गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यातित फिनिंश नेट की पाटनरोधी जांच जिसमें प्राधिकारी ने 25 प्रतिशत से अधिक को माना है; (3) बांग्लादेश और नेपाल के मूल के अथवा वहां से निर्यातित जूट उत्पादों के आयातों से निर्णायक समीक्षा जांच जिसमें प्राधिकारी ने आवेदक के कुल घरेलू उत्पादन के 27.46 प्रतिशत पर विचार किया है और समर्थकों के 12.44 प्रतिशत के हिस्से पर नियम 5(3) के अंतर्गत स्थिति संबंधी अपेक्षाओं और नियम 2(ख) के अंतर्गत घरेलू उद्योग की परिभाषा की अपेक्षाओं को पूरा करने वाला माना है।

86.एडी नियमावली 1995 के नियम 2(ख) घरेलू उद्योग को निम्नानुसार परिभाषित करता है: -

ख) "घरेलू उद्योग" का तात्पर्य ऐसे समग्र घरेलू उत्पादकों से है जो समान वस्तु के विनिर्माण और उससे जुड़े किसी कार्यकलाप में संलग्न हैं अथवा उन उत्पादकों से है, जिनका उक्त वस्तु का सामूहिक उत्पादन उक्त वस्तु के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा बनता है, परन्तु जब ऐसे उत्पादक कथित पाटित वस्तु के निर्यातकों या आयातकों से संबंधित होते हैं या वे स्वयं उसके आयातक होते हैं। ऐसे मामले "घरेलू उद्योग" शेष उत्पादकों को समझा जाएगा।

87. इस संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि भारत में पीसीबी उद्योग असंगठित है और अधिकांश विनिर्माता असंगठित क्षेत्र में हैं। भारत में पीयूसी के लगभग 200 उत्पादक हैं और अधिकांश उत्पादक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के हैं और विस्तृत लेखा पुस्तकें नहीं रखते हैं। इसके अलावा, चूंकि घरेलू उत्पादक बिखरा हुए उद्योग से हैं। इसलिए बड़ी संख्या में उत्पादकों वाली बाजार की स्थिति में उद्योग से क्षति संबंधी सूचना देना मुश्किल है। ऐसे मामले में एडी करार के अनुच्छेद 4.1 और एडी नियमावली के नियम 2(ख) के अर्थ के भीतर "एक प्रमुख हिस्से" शब्द तर्कसंगत और व्यवहारिक रूप से संभव

विकल्प के आलोक में प्राधिकारी को घरेलू उद्योग को परिभाषित करने में कुछ लोचशीलता प्रदान करता है।

88.**ईसी फास्टनरों डब्ल्यूटी/डीएस397 (पैरा 415 डब्ल्यूटीओ)** में डब्ल्यूटीओ अपीलीय निकाय ने यह भी माना है कि खंडित उद्योगों में, प्राधिकरण को "घरेलू उद्योग" को उचित और व्यावहारिक रूप से संभव के आलोक में परिभाषित करने के लिए कुछ लचीलापन प्रदान किया गया है। खंडित उद्योगों के मामले में जो बड़ा हिस्सा बनता है वह सामान्यतः स्वीकार्य अनुपात से कम हो सकता है। अपीलीय निकाय के निर्णय से प्रासंगिक अंश निम्नानुसार निकाला गया है:

"415. हम मानते हैं कि घरेलू उत्पादकों के संबंध में जानकारी प्राप्त करना कठिन हो सकता है, विशेष रूप से विशेष बाजार स्थितियों में, जैसे कि कई उत्पादकों वाला खंडित उद्योग। ऐसे विशेष मामलों में, अनुच्छेद 4.1 के अर्थ में "एक प्रमुख अनुपात" का उपयोग एक जांच प्राधिकरण को उचित और व्यावहारिक रूप से संभव के आलोक में घरेलू उद्योग को परिभाषित करने के लिए कुछ लचीलापन प्रदान करता है। घरेलू उत्पादकों के बारे में जानकारी प्राप्त करने की प्राधिकरण की क्षमता पर व्यावहारिक बाधा का मतलब यह भी हो सकता है कि, ऐसे विशेष मामलों में, जो "कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा" बनता है, वह कम खंडित बाजार में सामान्य रूप से स्वीकार्य से कम हो सकता है। "

89.प्राधिकरण नोट करता है कि छह आवेदक एटी एंड एस इंडिया सहित और छोड़कर कुल भारतीय उत्पादन में 25% से अधिक का योगदान करते हैं।

90.निम्नलिखित तालिका समान वस्तु के घरेलू उत्पादकों के उत्पादन आंकड़ों की गणना करती है जैसा कि शुरुआत के चरण में माना गया था:

विवरण	**पीओआई**	
	उत्पादन (एसक्यूएम)	**सही हिस्सा (%)**
आवेदक कंपनियां	1,397,243	>25%
समर्थक कंपनियां	***	***

आवेदक कंपनियां + समर्थक कंपनियां	***	35-40%
कुल भारतीय उत्पादन	***	100%

91.यह देखा गया है कि कुल घरेलू उत्पादन में आवेदकों का हिस्सा कुल घरेलू उत्पादन का 25 प्रतिशत से अधिक था।

92.दूसरी शर्त के संबंध में यह नोट किया जाता है कि केवल ऐसे घरेलू उत्पादकों की मात्रा पर विचार करना है जिन्होंने आवेदन का समर्थन या विरोध किया है क्योंकि किसी भी उत्पादक ने जांच शुरूआत के स्तर पर आवेदन का स्पष्ट विरोध नहीं किया है। इसलिए यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि आवेदन 100 प्रतिशत घरेलू उत्पादकों द्वारा समर्थित है जिन्होंने आवेदन का ''या तो समर्थन या तो विरोध'' किया है। इसके अलावा, आवेदन आईपीसीए द्वारा दायर किया गया था जिसकी सदस्य कंपनियों भारत में कुल घरेलू उत्पादन में लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा बनता है। इस प्रकार एडी नियमावली 1995 की नियम 5(3) के दूसरी चरण की अपेक्षा भी पूरी होती है।

93.यह भी नोट किया गया है कि बाद में एक समर्थक एटी एंड एस इंडिया से समर्थन वापस हो गया था। निम्नलिखित तालिका समान वस्तु के घरेलू उत्पादकों के उत्पादन आंकड़ों को दर्शाती है जिन पर एटी एंड एस इंडिया द्वारा समर्थन की वापसी के बाद विचार किया गया था।

विवरण	**पीओआई**		
		हिस्सा (%)	
	उत्पादन (एसक्यूएम)	**कुल भारतीय उत्पादन में एटी एंड एस उत्पादन सहित**	**कुल भारतीय उत्पादन में एटी एंड एस उत्पादन को छोड़कर**
आवेदक कंपनियाँ	1,399,426	***	27.29%

समर्थक कंपनियाँ	***	***	***
आवेदक कंपनियाँ + समर्थक कंपनियाँ	***	**30-35%**	**35-40 %**
एटी एंड एस इंडिया सहित कुल भारतीय उत्पादन	***	100%	
एटी एंड एस इंडिया को छोड़कर कुल भारतीय उत्पादन	**5,139,186**		100%

94. यह देखा गया है कि 6 आवेदकों का एटी एंड एस इंडिया के उत्पादन सहित और उसे छोड़कर दोनों स्थिति में भारत में पीयूसी के कुल घरेलू उत्पादन में 25 प्रतिशत से अधिक हिस्सा बनता है। यह भी नोट किया गया है कि 6 कंपनियों के साथ आवेदक का एटी एंड एस इंडिया के उत्पादन सहित और उसे छोड़कर दोनों स्थिति में भारत में कुल घरेलू उत्पादन में 30-35 प्रतिशत के आसपास हिस्सा बनता है। इसके अलावा, किसी भी आवेदक और समर्थक कंपनी ने विचाराधीन उत्पाद का आयात नहीं किया है और न ही वे विचाराधीन उत्पाद के किसी आयातक या निर्यातक से संबंधित हैं।

95. भले ही डीआई की स्थिति के संबंध में इच्छुक पार्टियों के तर्क को स्वीकार कर लिया जाए, डब्ल्यूटी/डीएस397 में ईसी-फास्टनरों में डब्ल्यूटीओ पैनल ने माना है कि खंडित उद्योग के मामलों में, एक बड़ा हिस्सा सामान्य से कम हो सकता है अनुमति योग्य.

96. इस प्रकार प्राधिकारी यह मानने का प्रस्ताव करते हैं कि आवेदक कंपनियां एडी नियमावली के नियम 2(ख) के अर्थ के भीतर घरेलू उद्योग हैं और मानते हैं कि आवेदन एडी नियमावली के नियम 5(3) के अनुसार स्थिति संबंधी मानदंडों को पूरा करता है।

97. कुल भारतीय उत्पादन के सही होने के बारे में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दी गई दलीलों के संबंध में यह नोट किया गया है कि पीसीबी और कुल भारतीय उत्पादन आईपीसीए द्वारा उपलब्ध कराया गया था। आईपीसीए, पीसीबी विनिर्माताओं की एसोसिएशन है और उन्होंने प्रत्येक सदस्य कंपनी के ब्यौरों को जोड़ने के बाद भारतीय उत्पादन के ब्यौरे उपलब्ध कराए

हैं। प्रत्येक सदस्य कंपनी को आईपीसीए द्वारा पत्र भेजा गया था और उनके उत्पादन के ब्यौरे मांगे गए थे। इसके अलावा, प्राधिकारी नोट करते हैं कि अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने कुल भारतीय उत्पादन के सही होने पर संदेह जताया था और अन्य भारतीय उत्पादकों की एक सूची भी दी थी। तथापि, ये अपने दावे के समर्थन में कोई आंकड़े/साक्ष्य देने में विफल रहे थे। प्राधिकारी ने सभी अन्य उत्पादकों को ई-मेल भी भेजे थे जिनके अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा पीसीबी का उत्पादक होने का दावा किया गया था। तथापि, ऐसे उत्पादकों से कोई उत्तर नहीं मिला। प्राधिकारी ने पूर्व में ही यदि संबंधित एसोसिएशन द्वारा उपलब्ध कराया जाए तो कुल भारतीय उत्पादन पर विचार किया है और वर्तमान जांच में भी उसी आधार पर विचार किया गया है।

98. कुछ पक्षकारों ने तर्क दिया है कि आवेदकों ने कंपनियों को स्वयं चुना है और क्षति के आंकड़े उपलब्ध कराए हैं। यह नोट किया जाए कि प्राधिकारी ने वैध नमूना तकनीक अपनाकर लागत निर्धारण संबंधी सूचना के ब्यौरे उपलब्ध कराने के लिए कंपनियों का चयन किया है।

99. कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने कंपनियों के एमएसएमई दर्जे संबंधी चिंता जताई है। यह नोट किया जाए कि किसी उद्योग में यह आवश्यक नहीं है कि सभी कंपनियां एमएसएमई श्रेणी में आनी चाहिए ताकि वे एमएसएमई के रूप में पात्र उद्योग बन सके। यह भी नोट किया गया है कि पीसीबी उद्योग में कुछ बड़ी कंपनियां है जो केवल 5 से 10 के बीच होंगी। शेष उत्पादक एमएसएमई श्रेणी में आते हैं।

100. कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि पीसीबी का भारतीय उद्योग बिखरा हुआ है और भारत में पीसीबी के लगभग 200 सदस्य विनिर्माता हैं। तब कैसे 6 कंपनियों का हिस्सा भारतीय उत्पादन में 25 प्रतिशत से अधिक हो सकता है। रिकार्ड की सूचना से यह नोट किया जाए कि ऐसे कुछ विनिर्माता हैं जिनके पास अकेले कुल भारतीय उत्पादन का 5-6 प्रतिशत हिस्सा है और शेष के पास 1 से 2 प्रतिशत का हिस्सा है। चूंकि जांच में भाग लेने वाली कंपनियों का अलग-अलग 5-6 प्रतिशत हिस्सा है इसलिए केवल 6 कंपनियां 25 प्रतिशत से अधिक हिस्सा रखने में सक्षम हैं।

ड. **<u>विविध अनुरोध</u>**

<u>गोपनीयता</u>

ड.1 **<u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध</u>**

गोपनीयता के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

101. किसी पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर दी गई समस्त सूचना तब तक गोपनीय नहीं होती है जब कि प्राधिकारी उसे स्वीकार न करे और उसे उचित न ठहराए।

102. आवेदक उद्योग ने व्यापार सूचना 10/2018, व्यापार सूचना 1/2023 और एडी नियमावली के नियम 7 के घोर उल्लंघन में गोपनीयता का दावा किया है।

103. घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित के संबंध में व्यापार सूचना 10/2018 के अनुसार वास्तविक आंकड़े उपलब्ध नहीं कराकर अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है - बिक्री की मात्रा, बिक्री मूल्य, कर्मचारियों की संख्या , प्रति दिन उत्पादकता, मालसूची, उत्पादन के दिनों की संख्या में मालसूची, बिक्री के दिनों की संख्या के रूप में मालसूची, प्रति इकाई पीबीआईटी - घरेलू बिक्रिया, कुल पीबीआईटी - घरेलू बिक्रियां, ब्याज / वित्त लागत - घरेलू बिक्री, मूल्य ह्रास और अंश शोधन व्यय और जुटाई गई निधियां।

104. याचिकाकर्ता के लिए व्यापार सूचना 1/2023 के अनुसार वार्षिक रिपोर्ट और तुलन पत्र प्रदान करना अपेक्षित है। इसके अलावा, आवेदन के समर्थकों के लिए व्यापार सूचना 13/2018 द्वारा विनिर्दिष्ट तरीके से सूचना देना अपेक्षित है जो नहीं दी गई है।

105. अनुरोध के उत्तर में और मौखिक सुनवाई में जताई गई विशेष चिंताओं के उत्तर में आवेदक उद्योग ने पहली बार दिनांक 09.09.2023 के पत्र के रूप में आंशिक जानकारी दी है। तथापि, याचिकाकर्ता अब भी सही सूचना नहीं दी है और बिक्री मूल्य, पीबीआईटी और जुटाई गई निधियों की ऐसी सूचना को गोपनीय होने का दावा किया है।

106. घरेलू उद्योग ने याचिका के खंड VI (लागत निर्धारण सूचना) के उत्तर में कोई सूचना नहीं दी है। याचिकाकर्ता ने बेसवार आयात विवरण - वास्तविक और समायोजित, भारतीय उत्पादन के विवरण, समर्थन पत्र, सामान्य मूल्य की गणना, सौदावार कीमत कटौती, कम कीमत पर बिक्री और पाटन मार्जिन तथा उत्पादन फ्लो चार्ट के संबंध में भी गोपनीयता का दावा किया है। इसके अलावा, याचिकाकर्ता ने 38 प्रतिशत के समयोजन अनुपात के आधार के लिए कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है या केवल क्षति विश्लेषण की अवधि के लिए पहली तीन अवधि के लिए आंकड़े क्यों समायोजित किए गए हैं - अंतिम अवधि के लिए नहीं, इसका विवरण नहीं दिया है।

107. आवेदक उद्योग ने 9 सितंबर, 2023 के पत्र में आईपीसीए के 136 सदस्यों के केवल नाम बताए हैं। आवेदक उद्योग ने आवेदन में दावा है कि भारत में लगभग 200 पीयूसी उत्पादक हैं। परणिामस्वरूप आवेदक उद्योग ने पीयूसी के 64 भारतीय उत्पादकों (आईपीसीए के गैर सदस्यों) के नाम भी उपलब्ध नहीं कराए हैं।

108. घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से को गोपनीय नहीं माना जा सकता है; यह सूचना वास्तविक प्रतिशत हिस्से या प्रतिशत हिस्से की रेंज के रूप में प्रकट नहीं की गई है। घरेलू उद्योग ने क्षति जांच अवधि के दौरान बाजार हिस्से के रुझान को बताने के लिए याचिका में सूचीबद्ध आंकड़े उपलब्ध कराए हैं।

ड.2 <u>घरेलू द्वारा किए गए अनुरोध</u>

घरेलू उद्योग ने गोपनीयता के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

109. घरेलू उद्योग ने सार्वजनिक सुनवाई से पहले रुझानों/सूचीबद्ध रूप में निम्नलिखित के लिए आंकड़ों का अगोपनीय सारांश उपलब्ध कराया है: बाजार हिस्सा, ब्याज लागत, पीबीआईटी, कुल और प्रति इकाई बिक्री की मात्रा और मूल्य, मूल्य ह्रास / अंश शोधन और पीबीआईटी। अत: किसी भी हितबद्ध पक्षकार का क्षति संबंधी तर्क देने का प्रभावित नहीं हुआ है।

110. दिनांक 09.09.2023 को घरेलू उद्योग ने मौखिक सुनवाई के दौरान हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों के उत्तर में गोपनीयता संबंधी टिप्पणियां प्रस्तुत की थी। उक्त पत्र में बिक्री मात्रा, ब्याज/वित्त लागत - घरेलू बिक्रियां, मूल्य ह्रास और ऋण शोधन व्यय - घरेलू बिक्रियों के सकल वास्तविक ब्यौरे दिए गए थे। आईपीसीए के 126 सदस्यों और अन्य 72 उत्पादकों जिन पर कुल भारतीय उत्पादन के निर्धारण हेतु विचार किया गया है, प्रदान किए गए हैं। उक्त पत्र में समर्थकों से संबंधित आंकड़े रुझानों में दिए गए हैं। याचिकाकर्ता ने 136 सदस्यों के ई-मेल पतों और अन्य संपर्क सूचना के साथ प्राधिकारी को भी प्रदान किए हैं।

111. जुटाई गई निधियों का प्रकटन नहीं करने के संबंध में यह सूचना अद्यतन याचिका प्रपत्र के अनुसार अब अपेक्षित नहीं है। परिणामस्वरूप याचिकाकर्ता ने कोई उल्लंघन नहीं किया है।

112. संवेदनशील सामग्री के प्रकटन के लिए व्यापार सूचना 10/2018 में प्रदत्त दिशानिर्देश सख्त नहीं हैं; बल्कि वे इस मामले में पर्याप्त स्वतंत्रता देते हैं कि एडी नियमावली के नियम 7 के अंतर्गत अपनी शक्ति का प्रयोग कैसे किया जाए। व्यापार सूचना की पैरा 4 के अनुसार प्राधिकारी के पास विशिष्ट स्थितियों में विचलन प्रदान करने की शक्ति है। बशर्ते कि अनुरोध करने वाला पक्षकार वैध कारण का साक्ष्य दे सकता हो।

113. चूंकि अनेक आवेदक फर्में समान पीसीबी प्रकारों का उत्पादन और बिक्री करती है। इसलिए यदि वास्तविक सकल बिक्री मूल्य और पीबीआईटी बताया जाता है तो अन्य हितबद्ध पक्षकारों को प्रतिस्पर्धी लाभ मिल जाएगा। इसलिए वास्तविक आंकड़ों के गोपनीय होने का दावा किया गया है। प्राधिकारी ने हाल में संपन्न स्टेनलेस स्टील मामले में गोपनीयता के इसी तरह के दावों की अनुमति दी है जिसमें 3 या उससे अधिक आवेदक उत्पादक शामिल थे।

114. घरेलू उद्योग की लागत एक व्यवसाय स्वामित्व और संवदेनशील प्रपत्र की सूचना है जिसका सारांश संभव नहीं है। इसके अलावा व्यापार सूचना में घरेलू उद्योग की लागत सूचना के प्रकटन का प्रावधान नहीं है। प्रक्रिया के अनुसार प्राधिकारी लागत प्रपत्रों में सूचना

की गोपनीयता के दावे की अनुमति देते रहे हैं। इसके अलावा बीपीएल जैसी पब्लिक लिस्टेड कंपिनयों की वार्षिक रिपोर्ट याचिका के भाग के रूप में दी गई है। प्राइवेट लि० कंपनियों की वार्षिक रिपोर्टे जो डाउनलोड के लिए मुक्त रूप से और सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है, के इस जांच में प्राधिकारी द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया के आधार गोपनीय होने का दावा किया गया है। याचिकाकर्ता स्टेनलेस स्टील सीमलेस स्टील ट्यूबों और पाइपों के आयातों से संबंधित पाटनरोधी जांच में दायर याचिका पर भरोसा करता है जिसमें यद्यपि दो से अधिक उत्पादक थे। तथापि आवेदक प्राइवेट कंपनियों के वित्तीय विवरणों और लागत प्रपत्रों के गोपनीय होने का दावा किया गया था जिसे प्राधिकारी ने स्वीकार किया था।

ड.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

115. प्राधिकारी ने नियम 6(7) और व्यापार सूचना 1/2020 के साथ पठित व्यापार सूचना 10/2018 दिनांक 7 सितंबर, 2018 के अनुसार (प्राधिकारी क्षरा अगली सूचना तक यथा विस्तारित) । सभी हितबद्ध पक्षकारों को विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत सूचना का अगोपनीय अंश उपलब्ध कराया था।

116. सूचना की गोपनीयता के बारे में पाटन-रोधी नियमावली के नियम 7 में उल्लिखित प्रावधान निम्नानुसार है:

"गोपनीय सूचना - (1) नियम 6 के उपनियमों (2), (3) और (7), नियम 12 के उपनियम (2), नियम 15 के उपनियम (4) और नियम 17 के उपनियम (4) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी जांच की प्रक्रिया में नियम 5 के उपनियम (1) के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के प्रतियां या किसी पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर निर्दिष्ट प्राधिकारी को प्रस्तुत किसी अन्य सूचना के संबंध में निर्दिष्ट प्राधिकारी उसकी गोपनीयता से संतुष्ट होने पर उस सूचना को गोपनीय मानेंगे और ऐसी सूचना देने वाले पक्षकार से स्पष्ट प्राधिकार के बिना किसी अन्य पक्षकार को ऐसी किसी सूचना का प्रकटन नहीं करेंगे।

(2) निर्दिष्ट प्राधिकारी गोपनीय अधिकारी पर सूचना प्रस्तुत करने वाले पक्षकारों से उसका अगोपनीय सारांश प्रस्तुत करने के लिए कह सकते हैं और यदि ऐसी सूचना प्रस्तुत करने वाले किसी पक्षकार की राय में उस सूचना का सारांश नहीं हो सकता है तो वह पक्षकार निर्दिष्ट प्राधिकारी को इस बात के कारण संबंधी विवरण प्रस्तुत करेगा कि सारांश करना संभव क्यों नहीं है।

(3) उप नियम (2) में किसी बात के होते हुए भी यदि निर्दिष्ट प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट है कि गोपनीयता का अनुरोध अनावश्यक है या सूचना देने वाला या तो सूचना को सार्वजनिक नहीं करना चाहता है या उसकी सामान्य रूप में या सारांश रूप में प्रकटन नहीं करना चाहता है तो वह ऐसी सूचना पर ध्यान नहीं दे सकते हैं।"

117. गोपनीयता के संबंध में घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों की संगत समझी गई सीमा तक प्राधिकारी जांच की गई थी और तदनुसार समाधान किया गया था। संतुष्ट होने पर प्राधिकारी ने जहां अवश्यक हो, गोपनीयता के दावे को स्वीकार किया है और ऐसी सूचना को गोपनीय माना है तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को उसका प्रकटन नहीं किया है। जहां संभव हो गोपनीय आधार पर सूचना प्रस्तुत करने वाले पक्षकारों से गोपनीय आधार प्रस्तुत सूचना के पर्याप्त अगोपनीय अंश प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि सभी हितबद्ध पक्षकारों ने अपनी व्यापार संवेदनशील सूचना के गोपनीय होने का दावा किया है।

<u>पीओआई, क्षति अवधि और यूओएम संबंधी अन्य विविध अनुरोध</u>

ड.4 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध</u>

अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित विविध अनुरोध किए गए हैं:

118. यदि जांच में पीओआई जुलाई, 2021 से जून, 2022 तक की है तो क्षति अवधि 2019-20, 2020-21, 2021-22 और पीओआई होनी चाहिए। यदि 2019-20 को आधार वर्ष माना गया था तो उसमें प्रमुख आर्थिक मापदंडों के आधार पर घरेलू उद्योग के निष्पादन में तेजी से वृद्धि हुई होगी। व्यापार सूचना सं. 02/2004 की अपेक्षाओं का कड़ाई से पालन होना चाहिए और घरेलू उद्योग को कोई लोचशीलता या सहानुभूतिपूर्ण विचार नहीं दिया जाना चाहिए।

119. क्षति अवधि में अप्रैल, 2020 से जून, 2021 की अवधि पीओआई से तत्काल पहले की अवधि के रूप में शामिल है। इस प्रकार अप्रैल, 2020 से जून, 2020 और अप्रैल, 2021 से जून, 2021 की तिमाही के दौरान आर्थिक मानदंडों में गिरावट कोविड के प्रतिकूल प्रभाव

के कारण हुई थी और इसलिए आर्थिक मानदंडों के मूल्यांकन हेतु इसे क्षति जांच अवधि के मूल्यांकन से बाहर रखा जाना चाहिए।

120. प्राधिकारी ने भारत में आयात के आंकड़ों और घरेलू उद्योग के निष्पादन पर सभी पाटनरोधी जांचों में वास्तविक क्षति के आंकलन हेतु माप की सभी इकाई पर भरोसा किया है। इसके विपरीत घरेलू क्षेत्र में अपनी याचिका में समस्त सूचना वर्ग मीटर में दी है।

121. घरेलू उद्योग ने बताया है कि समग्र आयात आंकड़े संख्या में प्रस्तुत किए गए हैं क्योंकि उनके पास वर्ग मीटर में आंकड़ों की पहुंच नहीं है। फिर भी यह स्पष्ट है कि माप की असंगत इकाई के प्रयोग से ऐसे प्रतिनिधि आंकड़े मिलना असंभव जो आयात और घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति के बीच स्पष्ट कारणात्मक संबंध स्थापित कर दें।

122. आवेदन में स्वीकार किया गया है कि पीयूसी का प्रस्ताव ''संख्या'' में किया जाता है। इसके बावजूद आवेदक ने पाटन क्षति और कारणात्मक संबंध के मामलों की गैर मौजूदगी दिखाने के लिए वर्ग मीटर में मात्राओं को बदलकर क्षति मापदंडों के अधिक होने संबंधी सूचना प्रस्तुत की है।

123. रक्षा के रूप में गंभीर कठिनाई मामले की शुरूआत को उचित ठहराने तक सीमित है और न कि उसे पूर्ण करने के लिए।

ड.5 <u>घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध</u>

घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित विविध अनुरोध किए हैं:

124. वर्तमान जांच में घरेलू उद्योग यह आश्वस्त किया है कि जांच अवधि और जांच क्षति अवधि के पूर्ववर्ती वर्ष में कोई अंतर नहीं है। अत: पीओआई और वर्तमान जांच में चुनी गई क्षति अवधि कानून में निर्धारित प्रावधानों का उल्लंघन नहीं हे और प्राधिकारी द्वारा निर्धारित पूर्व उदाहरण के विरुद्ध नहीं है।

125. यदि कोई अलग क्षति अवधि चुनी जाती तो क्षति विश्लेषण के अलग निष्कर्ष होते। यह बात इसी साक्ष्य या आधार के बिना एक अनुमान मात्र है। व्यापार सूचना का पैरा 2 (iii) जांच अवधि की चर्चा करता है और यह कि क्षति अवधि पीओआई से पहले तीन वित्तीय वर्ष होने चाहिए। इसमें यह भी बताया गया है कि यदि दोनों के बीच अतिव्यापन हो, तो भी पीओआई और क्षति अवधि के बीच कोई अंतर नहीं होना चाहिए। अत: वर्तमान जांच में चुनी गई पीओआई और क्षति अवधि व्यापार सूचना सं. 2/2004 में निर्धारित प्रावधानों का उल्लंघन नहीं है।

126. अनेक जांचों में जो वर्तमान जांच के समय पर ही लगभग शुरू की गई थीं। क्षति अवधि और पीओआई वर्तमान जांच की तरह ही हैं।

127. केवल अंतिम बिंदु से अंतिम बिंदु की तुलना की अनुमति नहीं है क्योकि यह पूरी तस्वीर या संबद्ध देशों से आयातों के समग्र रुझान नहीं दर्शाता है। यदि प्राधिकारी को केवल पीओआई और आधार वर्ष के आंकड़ों की चुनिंदा रूप से तुलना की अनुमति दी जाए तो ऐसे आधार पर निष्कर्ष में गड़बड़ी हो सकती है। ऐसी कोई प्रक्रिया क्षति अवधि के समग्र रुझानों पर विचार करने की प्राधिकारी की स्थापित प्रक्रिया से असंगत है।

128. वर्तमान मामले में आयात आंकड़े संख्या में उपलब्ध है। तथापि, संख्या में माप की इकाई एक अव्यवहारिक और यह देखते हुए एक अबुद्धिमत्तापूर्ण नीति है कि वर्तमान जांच घरेलू उद्योग और संबद्ध देश से निर्यातकों द्वारा उत्पादित और बेची गई पीयूसी के लिए लागत और कीमत मानदंडों की तुलना वाला पाटन का एक निर्धारण है। घरेलू उद्योग और निर्यातकों द्वारा उत्पादित और बेचे गए पीसीबी आकार में सैकड़ों वर्ग मिलीमीटर से कुछ वर्ग मिलीमीटर तक के अंतर में हो सकते हैं। वास्तव में भारत और चीन में स्थित उत्पादकों सहित विश्व भर के पीसीबी के सभी उत्पादक विनिर्देशन रूपरेखा में उपभोक्ता द्वारा आर्डर किए गए पीसीबी के वर्ग मीटर के आधार पर पीसीबी की लागत और कीमत ज्ञात करते हैं। एक बात उपभोक्ता के आर्डर पर एसक्यूएम पर आधारित पीसीबी की लागत और कीमत ज्ञात होने पर उद्धरित और बीजक में दर्ज पीसीबी के एसक्यूएम की पृष्ठभूमि सूचना पर आधारित उद्धरण और बीजक की प्रशासनिक सुविधा के लिए केवल प्रति संख्या कीमत निकाली जाती है। यदि ड्राइंग में एसक्यूएम की मूल सूचना बदली जाती है तो प्रति

संख्या में उद्धरण और कीमत का कोई अर्थ नहीं होगा और वे त्रुटिरहित नहीं रहेंगे। यही कारण है कि घरेलू उद्योग ने संख्याओं के बजाय एसक्यूएम के अनुसार आंकड़े देने के लिए व्यापर प्रयास किए।

129. एसक्यूएम के रूप में माप की इकाई का सुझाव देते समय घरेलू उद्योग ने सूचना की पद्धति का भी सुझाव दिया था जिसमें ऐसे दस्तावेज शामिल थे (सभी अपेक्षित विनिर्देशन देते हुए भाग संख्या के रूप में उपभोक्ता ड्राइंग) जिनके आधार पर सभी उत्पादकों द्वारा एसक्यूएम सूचित हो सकते हैं क्योंकि विश्व भर में पीसीबी के व्यापार में ये मानक दस्तावेज है।

130. घरेलू उद्योग ने अपने सभी मापदंड और क्षति सूचना एसक्यूएम में दी है जो वर्तमान मामले में निर्विवाद रूप से सही यूओएम है। वर्तमान मामल में घरेलू उद्योग के सामने आई एक मात्र कठिनाई आयात आंकड़ों का संख्या में होना था और परिणामी मांग (आयात और स्थानीय घरेलू उत्पादक की बिक्रियों का योग) थी जिसे आयात आंकड़ों के लाइन मदों के लिए एसक्यूएम में परिवर्तन के लिए पर्याप्त विवरण के बिना संख्या में उपलब्ध कराए जाने के कारण एसक्यूएम में ज्ञात नहीं किया जा सकता था। इस वास्तविक कठिनाई के कारण मांग का आकलन मूल्य रूप में किया गया जिसके लिए आयात मूल्य और घरेलू उद्योग के बिक्री मूल्य भारत में कुल मांग के आकलन के लिए संचयी बनाए जा सकते थे।

131. संख्या में माप की इकाई का सुझाव चीन के अन्य निर्यातकों और यहां तक निर्यातकों की एसोसिएशन सीसीसीएमई की निर्विवाद दृष्टिकोण के विपरीत है जो इस मामले में भाग ले रही है कि वर्तमान मामले में संख्या तुलना का आधार नहीं हो सकती है। यह सुझाव नहीं दिया गया है कि संख्या के आधार पर पीसीएन कैसे बनाया जा सकता है। ऐसा लगता है कि पीयूसी के मूल प्रकृति और विशेषताओं को हितबद्ध पक्षकारों ने समझा नहीं है।

ड.6 प्राधिकारी द्वारा जांच

132. वर्तमान जांच जुलाई 2021-जून 2022 की जांच अवधि और 2018-19, 2019-20, अप्रैल-21 जून 21 और पीओआई की क्षति अवधि के साथ शुरू की गई थी। हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि क्षति अवधि 2019-20, 2020-21, 2021-22 और पीओआई की होनी चाहिए थी।

133. एडी नियमावली के नियम 5 (3क) में निम्नानुसार उल्लेख है:

''*(3क) जांच अवधि इस प्रकार होगी:*

(i) जांच की शुरूआत की तारीख के अनुसार 6 महीने से अधिक पहले की नहीं होगी।

(ii) सामान्यत: 12 महीने की अवधि होगी और लिखित में कारण दर्ज करने पर निर्दिष्ट प्राधिकारी न्यूनतम 6 महीने या अधिकतम 18 महीने की अवधि पर विचार कर सकते हैं।''

134. नियम 5(3क) में जांच अवधि के निर्धारण के लिए निम्नलिखित मापदंड दिए गए हैं:

(i) पीओआई जांच की शुरूआत से 6 महीने से अधिक की नहीं होगी।

(ii) पीओआई सामान्यत: 12 महीने की होगी और आपवादिक परिस्थितियों में निदिष्ट प्राधिकारी न्यूनतम 6 महीने और अधिकतम 18 महीने की पीओआई पर विचार कर सकते हैं।

135. वर्तमान मामले में जांच 30.12.2022 को शुरू की गई थी। जांच शुरूआत के समय जांच की अवधि 6 महीने से अधिक पहले की नहीं थी। अत: पहली शर्त का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। इसके अलावा, जांच की अवधि 12 महीने की है। अत: दूसरी शर्त भी पूरी होती है। इसलिए वर्तमान जांच में जांच की अवधि एडी नियमावली के नियम 5(3क) के परीक्षण को पूरा करती है।

136. हितबद्ध पक्षकारों ने व्यापार सूचना सं. 02/2004 के पैरा 2(iii) पर भरोसा किया है जिसमें निम्नानुसार उल्लेख है:

(iii) आवेदन में अनिवार्य रूप से प्रस्तावित जांच की अवधि (पीओआई) और पूर्ववर्ती तीन वित्तीय वर्षों से संबंधित सूचना और आंकड़े दिए जाने चाहिए। इसमें कोई अंतर नहीं होना चाहिए परंतु पीओआई और पूर्ववर्ती वित्तीय वर्षों के बीच अतिव्यापन हो सकता है। पूर्ववर्ती तीन वर्षों के आंकड़ों का उपयोग क्षति के निर्धारण हेतु रुझान के विश्लेषण में किया जाएगा''

137. यह व्यापार सूचना पीओआई और क्षति अवधि के संबंध में निम्नलिखित दिशानिर्देश उपलब्ध कराती है:

(i) आंकड़े पीओआई और पूर्ववर्ती तीन वित्तीय वर्षों के लिए उपलब्ध कराए जाने चाहिए।

(ii) कोई अंतर नहीं होना चाहिए परंतु पीओआई और पूर्ववर्ती तीन वित्तीय वर्षों के बीच अतिव्यापन हो सकता है1

138. वर्तमान मामल में याचिकाकर्ता द्वारा 2018-19, 2019-20, अप्रैल- 20 जून 21 (ए) और जुलाई 21 - जून 22 के लिए आंकड़े प्रदान किए गए हैं। प्राधिकारी नोट करते हैं कि याचिकाकर्ता द्वारा पीओआई और पूर्ववर्ती तीन वित्तीय वर्षों अर्थात 2018-19, 2019-20 और अप्रैल-20 जून 21 के वार्षिकीकृत रूप के लिए आंकड़े प्रदान किए गए हैं। इसके लिए पीओआई और पूर्ववर्ती तीन वित्तीय वर्षों के बीच कोई अंतर नहीं है। अत: वर्तमान जांच में निर्धारित जांच अवधि और क्षति अवधि व्यापार सूचना 02/2004 की अपेक्षाओं को पूरा करती हैं।

139. हितबद्ध पक्षकारों ने वर्तमान मामले में पीयूसी के लिए अपनाई गई माप की इकाई पर भी तर्क दिए हैं। हितबद्ध पक्षकारों ने बताया है कि पीयूसी के लिए माप की उचित इकाई ''संख्या'' हैं क्योंकि इन्हें ''संख्या'' में बेचा गया है और आयात आंकड़े भी संख्या में उपलब्ध हैं।

140. प्राधिकारी घरेलू उद्योग के इस अनुरोध को नोट करते हैं कि उत्पादित और बेचा गया पीसीबी आकार में कुछ वर्ग मिलीमीटर से सैकड़ों वर्ग मिलीमीटर के अंतर में हो सकता है और पीसीबी की लागत और कीमत उपभोक्ता द्वारा उसके ड्राइंग विनिर्देशन में आर्डर किए गए पीसीबी के वर्ग मीटर के आधार पर ज्ञात की जाती है। घरेलू उद्योग ने यह भी बताया है कि उपभोक्ता के आदेश पर पीसीबी की कीमत ज्ञात की गई है और प्रति संख्या कीमत उद्धरित और बीजक किए जा रहे पीसीबी की वर्ग मीटर पृष्ठभूमि सूचना के आधार पर उद्धरण और बीजक की केवल प्रशासनिक सुविधा के लिए निर्धारित की जाती है।

141. याचिकाकर्ता ने बताया है कि संख्या में मापने की इकाई वर्तमान जांच में शामिल पीयूसी की प्रकृति को देखते हुए एक अव्यवहारिक और अविवेकपूर्ण नीति है।

142. प्राधिकारी करते हैं कि पीयूसी विभिन्न आकार की हो सकती है और कुछ वर्ग मिलीमीटर से सैकड़ों वर्ग मिलीमीटर के अंतर में हो सकती है। निम्नलिखित चित्र छोटे आकार की और बड़े आकार के पीसीबी के बीच अंतर दर्शाते हैं।



143. यदि वर्तमान मामले में माप की इकाई संख्या मानी जाती है तो उक्त दोनों पीसीबी को पाटन और क्षति के मापदंडों की तुलना के लिए समान स्तर का माना जाएगा। उदाहरण के लिए यदि घरेलू उद्योग छोटे आकार के पीसीबी बेच रहा है तो प्रति संख्या कीमत काफी कम होगी। यदि निर्यातक बड़े आकार के पीसीबी का निर्यात करता है तो प्रति संख्या कीमत काफी अधिक होगी। ऐसे परिदृश्य में घरेलू उद्योग और निर्यातक की प्रति संख्या कीमत की तुलना से यह निष्कर्ष निकलेगा कि कोई पाटन नहीं हुआ है। यही कारण है कि पीसीबी की लागत और कीमत उसके आकार के आधार पर ज्ञात की गई है।

144. अत: पीसीबी के आकार अर्थात वर्ग मीटर के आधार पर पाटन और क्षति के मापदंडों की तुलना करना उचित होगा।

च. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन का निर्धारण

ज.6 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध:

145. जांच की प्रक्रिया के दौरान सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

क. आवेदकों द्वारा याचिका में दावा किए गए समायोजनों के संबंध में कोई साक्ष्य नहीं दिए गए हैं। 5 प्रतिशत समायोजन के संबंध में याचिका में प्रस्तुत आंकड़ें ऐसा दावा है जो साक्ष्य से समर्थित नहीं है तथा जिस पर मामले की शुरूआत के लिए भरोसा किया जा सकता था। परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग द्वारा पाटन दर्शाने के लिए ज्ञात की गई बढ़ी हुई निर्यात कीमत निराधार है और उसे अस्वीकार करना चाहिए।

ख. चीन को निम्नलिखित कारणों से पीसीबी उद्योग के लिए गैर बाजार अर्थव्यवस्था नहीं माना जा सकता है: (i) चीन के अधिकांश पीसबी उत्पाद और निर्यातक निजी और विदेशी स्वामित्व वाले उद्यम है। चीन प्रिंटेड सर्किट एसोसिएशन (सीपीसीए) कि अनुसार चीन में अधिकांश पीसीबी उद्यम निजी या विदेशी स्वामित्व वाले हैं जिनमें सरकारी स्वामित्व वाले उद्यम का उद्योग के उद्यमों की कुल संख्या में केवल 0.7 प्रतिशत हिस्सा है और सरकारी स्वामित्व वाले उद्यमों का कुल उत्पादन में केवल 3 प्रतिशत हिस्सा है। इसके अलावा प्रेस मार्क से उद्धरित तीसरे पक्ष के विचारक समूह के अनुसार 2020 में आय के अनुसार 10 शीर्ष चीन के पीसीबी उत्पादकों में से (टॉप 10), 3 चीन ताईवान वित्तपोषित उद्यम थे और उनकी आय 25 प्रतिशत थी और राष्ट्रीय बाजार हिससा 12.68 प्रतिशत था जबकि केवल 1 सरकारी स्वामित्व वाला उद्यम था जिसका राष्ट्रीय बाजार हिस्सा 4.79 प्रतिशत था। (ii) चीन का

पीसीबी उद्योग काफी अधिक प्रतिस्पर्धी है। 2021 में चीन के मुख्य भू-भाग में 1000 से अधिक पीसीबी उद्यम थे जो चीन के पीसीबी उद्योग में पर्याप्त आंतरिक प्रतिस्पर्धा दर्शाता है। (iii) चीन के पीसीबी उद्योग में प्रयुक्त कच्ची सामग्री सरकारी नियंत्रण, सरकारी कीमत निर्धारण या अन्य प्रकार के सरकारी हस्तक्षेप के बिना काफी बाजार उन्मुखी है। (iv) पीसीबी का बाजार पारदर्शी, खुला, अंतर्राष्ट्रीय है जिसमें अनेक अंतर्राष्ट्रीय एक्सचेंज हैं और इस प्रकार वे पीसीबी उद्योग में काफी बाजार उन्मुखी माहौल को बढ़ावा दे रहे हैं। ऐसे काफी विकेंद्रीकृत, प्रतिस्पर्धी, सुचालित, अंतर्राष्ट्रीकृत और पारदर्शी बाजार में कोई सरकारी कीमत निर्धारण या कीमत हस्तक्षेप नहीं हो सकता है न ही कोई बाजारी गड़बड़ी हो सकती है।

ज.7 <u>घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध</u>

146. इस जांच की प्रक्रिया के दौरान सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. इस अनुरोध के संबंध में कि याचिकाकर्ता द्वारा 5 प्रतिशत के समायोजन के दावा निवल निर्यात कीमत के विरुद्ध है, असाक्ष्यांकित है। याचिका में पहले ही यह बताया गया है कि चूंकि मालभाड़ा लागत, समुद्री बीमा, कमीशन, बैंक प्रभार, पत्तन व्यय, अंतरदेशीय भाड़ा, लोडिंग, अनलोडिंग प्रभार संबंधी निर्यातक द्वारा उठाए गए खर्च की सूचना व्यापार स्वामित्व की सूचना है। इसलिए आवेदक निवल निर्यात कीमत में मालभाड़ा और अन्य व्यय के वास्तविक प्रभाव की मात्रा बताने में असमर्थ था और इसलिए आवेदक ने समयोजन के रूप में 5 प्रतिशत पर विचार किया है। 5 प्रतिशत का यह समायोजन सामान्यत: अन्य जांचों में दावा किया जाता है जहां वास्तविक सूचना उपलब्ध न हो। पूर्वाग्रह के बिना यदि निर्यात में इस 5 प्रतिशत के समायोजन को पूरी तरह हटा दिया जाए तो भी काफी अधिक पाटन मार्जिन होगा क्योंकि पाटन मार्जिन की रेंज 30-40 प्रतिशत से अधिक है। अत: याचिकाकर्ता ने अनुरोध में अधिक पाटन मार्जिन दर्शाने के लिए बढ़ाई गई निर्यात कीमत का दावा त्रुटिपूर्ण और गलत है। पक्षकार द्वारा इस तथ्य को सिद्ध करने के लिए कोई

साक्ष्य नहीं दिए हैं कि याचिकाकर्ता ने पाटन मार्जिन को बढ़ाने के लिए सामान्य मूल्य में वृद्धि की है। अत: पक्षकार के अनुरोध को अस्वीकार किया जाना चाहिए।

ख. इस अनुरोध के संबंध में कि चीन को गैर बाजार अर्थव्यवस्था नहीं माना चाहिए। यह बताया गया है कि इस तर्क को उचित साक्ष्य सहित चीन के भागीदार निर्यातकों द्वारा इसे सिद्ध करने के लिए लिया जाना चाहिए। तथापि, वर्तमान जांच में चीन से निर्यातकों द्वारा काफी अधिक भागीदारी के बावजूद वर्तमान जांच में केवल एक समूह (टीटीएम) ने बाजार अर्थव्यवस्था के दर्जे का दावा किया है। यहां तक कि टीटीएम समूह के बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार्य के दावे को भी सुनवाई के बाद के लिखित अनुरोधों में विनिर्दिष्ट कारणों के आधार पर अस्वीकार किया जाना चाहिए। पीसीबी उद्योग में चीन की सरकार की सीमित भागीदार को दर्शाने के लिए आंकड़ों सहित किए गए विशिष्ट अनुरोध के संबंध में पक्षकार द्वारा प्रदत्त आंकड़ों को अस्वीकार करना चाहिए क्योंकि पक्षकार ने अन्य हितबद्ध पक्षकारों के लिए अगोपनीय रूप में वेबसाइट में उपलब्ध रिपोर्ट या आंकड़े शेयर नहीं किए हैं। वास्वत में पक्षकार ने प्राधिकारी को गोपनीय रूप में रिपोर्ट भी नहीं दी है। इसके बिना पक्षकार द्वारा प्रदत्त आंकड़ों की प्रमाणिकता और सत्यतता गंभीर संदेह में है। पक्षकार द्वारा प्रदत्त आंकड़ा लिंक भी चीनी भाषा में जब उसका अनुवाद करने का प्रयास किया गया तो लिखित अनुरोध में पक्षकार द्वारा उल्लिखित संख्याएं मेल नहीं खाती थी। पूर्वाग्रह के बिना केवल वेबसाइट स्रोतों या रिपोर्टों पर भरोसा यह सिद्ध करने का स्रोत नहीं हो सकता है कि चीन को वर्तमान मामले में गैर बाजार अर्थव्यवस्था नहीं माना जाना चाहिए। प्राधिकारी को भागीदारी निर्यातकों द्वारा किए गए दावों के आधार पर ऐसे दावों को सिद्ध करने वाले साक्ष्य के साथ उनका विश्लेषण करना चाहिए।

ग. टीटीएम समूह को निम्नलिखित कारणों से बाजार अर्थव्यवस्था का व्यवहार प्रदान नहीं किया जा सकता है:

i. टीटीएम टेक्नोलाजी इंक, यूएस जो सभी ऊपर उल्लिखित उत्पादकों की अंतिम मूल कंपनी है, की वार्षिक रिपोर्ट में यह उल्लेख है कि चीन की सरकार आरएमबी को विदेशी मुद्रा में बदलने पर नियंत्रण रखती है जो आगे

और मुद्र विनिमय जोखिम के अधीन होता है। इस प्रकार कंपनियां मुद्रा अस्थिरता के जोखिम के अधीन होती हैं। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि विदेशी मुद्र परिवर्तन दरें सरकारी हस्तक्षेप के जरिए विनियमित और निर्धारित होती है और बाजार दरें नहीं हैं। यह अपने आप में उक्त उत्पादकों में बाजार अर्थव्यवस्था के दर्जे के दावे को अस्वीकार करने का पर्याप्त आधार है।

ii. एक सुविधा के रूप में विद्युत को बार-बार प्राधिकारी द्वारा सब्सिडी प्राप्त दरों पर चीन सरकार द्वारा दिए जाने पर विचार किया गया है। चीन जनवादी गणराज्य के मूल के अथवा वहां से निर्यातित कतिपय हॉट रोल्ड और कोल्ड रोल्ड स्टेनलेस स्टील फ्लेट उत्पादों के आयातों से संबंधित प्रतिसंतुलनकारी शुल्क जांच में जारी जांच परिणामों [फा. सं. 7/21/2021-डीजीटीआर दिनांक 6 अप्रैल, 2023] में प्राधिकारी ने नोट किया कि राष्ट्रीय विकास सुधार आयोग (एनडीआरसी), जो चीन में एक सार्वजनिक निकाय है। चीन में विभिन्न प्रदेशों में लागू बिजली की कीमत तय करता है और प्राधिकारी का निष्कर्ष था कि यह दर्शाने वाले पर्याप्त साक्ष्य हैं कि पर्याप्स से कम मूल्य पर बिजली का प्रावधान प्रतिसंतुलन योग्य सब्सिडी के रूप में पीओआई में जारी रखा गया। प्राधिकारी ने निम्नलिखित जांचों में यही दृष्टिकोण अपनाया है - चीन जन. गण. से एट्राजीन टेक्निकल के आयातों से संबंधित प्रतिसंतुलनकारी शुल्क जांच [फा. सं. 6/19/2018-डीजीएडी, दिनांक 22 अगस्त 2019] चीन जन. गण. और वियतनाम से वेल्डेड स्टेनलेस स्टील पाइप और ट्यूब के आयातों से संबंधित प्रतिसंतुलनकारी शुल्क जांच [फा. सं. 6/22/2018-डीजीएडी, दिनांक 31 जुलाई, 2019], चीन जन. गण. से सैकरीन से संबंधित प्रतिसंतुलनकारी जांच [फा. सं. 6/18/2018-डीजीएडी, दिनांक 19 जून, 2019] जल की आपूर्ति के संबंध में अनेक पूर्व की सब्सिडीरोधी जांच में प्राधिकारी ने पर्याप्त से कम मूल्य पर जल के प्रावधान के कार्यक्रम को लगातार प्रतिसंतुलन योग्य माना है।

iii. निर्यातक यह सिद्ध करने में विफल रहे हैं कि उन्होंने अंतराष्ट्रीय बाजार कीमत पर स्थानीय रूप से कच्ची सामग्री की खरीद की है।

iv. टीटीएम टेक्नोलाजी इंक, यूएसए जो ऊपर उल्लिखित सभी उत्पादकों की अंतिम मूल कंपनी है कि वार्षिक रिपोर्ट में यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि चीन के भीतर कुछ कंपनियां उच्च और नई प्रौद्योगिकी उद्यम (एचएनटीई) के दर्जे के लिए पात्र हैं जिससे वे कंपनियां ऐसे कतिपय लाभों की हकदार हो जाती है जो 2 जनवरी, 2023, 3 जनवरी, 2022 और 28 दिसंबर, 2020 को समाप्त वर्षों के लिए प्रभावी थे। एचएनटीई दर्जा तथा उन्नत अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) चीन के करों में कटौतियां कर देते हैं। इन प्रोत्साहन कार्यक्रमों को पूर्व के अनुक मामलों में प्रतिसंतुलन योग्य माना गया है। यह दर्शाता है कि ऊपर उल्लिखित उत्पादकों ने सरकार द्वारा प्रदत्त फायदे और लाभ उठाए हैं। ऐसी कर छूटों और प्रोत्साहनों के जरिए चीन के प्राधिकारी इन उत्पादकों के व्यापार में भारी हस्तक्षेप करते हैं।

v. बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार का दावा केवल इस बात पर आधारित है कि उनके व्यापार से संबंधित कोई प्रतिबंधात्मक निर्धारण नहीं है क्योंकि वह पूर्णत: अंतिम रूप से टीटीएम टेक्नोलॉजीज, इंक., यूएसए द्वारा नियंत्रित है। तथापि टीटीएम टेक्नोलॉजीज, यूएसए की वार्षिक रिपोर्ट से ऐसा लगता है कि चीन की अन्य कंपनियों के साथ इन उत्पादकों के बीच अनेक व्यवस्थाएं हैं। वार्षिक रिपोर्ट के के अनुसार टीटीएम टेक्नोलॉजीज, इंक, टीटीएम टेक्नोलॉजीज, इंक चाइना लिमिटेड और एकेएम मीडविल इलेक्ट्रॉनिक्स (ज़ियामेन) कंपनी लिमिटेड के बीच एक इक्विटी इंटरेस्ट खरीद करार है। इसके अलावा गुआंगझोऊ टर्मब्रे इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी कंपनी, (टर्मब्रे) लिमिटेड द्वारा दायर एमईटी प्रश्नावली के उत्तर में उल्लेख है कि चीन के भागीदार टर्मब्रे द्वारा प्रयुक्त भूमि दे रहे हैं और विदेशी भागीदार संपूर्ण पूंजी का भुगतान कर रहे हैं। यह बात चीन की संस्थाओं से नियंत्रण की मौजूदगी दिखाती है।

ज.8 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

147. धारा 9(1)(ग) के अधीन, किसी वस्तु के संबंध में सामान्य मूल्य का तात्पर्य है:

(i) *व्यापार की सामान्य प्रक्रिया के समान वस्तु की तुलनीय कीमत जब वह उप नियम (6) के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित निर्यातक देश या क्षेत्र में खपत के लिए नियत हो, अथवा*

(ii) *जब निर्यातक देश या क्षेत्र के घरेलू बाजार में व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में समान वस्तु की बिक्री न हुई हो अथवा जब निर्यातक देश या क्षेत्र की बाजार विशेष की स्थिति अथवा उसके घरेलू बाजार में कम बिक्री मात्रा के कारण ऐसी बिक्री की उचित तुलना न हो सकती हो तो सामान्य मूल्य निम्नलिखित में से कोई एक होगा:*

(*क*) *समान वस्तु की तुलनीय प्रतिनिधिक कीमत जब उसका निर्यात उप धारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार निर्यातक देश या क्षेत्र से या किसी उचित तीसरे देश से किया गया हो; अथवा*

(*ख*) *उपधारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित प्रशासनिक, बिक्री और सामान्य लागत एवं लाभ हेतु उचित वृद्धि के साथ उदगम वाले देश में उक्त वस्तु की उत्पादन लागत:*

परंतु यदि उक्त वस्तु का आयात उदगम वाले देश से भिन्न किसी देश से किया गया है और जहां उक्त वस्तु को निर्यात के देश से होकर केवल स्थानांतरण किया गया है अथवा ऐसी वस्तु का उत्पादन निर्यात के देश में नहीं होता है, अथवा निर्यात के देश में कोई तुलनीय कीमत नहीं है, वहां सामान्य मूल्य का निर्धारण उदगम वाले देश में उसकी कीमत के संदर्भ में किया जाएगा।

148. प्राधिकारी ने संबद्ध देशों से ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को ज्ञात प्रश्नावलियां भेजी थी और उन्हें प्राधिकारी द्वारा विहित ढंग और तरीके से सूचना देने की सलाह दी गई थी। वर्तमान जांच में निम्नलिखित उत्पादकों / निर्यातकों ने प्रश्नावली का अपना उत्तर प्रस्तुत करके भागीदारी की है।

i. जियांग्शी लोंगहाई सर्किट टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड (चीन जन. गण.)
ii. सुपर टेक कंपनी लिमिटेड (हांगकांग)
iii. युएकिंग ओनबॉम इलेक्ट्रॉनिक कंपनी लिमिटेड (चीन जन. गण.)
iv. शेन्ज़ेन ज़िनवेइसाई इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड (चीन जन. गण.)
v. जियान शेंगई इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड (चीन जन. गण.)
vi. शेंगयी इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड (चीन जन. गण.)
vii. शेन्ज़ेन स्काईवर्थ डिजिटल टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड (चीन जन. गण.)
viii. जियांग्शी ज़ुशेंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड (चीन जन. गण.)
ix. वुस प्रिंटेड सर्किट (कुशान) कंपनी लिमिटेड (चीन जन. गण.)
x. वुस प्रिंटेड सर्किट (हुआंग्शी) कं, लिमिटेड (चीन जन. गण.)
xi. वुस इंटरनेशनल कंपनी लिमिटेड (हांगकांग)
xii. वुस प्रिंटेड सर्किट केप्ज़ (कुशान) कंपनी लिमिटेड (चीन जन. गण.)
xiii. दाहुआ टेक्नोलॉजी (एचके) लिमिटेड (हांगकांग)
xiv. ग्वांगडोंग चैंपियन एशिया इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड (चीन जन. गण.)
xv. गुआंग्डोंग किंगशाइन इलेक्ट्रॉनिक टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड. (चीन जन. गण.)
xvi. हुइझोउ सिटी हुइयांग आई-टेक इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड (चीन जन. गण.)
xvii. शेन्ज़ेन केरुई हाई-टेक मटेरियल्स कं, लिमिटेड (चीन जन. गण.)
xviii. टीईएएन इलेक्ट्रॉनिक (दा या बे) कंपनी लिमिटेड (चीन जन. गण.)
xix. झेजियांग डाहुआ विजन टेक्नोलॉजी कं, लिमिटेड (चीन जन. गण.)
xx. एलेक एंड एल्टेक (मकाओ) कंपनी लिमिटेड (चीन जन. गण.)
xxi. काई पिंग इलेक और एल्टेक कंपनी लिमिटेड। (चीन जन. गण.)
xxii. काई पिंग एलेक और एल्टेक नंबर 3 कंपनी लिमिटेड। (चीन जन. गण.)
xxiii. किन यिप (हुइझोउ) पी.सी. बोर्ड कंपनी लिमिटेड (हांगकांग)
xxiv. किन यिप टेक्नोलॉजी इलेक्ट्रॉनिक्स (हुइझोउ) कं, लिमिटेड (चीन जन. गण.)
xxv. जियांग्शी किनवॉन्ग प्रिसिजन सर्किट कंपनी लिमिटेड (चीन जन. गण.)
xxvi. किनवॉन्ग इलेक्ट्रॉनिक (हांगकांग) लिमिटेड (हांगकांग)
xxvii. किनवॉन्ग इलेक्ट्रॉनिक टेक्नोलॉजी (लॉन्गचुआन) कं, लिमिटेड (चीन जन. गण.)
xxviii. किनवॉन्ग इलेक्ट्रॉनिक टेक्नोलॉजी (ज़ुहाई) कं, लिमिटेड (चीन जन. गण.)
xxix. शेन्ज़ेन किनवॉन्ग इलेक्ट्रॉनिक कंपनी लिमिटेड (चीन जन. गण.)
xxx. नानटोंग शेनान सर्किट्स कंपनी लिमिटेड (चीन जन. गण.)
xxxi. इनो सर्किट्स लिमिटेड (चीन जन. गण.)

xxxii. शेनान सर्किट्स कंपनी लिमिटेड (चीन जन. गण.)

xxxiii. वूशी शेनान सर्किट्स कंपनी लिमिटेड (चीन जन. गण.)

xxxiv. जिउ जियांग सनशाइन सर्किट्स टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड (चीन जन. गण.)

xxxv. सनशाइन ग्लोबल सर्किट्स कंपनी लिमिटेड (चीन जन. गण.)

xxxvi. सनशाइन पीसीबी (एचके) कंपनी लिमिटेड (हांगकांग)

xxxvii. डालियान सनटाक सर्किट कंपनी लिमिटेड (चीन जन. गण.)

xxxviii. डालियान सनटाक इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड (चीन जन. गण.)

xxxix. जियांगमेन सनटाक सर्किट टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड (चीन जन. गण.)

xl. शेन्ज़ेन सनटैक मल्टीलेयर पीसीबी कं, लिमिटेड (चीन जन. गण.)

xli. सनटैक टेक्नोलॉजी लिमिटेड (चीन जन. गण.)

xlii. झुहाई सनटाक सर्किट टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड (चीन जन. गण.)

xliii. डोंगगुआन मीडविल सर्किट्स कंपनी लिमिटेड (चीन जन. गण.)

xliv. गुआंगझोऊ टर्मब्रे इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी कं, लिमिटेड (चीन जन. गण.)

xlv. कालेक्स मल्टी-लेयर सर्किट बोर्ड (झोंगशान) लिमिटेड (चीन जन. गण.)

xlvi. मेरिक्स प्रिंटेड सर्किट्स टेक्नोलॉजी लिमिटेड (चीन जन. गण.)

xlvii. ओपीसी मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड (हांगकांग), **(बाद में वापस लिया)**

xlviii. टीटीएम टेक्नोलॉजीज ट्रेडिंग (एशिया) कंपनी लिमिटेड (हांगकांग)

चीन जन. गण. के लिए सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत

चीन के उत्पादकों के लिए बाजार अर्थव्यवस्था का दर्जा

149. डब्ल्यू टी ओ में चीन के एक्सेशन प्रोटोकोल के अनुच्छेद 15 में निम्नानुसार व्यवस्था हैः जी ए टी टी 1994 का अनुच्छेद-VI, टैरिफ और व्यापार पर सामान्य करार, 1994 ("पाटनरोधी करार") के अनुच्छेद-VI का कार्यान्वयन संबंधी करार और एससीएम करार किसी डब्ल्यू टी ओ सदस्य में चीन के मूल के आयातों में शामिल कार्यवाही में निम्नलिखित के संगत लागू होगा :

(क) जीएटीटी, 1994 के अनुच्छेद-VI और पाटनरोधी करार के अंतर्गत कीमत तुलनीयता के निर्धारण में आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य या तो जांचाधीन उद्योग के लिए चीन की कीमतों अथवा लागतों का उपयोग करेंगे या उस पद्धति को उपयोग करेंगे जो

निम्नलिखित नियमों के आधार पर चीन में घरेलू कीमतों अथवा लागतों के साथ सख्ती से तुलना करने में आधारित नहीं है:

(i) यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह दिखा सकते हैं कि समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग में उस उत्पाद के विनिर्माण, उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां रहती है तो आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य मूल्य की तुलनीयता का निर्धारण करने में जांचाधीन उद्योग के लिए चीन की कीमतों अथवा लागतों का उपयोग करेगा।

(ii) आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य उस पद्धति का उपयोग कर सकता है जो चीन में घरेलू कीमतों अथवा लागतों के साथ सख्त तुलना पर आधारित नहीं है, यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह नहीं दिखा सकते हैं कि उस उत्पाद के विनिर्माण, उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग के लिए लागू नहीं हैं।

(ख) एससीएम समझौते के भाग II, III और V के अंतर्गत कार्यवाहियों में अनुच्छेद 14(क), 14(ख), 14(ग) और 14(घ) में निर्धारित राज्य हायता को बताते समय एससीएम समझौते के प्रासंगिक प्रावधान लागू होंगे, तथापि, उसके प्रयोग करने में यदि विशेष कठिनाईयां हों, तो आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य राजसहायता लाभ की पहचान करने और उसको मापने के लिए ऐसी पद्धति का उपयोग कर सकते हैं जिसमें उस संभावना को ध्यान में रखा जाए कि चीन में प्रचलित निबंधन और शर्तें उपयुक्त बेंचमार्क के रूप में सदैव उपलब्ध नहीं हो सकती है। ऐसी पद्धतियों को लागू करने में, जहां व्यवहार्य हो, आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य के द्वारा चीन से बाहर प्रचलित निबंधन और शर्तों के उपयोग के बारे में विचार करने से पूर्व ऐसी विद्यामान निबंधन और शर्तों को समायोजित करना चाहिए।

(ग) आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य उप-पैराग्राफ (क) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को पाटनरोधी प्रक्रिया समिति के लिए अधिसूचित करेगा तथा उप पैराग्राफ (ख) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को सब्सिडी तथा प्रतिसंतुलनकारी उपायों संबंधी समिति को अधिसूचित करेगा।

(घ) आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य के राष्ट्रीय कानून के तहत चीन के एक बार बाजार अर्थव्यवस्था सिद्ध हो जाने पर, उप पैराग्राफ के प्रावधान (क) के प्रावधान समाप्त कर दिए जाएंगे, बशर्ते कि आयात करने वाले सदस्य के राष्ट्रीय कानून में एक्सेशन की तारीख के अनुरूप बाजार अर्थव्यवस्था संबंधी मानदंड हो। किसी भी स्थिति में उप पैराग्राफ (क)(ii) के प्रावधान एक्सेशन की तारीख के बाद 15 वर्षों में समाप्त हो जाएंगे । इसके अलावा, आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य के राष्ट्रीय कानून के अनुसरण में चीन के द्वारा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां एक विशेष उद्योग अथवा क्षेत्र में प्रचलित हैं, उप पैराग्राफ (क) के गैर-बाजार अर्थव्यवस्था के प्रावधान उस उद्योग अथवा क्षेत्र के लिए आगे लागू नहीं होंगे।"

150. यह नोट किया जाता है कि यद्यपि अनुच्छेद 15(क)(ii) में दिए गए प्रावधान 11.12.2016 को समाप्त हो गए हैं, तथापि एक्सेसन प्रोटोकॉल के 15(क)(i) के अधीन दायित्व के साथ पठित डब्ल्यूटीओ करार के अनुच्छेद 2.2.1.1 के अंतर्गत प्रावधानों में नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 8 में निर्धारित मापदंड को बाजार अर्थव्यवस्था के दर्जे के दावे संबंधी पूरक प्रश्नावली में दी जाने वाली सूचना/आंकड़ों के ज़रिए पूरा करना अपेक्षित है। यह नोट किया जाता है कि एक उत्पादक समूह को छोड़कर किसी भी उत्पादक ने यह सिद्ध करते हुए सूचना प्रस्तुत नहीं की है कि वे बाजार अर्थव्यवस्थाओं की दशाओं में प्रचालन कर रहे हैं।

151. प्राधिकारी नोट करते हैं कि टीटीएम समूह से चीन के चार उत्पादकों - कालेक्स मल्टी-लेयर सर्किट बोर्ड (झोंगशान) लिमिटेड, मेरिक्स प्रिंटेड सर्किट्स टेक्नोलॉजी लिमिटेड, गुआंगज़ौ टर्मब्रे इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड और डोंगगुआन मीडविल सर्किट्स कंपनी लिमिटेड ने वर्तमान जांच में बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार (एमईटी) प्रश्नावली प्रस्तुत की है।

152. इन प्रतिवादियों उत्पादकों और निर्यातकों के निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर और बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार प्रश्नावली के उत्तर की जांच की गई थी। सत्यापन के बाद बाजार अर्थव्यवस्था के दावों की स्थिति का सारांश नीचे दिया गया है।

कैलेक्स मल्टी-लेयर सर्किट बोर्ड (झोंगशान) लिमिटेड, मेरिक्स प्रिंटेड सर्किट्स टेक्नोलॉजी लिमिटेड, गुआंगज़ौ टर्मब्रे इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड और डोंगगुआन मीडविल सर्किट्स कंपनी लिमिटेड के लिए बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार

153. प्राधिकारी ने पूर्वोक्त उत्पादकों द्वारा किए गए बाजार अर्थव्यवस्था के व्यवहार की जांच की है। उत्पादकों ने चीन जन. गण. के मूल के अथवा वहां से निर्याति हाई टिनेसिटी पोलिस्टर यार्न की पाटनरोधी जांच का उल्लेख किया है जिसमें उत्पादक ह्योसंग केमिकल फाइबर को कोरिया में स्थित मूल कंपनी के सीधे नियंत्रण, अंतर्राष्ट्रीय कीमतों के साथ कच्ची सामग्री के मिलान और बाजार प्रतिस्पर्धी कीमत पर सुविधाओं की सौदा दर के आधार पर एमईटी का दर्जा दिया गया था।

154. इस संबंध में प्राधिकारी नोट करते हैं कि किसी उत्पादक को बाजार अर्थव्यवस्था का दर्जा तब दिया जाता है जब वह उत्पादक एडी नियमावली के अनुबंध 1 के पैरा 8 के अनुसार निम्नलिखित दर्शाने में सक्षम हो:

i. चीन जन. गण. में संबंधित फर्मों के कच्ची सामग्री सहित कीमत, लागत और इनपुट तकनीक और श्रम की लागत, उत्पादन, बिक्री और निवेश संबंधी निर्णय बाजार संकेतों की प्रतिक्रिया में लिए जाते हैं जो मांग और आपूर्ति दर्शाते हैं तथा इस संबंध में सरकार के किसी खास हस्तक्षेप के बिना है और क्या प्रमुख इनपुट की लागत पर्याप्त रूप से बाजार मूल्य दर्शाती है।

ii. ऐसी फर्मों की उत्पादन लागत और वित्तीय स्थिति पूर्ववर्ती गैर बाजार अर्थव्यवस्था प्रणाली से विशेष रूप से परिसंपत्तियों के मूल्यह्रास, अन्य बट्टे खाते, वस्तु विनिमय व्यापार और ऋणों की पूर्ति के जरिए भुगतान से आगे लाई गई भारी गडबड़ियों के अधीन नहीं है।

iii. ऐसी फर्में दिवालिया और संपत्ति कानूनों के अधीन हैं जो फर्मों के प्रचालन के लिए कानूनी निश्चतता और स्थिरता की गारंटी देते हैं।

iv. विनिमय दर के परिवर्तन बाजार दरों पर किए जाते हैं।

155. प्राधिकारी नोट करते हैं कि टीटीम ग्रुप द्वारा उल्लिखित अंतिम जाचं परिणाम में ह्योसंग केमिकल फाइबर को प्रदत्त एमईटी के दावे कोरिया में स्थित मूल कंपनी के सीधे नियंत्रण, अंतर्राष्ट्रीय कीमतों के साथ कच्ची सामग्री के मिलान और बाजार प्रतिस्पर्धी कीमत पर सुविधाओं की सौदा दर पर आधारित थे।

156. वर्तमान मामले में टीटीएम ग्रुप ने यह तर्क दिया है कि उनका व्यापार अंतिम रूप से टीटीएम टेक्नोलॉजीज, इंक., यूएसए द्वारा पूर्णत: नियंत्रित होता है और इसलिए उनके व्यापार में सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं है। टीटीएम समूह ने यह भी तर्क दिया है कि कच्ची सामग्री की कीमतें अंतर्राष्ट्रीय बाजार कीमतों के अनुसार हैं, उन्हें चीन के किसी कानून के अंतर्गत छूट नहीं मिलती है और यह कि उन पर किसी सुविधा के लिए सब्सिडी प्राप्त कीमत प्रभारित नहीं की गई है।

157. हालाँकि, घरेलू उद्योग ने तर्क दिया है कि विदेशी मुद्रा रूपांतरण दरें सरकारी हस्तक्षेप के माध्यम से विनियमित और निर्धारित की जाती हैं और बाजार दरें नहीं हैं। यह नोट किया गया है कि पैरा 155 में उल्लिखित एमईटी देने के मापदंडों को पूरा नहीं किया गया है और इसलिए संबंधित उत्पादक को बाजार अर्थव्यवस्था का दर्जा नहीं दिया जा सकता है।

158. याचिकाकर्ता ने अपने लिखित अनुरोध में टीटीएम टेक्नोलॉजीज, इंक., यूएसए की वार्षिक रिपोर्ट पर भी भरोसा किया है जिसमें उसने बताया है कि चीन के भीतर कंपनियां उच्च और नई तकनीक उद्यम (एचएनटीई) दर्जे की पात्र हैं जिससे चीन के कर कम हो जाते हैं। टीटीएम ग्रुप ने अपने खंडन अनुरोधों में इसका कोई उत्तर नहीं दिया है।

159. इसके अलावा, उत्पादक यह सिद्ध करने में विफल हैं कि उनकी कच्ची सामग्री अंतर्राष्ट्रीय बाजार कीमत पर खरीदी जाती है। गुआंगज़ौ टर्मब्रे इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी कंपनी, (टर्मब्रे) लिमिटेड के उत्तर में यह भी कहा गया है कि चीन का भागीदार टर्मब्रे द्वारा प्रयुक्त भूमि उपलब्ध करा रहा है।

160. टीटीएम ग्रुप विनिमय दर, उत्पादन पर आई श्रम लागत और उत्पादन में प्रयुक्त कच्ची सामग्री की कीमतों और चीन के कानून के अंतर्गत उसे प्राप्त छूटों पर सरकारी नियंत्रण सहित संगत सूचना देने में विफल रहा है जिसकी प्राधिकारी द्वारा एमईटी के दर्जे के निर्धारण के लिए जांच की जानी चाहिए। अत: प्रधिकारी टीटीएम ग्रुप के उत्पादकों द्वारा किए गए एमईटी के दावे को बाजार अर्थव्यवस्था दर्जे के उनके दावे को सिद्ध करने में उनकी विफलता के कारण अस्वीकार करते हैं।

चीन जन. गण. से सभी उत्पादकों के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण

161. प्राधिकारी नोट करते हैं किए चीन से एक उत्पादक समूह को छोड़कर किसी भी उत्पादक ने अपने स्वयं के आंकड़ों / सूचना के आधार पर सामान्य मूल्य का दावा नहीं किया है। उक्त उत्पादक समूह यह भी नहीं दर्शा सका है कि वे बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार्य के पात्र हैं। अत: चीन जन. गण. से सभी उत्पादकों के लिए सामान्य मूल्य नियमावली के अनुबंध-। के पैरा 7 अनुसार निर्धारित किया गया है जिसका पाठ निम्नानुसार है:

"गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाले देशों से आयात के मामले में, उचित लाभ मार्जिन को शामिल करने के लिए भारत में समान उत्पाद के लिए वास्तविक रूप से भुगतान किया गया अथवा भुगतान योग्य, आवश्यकतानुसार पूर्णतया समायोजित कीमत रहित, सामान्य, मूल्य का निर्धारण तीसरे देश के बाजार अर्थव्यवस्था में कीमत अथवा परिकलित मूल्य के आधार पर अथवा भारत सहित ऐसे किसी तीसरे देश से अन्य देशों के लिए कीमत अथवा जहां यह संभव नहीं हैं, या किसी अन्य उचित आधार पर किया जाएगा। संबद्ध देश के विकास के स्तर तथा संबद्ध उत्पाद को देकते हुए निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा यथोचित पद्धति द्वारा एक समुचित बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश का चयन किया जाएगा और चयन के समय पर उपलब्ध कराई गई किसी विश्वसनीय सूचना पर यथोचित रूप से विचार किया जाएगा। बाजार अर्थव्यवस्था वाले किसी अन्य तीसरे देश के संबंध में किसी समयानुरूपी मामले में की जाने वाली जांच के मामले में जहां उचित हों, समय-सीमा के भीतर कार्रवाई की जाएगी। जांच से संबंधित पक्षकारों को किसी अनुचित विलंब के बिना बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के चयन के विशेष में सूचित किया जाएगा और अपनी टिप्पणियां देने के लिए एक समुचित समयावधि प्रदान की जाएगी।"

162. प्राधिकारी नोट करते हैं कि नियमावली के अनुबंध 1 के पैरा 7 प्रावधानों के अनुसार सामान्य मूल्य को बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश में कीमत या परिकलित मूल्य, या ऐसे देश से भारत सहित अन्य देशों को निर्यात की कीमत के आधार पर निर्धारित किया जा सकता है। किसी हितबद्ध पक्षकार ने किसी प्रतिनिधि देश का सुझाव नहीं दिया है और सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए आवश्यक सूचना नहीं दी है। इसके अलावा, प्राधिकारी नोट करते हैं कि बाजार अर्थव्यवस्था वाले किसी तीसरे देश से भारत सहित किसी अन्य देश को निर्यात कीमत पर वर्तमान जांच में पीसीएन अपनाने के कारण विचार नहीं किया जा सकता है। वर्तमान जांच में पीसीएन वार तुलना करना आवश्यक है। अत: प्राधिकारी ने भारत में चीन जन. गण. से संबद्ध आयातों के लिए सामान्य मूल्य का परिकलन ''किसी अन्य तर्कसंगत आधार'' पर किया है। चीन जन. गण. से सभी उत्पादकों के लिए सामान्य मूल्य को भारत में उत्पादन लागत के आधार पर उसे बिक्री, सामान्य, प्रशासनिक व्यय और तर्कसंगत लाभ मार्जिन के लिए युक्ति संगत योग के बाद विधिवत रूप से समायोजित करके निर्धारित किया गया है। इसका उल्लेख नीचे पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

चीन जन. गण. के लिए निर्यात कीमत का निर्धारण

क. जियान शेंगयी इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड और शेंगयी इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड ("शेंगयी ग्रुप")

163. जियान शेंगयी इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड **("जियान शेंगयी")** और शेंगयी इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड **("शेंगयी इलेक्ट्रॉनिक्स")** चीन जन. गण में संबद्ध वस्तु के उत्पादन में शामिल संबंधित कंपनियां हैं। दोनों कंपनियों ने अलग-अलग निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया है और पीसीएन वार सूचना प्रदान की है। यह नोट किया जाता है कि जियान शेंगयी ने शेंगयी इलेक्ट्रॉनिक्स के जरिए भारत को पीयूसी का निर्यात किया है। जबकि शेंगयी इलेक्ट्रॉनिक्स ने भारत को सीधे पीयूसी का निर्यात किया है।

164. प्राधिकारी नोट करते हैं कि जियान शेंगयी ने संबंधित व्यापारी / उत्पादक शेंगयी इलेक्ट्रॉनिक्स के जरिए पीओआई के दौरान भारत को *** अमेरिकी डॉलर मूल्य की ***

एसक्यूएम पीयूसी का निर्यात किया है और शेंगयी इलेक्ट्रॉनिक्स ने पीओआई के दौरान भारत को *** अमेरिकी डॉलर मूल्य के *** एसक्यूएम पीयूसी का सीधे निर्यात किया है। भारत को निर्यातों के लिए जियान शेंगयी ने अंतरदेशीय परिवहन और ऋण लागत के लिए समायोजन का दावा किया है जब कि शेंगयी इलेक्ट्रॉनिक्स ने अंतरदेशीय परिवहन, आयात और निर्यात कनेक्शन शुल्क, निर्यात पत्तन वाहन के लिए सीमा शुल्क घोषणा शुल्क, कमीशन, ऋण लागत, बैंक प्रभारों और कर मुक्त के लिए समायोजन का दावा किया है। प्राधिकारी ने सूचना के डेस्क सत्यापन के बाद जियांग शंगयी और शेंगयी इलेक्ट्रॉनिक्स द्वारा प्रस्तुत प्रश्नावली के उत्तर में दिए गए निर्यातों के ब्योरों पर भरोसा किया है। निर्यात कीमत में दावा किए गए समायोजनों की प्राधिकारी ने अनुमति दी है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि शेंगयी इलेक्ट्रॉनिक्स ने उन निर्यातों की लाभप्रदता के लिए परिशिष्ट 5 उपलब्ध कराया है जहां पीयूसी को जियान शेंगयी से खरीदा गया था। रिकार्ड में सूचना से प्राधिकारी देखते हैं कि शेंगयी इलेक्ट्रॉनिक्स को व्यापार मात्राओं पर घाटा हुआ है और उक्त घाटे को निर्यात कीमत में समायोजित किया गया है। तदनुसार, प्राधिकारी ने जियान शेंगयी, शेंगयी इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए अलग-अलग और शेंगयी समूह के लिए पीसीएन वार निवल निर्यात कीमत और पीसीएन वार निवल निर्यात कीमत का भारित औसत निर्धारित किया है। इस प्रकार परिकलित निर्यात कीमत नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

ख. जियांग्शी ज़ुशेंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड और शेन्ज़ेन स्काईवर्थ डिजिटल टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड

165. जियांग्शी ज़ुशेंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड **("जियांग्शी ज़ुशेंग")** चीन जन. गण. में संबद्ध वस्तु के विनिर्माण में शामिल हैं। प्राधिकारी नोट करते हैं कि जियांग्शी ज़ुशेंग ने असंबंधित व्यापारी अर्थात शेन्ज़ेन स्काईवर्थ डिजिटल टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड **("शेन्ज़ेन स्काईवर्थ")** के जरिए भारत को *** अमेरिकी डॉलर मूल्य के *** एसक्य"एम पीयूसी का निर्यात किया है।

166. जियांग्शी ज़ुशेंग और शेनज़ेन स्काईवर्थ ने निर्यातें के पीसीएन वार ब्यौरे प्रदान किए हैं। जियांग्शी ज़ुशेंग ने अंतरदेशीय परिवहन और ऋण लागत के लिए समायोजनों का दावा किया है। प्राधिकारी ने जियांग्शी ज़ुशेंग और शेनज़ेन स्काईवर्थ द्वारा किए गए दावों की जांच की है और तदनुसार, दावों की अनुमति दी है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि शेनज़ेन

स्काईवर्थ ने चीन में अनेक उत्पादकों से खरीदे गए भारत को पीयूसी के कुल निर्यातों की लाभप्रदता के लिए परिशिष्ट 5 प्रदान किया है। प्राधिकारी ने केवल जियांग्शी ज़ुशेंग से खरीदे गए पीयूसी के निर्यातों के लिए अलग लाभप्रदता परिकलित की है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि शेनज़ेन स्काईवर्थ को ऐसे निर्यातों पर घाटा हूआ है और भारत को अंतिम निर्यात कीमत में उसे समायोजित किया गया है। तदुनसार, आवश्यक समायोजनों की अनुमति देने के बाद जियांग्शी ज़ुशेंग के लिए कारखानाद्वार स्तर पर निवल निर्यात कीमत निर्धारित की गई है और नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

ग. वुस प्रिंटेड सर्किट केप्ज (कुशान) कंपनी लिमिटेड, वुस प्रिंटेड सर्किट (कुशान) कंपनी लिमिटेड, वुस प्रिंटेड सर्किट (हुआंग शि) कंपनी लिमिटेड और वुस इंटरनेशनल कंपनी लिमिटेड ("वुस ग्रुप")

167. वुस प्रिंटेड सर्किट केप्ज (कुशान) कंपनी लिमिटेड **("वुस केप्ज कुशान")**, वुस प्रिंटेड सर्किट (कुशान) कंपनी लिमिटेड ("वुस कुशान") और वुस प्रिंटेड सर्किट (हुआंग शि) कंपनी लिमिटेड **("वुस हुआंग्शी")** चीन जन. गण. में संबद्ध वस्तु के विनिर्माण में शामिल संबंधित कंपनियों हैं। वुस इंटरनेशनल कंपनी लिमिटेड **("वुस इंटरनेशनल")** एक संबंधित व्यापारी है।

168. प्राधिकारी नोट करते हैं कि वुस हुआंग्शी ने पीओआई के दौरान भारत को सीधे और संबंधित कंपनियों के जरिए पीयूसी का निर्यात किया है। सीधे निर्यातों के मामले में वुस हुआंग्शी ने भारत को *** अमेरिकी डॉलर मूल्य के *** एसक्यूएम पीयूसी का निर्यात किया है। संबंधित कंपनी के जरिए निर्यात के मामले में भारत को पीयूसी के निर्यातों के लिए दो व्यापार चैनल हैं। व्यापार चैनल 1 के मामले में वुस हुआंग्शी ने वुस केप्ज कुशान को *** अमेरिकी डालर मूल्य के *** एसक्यूएम पीयूसी की बिक्री की है जिसने बाद में इसे वुस इंटरनेशनल को बेचा है जिसने आगे भारत को निर्यात किया है। व्यापार चैनल 2 के मामले में वुस हुआंग्शी ने वुस इंटरनेशनल को *** अमेरिकी डालर मूल्य के *** एसक्यूएम पीयूसी की बिक्री की है जिसने आगे भारत को निर्यात किया है। यह भी नोट किया जाता है कि वुस केप्ज कुशान और वुस कुशान ने पीओआई के दौरान वुस

इंटरनेशनल के जरिए भारत को क्रमश: *** अमेरिकी डालर मूल्य के *** एसक्यूएम पीयूसी और *** अमेरिकी डालर मूल्य के *** एसक्यूएम पीयूसी का निर्यात किया है।

169. वुश ग्रप ने भारत को निर्यातों के पीसीएन वार ब्यौरे उपलब्ध कराए हैं। उन्होंने बीमा, अंतरदेशीय परिवहन, पत्तन और अन्य व्यय, ऋण लागत और प्रभार के लिए समयोजनों का दावा किया है। प्राधिकारी ने वुश ग्रप द्वारा किए गए दावों की जांच की है और तदनुसार, दावों की अनुमति दी है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि वुश केप्ज कुशान ने इन आयातों की लाभप्रदता के लिए परिशिष्ट 5 नहीं दिया है। जहां पीयूसी को वूश ह्वांग्शी से खरीदा गया था। रिकार्ड में उपलब्ध सूचना से प्राधिकारी देखते है कि वुश केप्ज कुशान ने व्यापार मात्राओं में घाटा उठाया है और उक्त घाटों को निर्यात कीमत में समायोजित किया है। तदनुसार प्राधिकारी ने वुश केप्ज कुशान, वुश कुशान, वुश हुआंग्सी और वुश ग्रप के लिए अलग-अलग पीसीएन वार निवल निर्यात कीमत और पीसीएन वार निवल निर्यात कीमत का भारित औसत निर्धारित किया है। और उसे नीचे पाटन मार्जिन तालिका में दर्शाया गया है।

घ. जियांगमेन सनटैक सर्किट टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड, शेन्ज़ेन सनटैक मल्टीलेयर पीसीबी कंपनी लिमिटेड, डालियान सनटैक इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड, डालियान सनटैक सर्किट कंपनी लिमिटेड और झुहाई सनटैक सर्किट टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड, और सनटैक टेक्नोलॉजी लिमिटेड ("सनटैक ग्रुप")

170. जियांगमेन सनटैक सर्किट टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड **("जियांगमेन सनटैक"),** शेन्ज़ेन सनटैक मल्टीलेयर पीसीबी कंपनी लिमिटेड **("शेन्ज़ेन सनटैक"),** डालियान सनटैक इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड **("डालियान सनटैक इलेक्ट्रॉनिक्स"),** डालियान सनटैक सर्किट कंपनी लिमिटेड **("डालियान सनटैक सर्किट")** और ज़ुहाई सनटैक सर्किट टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड **("ज़ुहाई सनटैक")** चीन जन. गण. में संबद्ध वस्तु के विनिर्माण में शामिल संबंधित कंपनियां हैं। सनटैक टेक्नोलॉजी लिमिटेड ("सनटैक टेक्नोलॉजी") हांगकांग में एक संबंधित व्यापारी है जिसने भारत को पीयूसी का निर्यात किया है। सनटैक टेक्नोलॉजी के जरिए प्रत्येक उत्पादक के निर्यातों की मात्रा और मूल्य नीचे तालिका में दिया गया है।

उत्पादक	मात्रा (एसक्यूएम)	मूल्य (यूएसडी)
जियांगमेन सुन्तक	***	***
शेन्ज़ेन सनटाक	***	***
डालियान सनटाक इलेक्ट्रॉनिक्स	***	***
डालियान सनटाक सर्किट	***	***
ज़ुहाई सनतक सर्किट	***	***

171. ज़ुहाई सनटैक सर्किट ने जियांगमेन सनटैक को *** अमेरिकी डॉलर के *** एसक्यूएम को पीयूसी को बेचा है जिसे आगे सनटैक टेक्नोलॉजी को बेचा गया है और भारत को निर्यात किया गया है।

172. सुन्तक ग्रुप ने भारत को निर्यातों के पीसीएन वार ब्यौरे उपलब्ध कराए हैं। निर्यात एफसीए आधार पर किए गए हैं; तथापि, उक्त उत्पादकों ने निर्यात कीमत में किसी खर्च का दावा नहीं किया है। प्राधिकारी ने निवल निर्यात कीमत ज्ञात करने के लिए सर्वोत्तम उपलब्ध तथ्यों के आधार पर अंतरदेशीय मालभाड़े को समायोजित किया है। तदनुसार प्राधिकारी ने जियांगमेन सनटाक, शेन्ज़ेन सनटाक, डालियान सनटैक इलेक्ट्रॉनिक्स, डालियान सनटैक सर्किट, झुहाई सनटैक और समग्र रूप से सुन्तक ग्रुप के लिए अलग-अलग पीसीएन वार निवल निर्यात कीमत और पीसीएन वार निवल निर्यात कीमत का भारित औसत निर्धारित किया है तथा वह नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

क. शेन्ज़ेन किनवॉन्ग इलेक्ट्रॉनिक कंपनी लिमिटेड, जियांग्शी किनवॉन्ग प्रिसिजन सर्किट कंपनी लिमिटेड, किनवॉन्ग इलेक्ट्रॉनिक टेक्नोलॉजी (लॉन्गचुआन) कंपनी लिमिटेड, किनवॉन्ग इलेक्ट्रॉनिक टेक्नोलॉजी (झुहाई) कंपनी लिमिटेड और किनवॉन्ग इलेक्ट्रॉनिक (हांगकांग) लिमिटेड ("किनवोंग ग्रुप") ”)

173. शेन्ज़ेन किनवॉन्ग इलेक्ट्रॉनिक कंपनी लिमिटेड **("शेनज़ेन किनवॉन्ग"),** जियांग्शी किनवॉन्ग प्रिसिजन सर्किट कंपनी लिमिटेड **("जियांग्शी किनवॉन्ग"),** किनवॉन्ग इलेक्ट्रॉनिक टेक्नोलॉजी (लॉन्गचुआन) कंपनी लिमिटेड **("किनवॉन्ग इलेक्ट्रॉनिक लॉन्गचुआन")** और किनवॉन्ग इलेक्ट्रॉनिक टेक्नोलॉजी (ज़ुहाई) कंपनी लिमिटेड **("किनवोंग**

इलेक्ट्रॉनिक झुहाई") चीन जन. गण. में संबद्ध वस्तु के विनिर्माण में शामिल संबंधित कंपनियां हैं। पीओआई के दौरान पूर्वोक्त उत्पादकों ने हांगकांग में एक संबंधित व्यापारी किनवॉन्ग इलेक्ट्रॉनिक (हांगकांग) लिमिटेड ("किनवोंग इलेक्ट्रॉनिक हांगकांग") के जरिए भारत को संबद्ध वस्तु का निर्यात किया है।

174. यह भी नोट किया गया है कि दो उत्पादकों जियांग्शी किनवॉन्ग और किनवॉन्ग इलेक्ट्रॉनिक लॉन्गचुआन ने शेन्ज़ेन किनवॉन्ग के जरिए भारत को पीयूसी का निर्यात किया है जिसने सीधे और किनवॉन्ग इलेक्ट्रॉनिक हांगकांग के जरिए भारत को निर्यात किया है।

175. प्रत्येक उत्पादक के निर्यातों की मात्रा और मूल्य नीचे तालिका में दिया गया है:

उत्पादक	**मात्रा (एसक्यूएम)**	**मूल्य (यूएसडी)**
शेन्ज़ेन किनवॉन्ग	***	***
जियांग्शी किनवॉन्ग	***	***
किनवॉन्ग इलेक्ट्रॉनिक हांगकांग	***	***
किनवॉन्ग इलेक्ट्रॉनिक झुहाई	***	***

176. किनवॉन्ग ग्रुप ने विहित प्रपत्रों में भारत को निर्यातों का पीसीएन वार ब्यौरा प्रदान किया है। उन्होंने केवल अंतरदेशी परिवहन के लिए समायोजन का दावा किया है। प्राधिकारी ने नोट किया है कि उत्पादकों ने ऋण की शर्तें बताई है परंतु ऋण लागत नहीं बताई है। प्राधिकारी ने दावे के अनुसार अंतरदेशीय परिवहन और सर्वोत्तम उपलब्ध तथ्यों के आधार पर ऋण लागत के लिए समायोजन की अनुमति दी है। तदनुसार, प्राधिकारी ने शेन्ज़ेन किनवॉन्ग, जियांग्शी किनवॉन्ग, किनवॉन्ग इलेक्ट्रॉनिक लॉन्गचुआन, किनवॉन्ग इलेक्ट्रॉनिक झुहाई और समग्र रूप से किनवॉन्ग ग्रुप के लिए अलग-अलग पीसीएन वार निवल निर्यात कीमत और पीसीएन वार निवल निर्यात कीमत का भारित औसत निर्धारित किया है और इसका उल्लेख पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

ख. किन यिप टेक्नोलॉजी इलेक्ट्रॉनिक्स (हुइझोउ) कंपनी लिमिटेड

177. किन यिप (हुइझोउ) पी.सी. बोर्ड कंपनी लिमिटेड **("किन यिप टेक्नोलॉजी")** चीन जन. गण. में संबद्ध वस्तु के विनिर्माण में शामिल है। किन यिप टेक्नोलॉजी ने निर्यातक प्रश्नावली के अपने उत्तर में बताया है कि उसने हांगकांग में दो व्यापारियों अर्थात किन यिप (हुइझोउ) पी.सी. बोर्ड कंपनी लिमिटेड **("किन यिप बोर्ड"),** हांगकांग में एक संबंधित व्यापारी और झेजियांग डाहुआ विजन टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड **("झेजियांग डाहुआ")**, हांगकांग में असंबंधित कंपनी के जरिए भारत को पीयूसी का निर्यात किया है। दोनों व्यापारियों ने प्रश्नावली का अलग-अलग उत्तर प्रस्तुत किया है जिसमें किन यिप टेक्नोलॉजी से उनकी खरीद और भारत को निर्यातों की आगे बिक्री की घोषणा की गई है। यह नोट किया जाता है कि झेजियांग दाहुआ ने आगे अपने संबंधित व्यापारी दाहुआ टेक्नोलॉजी (एचके) लिमिटेड **("दाहुआ टेक्नोलॉजी")** के जरिए भारत को पीयूसी की बिक्री की है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि झेजियांग दाहुआ और दाहुआ टेक्नोलॉजी ने भी चीन में अनेक अन्य उत्पादकों/निर्यातकों से खरीदे गए पीयूसी का निर्यात भी किया है।

178. प्राधिकारी नोट करते हैं कि किन यिप टेक्नोलॉजी ने भारत को निर्यात के लिए झेजियांग दाहुआ को केवल एक पीसीएन *** की *** एसक्यूएम मात्रा बेची थी। तथापि यह नोट किया गया है कि झेजियांग दाहुआ तथा दाहुआ टेक्नोलॉजी दोनों ने बताया है कि उन्होंने भारत को निर्यात के लिए किन यिप टेक्नोलॉजी से क्रमश: दो पीसीएन *** और *** की ***एसक्यूएम की *** एसक्यूएम मात्रा खरीद है।

179. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि दाहुआ टेक्नोलॉजी ने 30 जून, 2023 को प्रस्तुत प्रश्नावली के अपने आरंभिक उत्तर में वर्तमान मामल में माप की इकाई वर्गमीटर (एसक्यूएम) में मात्रा के ब्यौरे सूचित किए बिना *** करोड़ आरएमबी मूल्य के साथ भारत को *** बिक्री सौदों की जानकारी दी थी। एसक्यूएम में सूचना देने की कमी के लिए दिनांक 12 सितंबर, 2023 के उत्तर में उक्त निर्यातक ने वर्ग ब्यौरे दिए। तथापि, बिक्री सौदों को संशोधित उत्तर में काफी अधिक बदल दिया गया जिसमें उचित कारण बताए बिना *** करोड़ आरएमबी मूल्य के *** बिक्री सौदों की सूचना दी गई। यह नोट किया

गया है कि भारत को निर्यात के लिए सूचित सौदों की मात्रा और मूल्य में काफी संशोधन किया गया है। इसके अलावा, यह भी देखा गया है कि झेजियांग दाहुआ ने किन यिप टेक्नोलाजी से पीयूसी की खरीद कीमत के मुकाबले असामान्य रूप से अधिक कीमत पर दाहुआ टेक्नोलॉजी को पीयूसी की बिक्री की है। यद्यपि यह देखा गया है कि दाहुआ टेक्नोलॉजी ने भारत को निवल घाटे पर बिक्री की है। तथापि, यह भी नोट किया गया है कि संबंधित व्यापारी किन यिप बोर्ड ने समान पीसीएन को किन यिप टेक्नोलाजी से खरीद कीमत पर तर्क संगत मार्जिन पर भारत को बिक्री / निर्यात किया है। अत: प्राधिकारी मानते हैं कि दाहुआ टेक्नोलॉजी द्वारा भारत को सूचित बिक्री और निर्यात सौदें काफी अधिक संशोधित किए गए हैं जो झेजियांग दाहुआ/ दाहुआ टेक्नोलॉजी द्वारा सूचित निर्यात सौदों की विश्वसनीयता पर संदेह उत्पन्न करता है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि किन यिप टेक्नालाजी ने संबंधित व्यापार किन यिप बोर्ड के जरिए पीयूसी की भारी मात्रा का निर्यात किया है। अत: प्राधिकारी उत्पादक किन यिप टेक्नोलाजी के लिए कारखानाद्वार कीमत की गणना हेतु उसके संबंधित व्यापारी किन यिप बोर्ड के जरिए किन यिप टेक्नोलाजी द्वारा किए गए केवल निर्यात सौदों पर विचार करने का प्रस्ताव करते हैं।

180. झेजियांग डाहुआ/डाहुआ टेक्नोलॉजी द्वारा दायर प्रारंभिक प्रश्नावली प्रतिक्रिया में टुकड़ों में जानकारी शामिल थी। बाद में, दिनांक 12 सितंबर, 2023 के माध्यम से प्रतिसाद देने वाले निर्माता ने टुकड़ों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की, जो पहले बताई गई संख्या से बहुत अधिक थी। आगे यह नोट किया गया है कि पहले प्रस्तुतीकरण में, प्रतिसाद देने वाले निर्माता/निर्यातक ने पीयूसी और गैर-पीयूसी दोनों के लिए डेटा की सूचना दी थी। बाद के प्रस्तुतिकरण में उपरोक्त उत्पादक/निर्यातक ने डेटा को केवल पीयूसी तक ही सीमित रखा है, लेकिन प्रारंभिक प्रस्तुतिकरण में रिपोर्ट की गई संख्या 12 सितंबर, 2023 के संशोधित प्रस्तुतिकरण के माध्यम से रिपोर्ट की गई संख्या से कम थी। प्राधिकरण इस तथ्य पर विचार करने में असमर्थ है। ऐसा कोई मामला नहीं हो सकता जहां रिपोर्ट किया गया कोई खंड ब्रह्मांड से भी ऊंचा हो। इसलिए, यह उपरोक्त निर्माता/निर्यातक द्वारा दायर किए गए अनुरोधों की विश्वसनीयता/सच्चाई पर संदेह पैदा करता है। इसे ध्यान में रखते हुए प्राधिकरण मेसर्स झेजियांग डाहुआ/डाहुआ टेक्नोलॉजी द्वारा दायर प्रश्नावली के जवाब को खारिज कर देता है।

181. प्राधिकरण नोट करता है कि किन यिप टेक्नोलॉजी ने अपने संबंधित व्यापारी किन यिप बोर्ड के माध्यम से बड़ी मात्रा में पीयूसी का निर्यात किया है। इसलिए, निर्माता किन यिप टेक्नोलॉजी के लिए पूर्व-कारखाना मूल्य की गणना के लिए प्राधिकरण केवल अपने संबंधित व्यापारी किन यिप बोर्ड के माध्यम से किन यिप टेक्नोलॉजी द्वारा किए गए निर्यात लेनदेन पर विचार करता है। किन यिप टेक्नोलॉजी ने एक्स-वर्क्स आधार पर किन यिप बोर्ड के माध्यम से भारत में 94,021 वर्गमीटर पीयूसी का निर्यात किया है, जिसे पूर्व-फैक्टरी मूल्य की गणना के लिए आधार के रूप में लिया जाता है जो डंपिंग मार्जिन तालिका में नीचे दिया गया है।

ग. हुइझोउ सिटी हुइयांग आई-टेक इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड

182. हुइझोउ सिटी हुइयांग आई-टेक इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड **("हुइझोउ सिटी")** चीन जन. गण. में संबद्ध वस्तु के विनिर्माण में शामिल हैं। हुइझोउ सिटी ने हांगकांग में एक असंबंधित व्यापारी झेजियांग दाहुआ विजन टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड **("झेजियांग दाहुआ")** को संबद्ध वस्तु का *** एसक्यूएम का निर्यात किया है। जिसने बाद में भारत को निर्यात के लिए हांगकांग में एक संबंधित व्यापारी दाहुआ टेक्नोलॉजी (एचके) लिमिटेड **("दाहुआ टेक्नोलॉजी")** को संबद्ध वस्तु की बिक्री की है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि झेजियांग दाहुआ और दाहुआ टेक्नोलॉजी ने भी चीन में अनेक अन्य उत्पादकों/निर्यातों से खरीदी गई पीयूसी का निर्यात किया है।

183. ऊपर पैरा 181 में उल्लिखित कारणों के लिए झेजियांग डहुआ/डहुआ टेक्नोलॉजी द्वारा सूचित भारत को निर्यात सौदों को निर्यात कीमत की गणना हेतु विश्वसनीय नहीं माना गया है। अत: प्राधिकारी दहुआ ग्रुप अर्थात झेजियांग डहुआ/डहुआ टेक्नोलॉजी से निर्यातक / व्यापारी द्वारा प्रस्तुत उत्तर को स्वीकार नहीं करने का प्रस्ताव करते हैं। प्राधिकारी नोट करते हैं कि हुइझोइसिटी ने भारत को बहुत कम मात्रा में निर्यात किया है और पीयूसी की पूरी मात्रा को झेजियांग डहुआ/डहुआ टेक्नोलॉजी के जरिए निर्यात किया गया है। अत: प्राधिकारी उत्पाक हुईझोउ सिटी के लिए अलग मार्जिन की गणना हेतु कारखानाद्वार कीमत परिकलित नहीं करने का प्रस्ताव करते हैं।

घ. शेन्ज़ेन केरुई हाई-टेक सामग्री कं, लिमिटेड

184. शेन्ज़ेन केरुई हाई-टेक मटेरियल्स कंपनी लिमिटेड **("शेन्ज़ेन केरुई")** चीन जन. गण. में संबद्ध वस्तु के विनिर्माण में शामिल हैं। पीओआई के दौरान शेन्ज़ेन केरुई ने हांगकांग में एक असंबंधित व्यापारी झेजियांग डाहुआ विजन टेक्नोलॉजी कं, लिमिटेड **("झेजियांग डाहुआ")** के जरिए भारत को *** एसक्यूएम संबद्ध वस्तु का निर्यात किया है जिसने बाद में भारत को निर्यात के लिए हांगकांग में एक संबंधित कंपनी दाहुआ टेक्नोलॉजी (एचके) लिमिटेड **("दाहुआ टेक्नोलॉजी")** संबद्ध वस्तु की बिक्री की है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि झेजियांग दाहुआ और दाहुआ टेक्नोलॉजी ने चीन से अनेक अन्य उत्पादकों /निर्यातकों से खरीदी गई पीयूसी का भी निर्यात किया है।

185. ऊपर पैरा 181 में उल्लिखित कारणों के लिए झेजियांग डहुआ/डहुआ टेक्नोलॉजी द्वारा सूचित भारत को निर्यात सौदों को निर्यात कीमत की गणना हेतु विश्वसनीय नहीं माना गया है। अत: प्राधिकारी दहुआ ग्रुप अर्थात झेजियांग डहुआ/डहुआ टेक्नोलॉजी से निर्यातक / व्यापारी द्वारा प्रस्तुत उत्तर को स्वीकार नहीं करने का प्रस्ताव करते हैं। प्राधिकारी नोट करते हैं कि शेन्ज़ेन केरुई ने झेजियांग डहुआ/डहुआ टेक्नोलॉजी के जरिए पीयूसी की पूरी मात्रा का निर्यात किया है। अत: प्राधिकारी उत्पादक शेन्ज़ेन केरुई के लिए अलग मार्जिन की गणना हेतु कारखानाद्वार कीमत परिकलित नहीं करने का प्रस्ताव करते हैं।

ड. ग्वांगडोंग चैंपियन एशिया इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड

186. गुआंगडोंग चैंपियन एशिया इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड **("गुआंगडोंग चैंपियन")** चीन जन. गण. में संबद्ध वस्तु के उत्पादन में शामिल है। पीओआई के दौरान गुआंगडोंग चैंपियन ने संपूर्ण संबद्ध वस्तु *** एसक्यूएम का हांगकांग में एक असंबंधित व्यापारी झेजियांग डाहुआ विजन टेक्नोलॉजी कं, लिमिटेड **("झेजियांग डाहुआ")** को निर्यात किया है। जिसने बाद में भारत को निर्यात के लिए हांगकांग में एक संबंधित कंपनी दाहुआ टेक्नोलॉजी (एचके) लिमिटेड **("दाहुआ टेक्नोलॉजी")** को संबद्ध वस्तु की बिक्री की है।

प्राधिकारी नोट करते हैं कि झेजियांग दाहुआ और दाहुआ टेक्नोलॉजी ने चीन में अनेक अन्य उत्पादकों/निर्यातकों से खरीदी गई पीयूसी का भी निर्यात किया है।

187. ऊपर पैरा 181 में उल्लिखित कारणों के लिए झेजियांग डहुआ/डहुआ टेक्नोलॉजी द्वारा सूचित भारत को निर्यात सौदों को निर्यात कीमत की गणना हेतु विश्वसनीय नहीं माना गया है। अत: प्राधिकारी दहुआ ग्रुप अर्थात झेजियांग डहुआ/डहुआ टेक्नोलॉजी से निर्यातक / व्यापारी द्वारा प्रस्तुत उत्तर को स्वीकार नहीं करने का प्रस्ताव करते हैं। प्राधिकारी नोट करते हैं कि गुवांगडोंग चैंपियन ने झेजियांग डहुआ/डहुआ टेक्नोलॉजी के जरिए पीयूसी की पूरी मात्रा का निर्यात किया है। अत: प्राधिकारी उत्पादक गुवांगडोंग चैंपियन के लिए अलग मार्जिन की गणना हेतु कारखानाद्वार कीमत परिकलित नहीं करने का प्रस्ताव करते हैं।

च. गुआंगडोंग किंगशाइन इलेक्ट्रॉनिक टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड और टीईएएन इलेक्ट्रॉनिक (दा या बे) कंपनी लिमिटेड

188. गुआंगडोंग किंगशाइन इलेक्ट्रॉनिक टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड **("गुआंगडोंग किंगशाइन")** और टीईएएन इलेक्ट्रॉनिक (दा या बे) कंपनी लिमिटेड **("टीन इलेक्ट्रॉनिक")** संबद्ध वस्तु के उत्पादन में शामिल चीन जन. गण. की संबंधित कंपनियां हैं। पीओआई के दौरान गुआंगडोंग किंगशाइन ने संबद्ध वस्तु *** एसक्यूएम का हांगकांग में एक असंबंधित व्यापारी झेजियांग डाहुआ विजन टेक्नोलॉजी कं, लिमिटेड **("झेजियांग डाहुआ")** को निर्यात किया है। जिसने बाद में भारत को निर्यात के लिए हांगकांग में एक संबंधित कंपनी दाहुआ टेक्नोलॉजी (एचके) लिमिटेड **("दाहुआ टेक्नोलॉजी")** को संबद्ध वस्तु की बिक्री की है। इसके अलावा टीन इलेक्टॉनिक ने पीओआई के दौरान भारत को केवल *** एसक्यूएम संबद्ध वस्तु का सीधे निर्यात किया है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि झेजियांग दाहुआ और दाहुआ टेक्नोलॉजी ने चीन में अनेक अन्य उत्पादकों/निर्यातकों से खरीदी गई पीयूसी का भी निर्यात किया है।

189. ऊपर पैरा 181 में उल्लिखित कारणों के लिए झेजियांग डहुआ/डहुआ टेक्नोलॉजी द्वारा सूचित भारत को निर्यात सौदों को निर्यात कीमत की गणना हेतु विश्वसनीय नहीं

माना गया है। अत: प्राधिकारी दहुआ ग्रुप अर्थात झेजियांग डहुआ/डहुआ टेक्नोलॉजी से निर्यातक / व्यापारी द्वारा प्रस्तुत उत्तर को स्वीकार नहीं करने का प्रस्ताव करते हैं। प्राधिकारी नोट करते हैं कि गुवांगडोंग किंगशाइन ने झेजियांग डहुआ/डहुआ टेक्नोलॉजी के जरिए पीयूसी की पूरी मात्रा का निर्यात किया है और टीन इलेक्ट्रानिक ने भारत को कम गैर वाणिज्यिक मात्रा का निर्यात किया है। यह भी नोट किया गया है कि टीन इलेक्ट्रानिक ने भारत को सभी निर्यात बिक्री सौदों के लिए पीसीएन सूचित नहीं किया है। अत: प्राधिकारी गुवांगडोंग किंगशाइन ग्रुप में उत्पादकों के लिए अलग मार्जिन की गणना हेतु कारखानाद्वार कीमत परिकलित नहीं करने का प्रस्ताव करते हैं।

छ. शेनान सर्किट्स कंपनी लिमिटेड, नानटोंग शेनान सर्किट्स कंपनी लिमिटेड और वूशी शेनान सर्किट्स कंपनी लिमिटेड ("शेन्नान ग्रुप")

190. शेनान सर्किट्स कंपनी लिमिटेड **("शेन्नान सर्किट्स"),** नानटोंग शेनान सर्किट्स कंपनी लिमिटेड **("नानटोंग शेनान")** और वूशी शेनान सर्किट्स कंपनी लिमिटेड **("वुक्सी शेनान")** चीन जन. गण. में संबद्ध वस्तु के विनिर्माण में शामिल संबंधित कंपनियां हैं। वूशी शेनान और नानटोंग शेनान ने शेनान सर्किट्स के जरिए भारत को संबद्ध वस्तु का निर्यात किया था। इसके अलावा शेनान सर्किट्स ने भारत को सीधे पीयूसी का उत्पादन और निर्यात किया है। प्रत्येक उत्पादक के निर्यातों की मात्रा और मूल्य नीचे तालिका में दिया गया है।

उत्पादक	**मात्रा (एसक्यूएम)**	**मूल्य (यूएसडी)**
शेनान सर्किट्स	***	***
वूशी शेनान	***	***
नानटोंग शेनान	***	***

191. शेनान ग्रुप ने विहित प्रपत्र में भारत को निर्यातों के पीसीएन वार ब्यौरे उपलब्ध कराए हैं। उन्होंने अंतरदेशीय परिवहन और सीमा शुल्क के ब्रोकर की फीस के लिए

समायोजिनों का दावा भी किया है। प्राधिकारी ने शेनान ग्रुप द्वारा किए गए दावों की जांच की है और तदनुसार दावों की अनुमति दी है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि शेनान सर्किट्स ने भारत को पीयूसी के निर्यातों के लिए लाभप्रदता की गणना हेतु परिशिष्ट 5 खर्च सूचित नहीं किए हैं। रिकार्ड की सूचना से प्राधिकारी ने निर्यात कीमत में व्यापार मात्रा पर घाटों को समायोजित किया है। तदनुसार, शेनान सर्किट्स, नानटोंग शेनान, नानटोंग शेनान और समग्र रूप से शेनान ग्रुप के लिए कारखानाद्वार स्तर पर निवल निर्यात कीमत आवश्यक समायोजनों की अनुमति देते हुए निर्धारित की गई और उसका उल्लेख नीचे पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

ज. कालेक्स मल्टी-लेयर सर्किट बोर्ड (झोंगशान) लिमिटेड, मेरिक्स प्रिंटेड सर्किट्स टेक्नोलॉजी लिमिटेड, गुआंगज़ौ टर्मब्रे इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड, डोंगगुआन मीडविले सर्किट्स कंपनी लिमिटेड और टीटीएम टेक्नोलॉजीज ट्रेडिंग (एशिया) कंपनी लिमिटेड ("टीटीएम ग्रुप")

192. पीओआई के दौरान डोंगगुआन मीडविल सर्किट्स कंपनी लिमिटेड ने संबंधित निर्यातक/व्यापारी अर्थात टीटीएम टेक्नोलॉजीज ट्रेडिंग (एशिया) कंपनी लिमिटेड, हांगकांग के जरिए प्रत्यक्ष रूप से भारत को *** अमेरिकी डॉलर बीजक मूल्य पर *** एसक्यूएम संबद्ध वस्तु की बिक्री की है। उत्पादक / निर्यातक ने कारखानाद्वार स्तर पर निर्यात कीमत से पीसीएन वार भारित औसत ज्ञात करने के लिए समायोजनों का दावा किया है, इस प्रकार निर्धारित कीमत नीचे पाटन मार्जिन तालिका में दर्शायी गई है।

193. पीओआई के दौरान कालेक्स मल्टी-लेयर सर्किट बोर्ड (झोंगशान) लिमिटेड ने संबंधित निर्यातक/व्यापारी अर्थात टीटीएम टेक्नोलॉजीज ट्रेडिंग (एशिया) कंपनी लिमिटेड, हांगकांग के जरिए अप्रत्यक्ष रूप से भारत को *** अमेरिकी डॉलर बीजक मूल्य पर *** एसक्यूएम संबद्ध वस्तु की बिक्री की है। उत्पादक / निर्यातक ने कारखानाद्वार स्तर पर निर्यात कीमत से पीसीएन वार भारित औसत ज्ञात करने के लिए समायोजनों का दावा किया है, इस प्रकार निर्धारित कीमत नीचे पाटन मार्जिन तालिका में दर्शायी गई है।

194. पीओआई के दौरान मेरिक्स प्रिंटेड सर्किट्स टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने संबंधित निर्यातक/व्यापारी अर्थात टीटीएम टेक्नोलॉजीज ट्रेडिंग (एशिया) कंपनी लिमिटेड, हांगकांग के जरिए अप्रत्यक्ष रूप से भारत को *** अमेरिकी डॉलर बीजक मूल्य पर *** एसक्यूएम संबद्ध वस्तु की बिक्री की है। उत्पादक / निर्यातक ने कारखानाद्वार स्तर पर निर्यात कीमत से पीसीएन वार भारित औसत ज्ञात करने के लिए समायोजनों का दावा किया है, इस प्रकार निर्धारित कीमत नीचे पाटन मार्जिन तालिका में दर्शायी गई है।

195. पीओआई के दौरान गुआंगझोऊ टर्मब्रे इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी कं, लिमिटेड ने संबंधित निर्यातक/व्यापारी अर्थात टीटीएम टेक्नोलॉजीज ट्रेडिंग (एशिया) कंपनी लिमिटेड, हांगकांग के जरिए अप्रत्यक्ष रूप से भारत को *** अमेरिकी डॉलर बीजक मूल्य पर *** एसक्यूएम संबद्ध वस्तु की बिक्री की है। उत्पादक / निर्यातक ने कारखानाद्वार स्तर पर निर्यात कीमत से पीसीएन वार भारित औसत ज्ञात करने के लिए समायोजनों का दावा किया है, इस प्रकार निर्धारित कीमत नीचे पाटन मार्जिन तालिका में दर्शायी गई है।

झ. जियांग्शी लोंगहाई सर्किट टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड और सुपर टेक कंपनी लिमिटेड

196. जियांग्शी लोंगहाई सर्किट टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड **("जियांग्शी लोंगहाई")** चीन जन. गण. में पीयूसी के उत्पादन में शामिल है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि जियांग्शी लोंगहाई ने हांगकांग में अपने संबंधित व्यापारी सुप टेक कंपनी लिमिटेड **(सुप टेक)** के जरिए पीओआई के दौरान भारत को पीयूसी का निर्यात किया है। जियांग्शी लोंगहाई सुप टेक के जरिए भारत को *** अमेरिकी डॉलर के मूल्य पर *** एसक्यूएम पीयूसी का निर्यात किया है।

197. जियांग्शी लोंगहाई और सुप टेक ने भारत को निर्यातों के पीसीएन वार ब्यौरे उपलब्ध कराए हैं। सभी पोत लादान कारखानाद्वार आधार पर की गई हैं। अत: जियांग्शी लोंगहाई द्वारा किसी समायोजन का दावा नहीं किया गया है। तदुनसार, प्राधिकारी ने जियांग्शी लोंगहाई के लिए अलग से पीसीएन वार निवल निर्यात कीमत और पीसीएन वार निवल निर्यात कीमत का भारित औसत निर्धारित किया है और उसका उल्लेख नीचे पाटन मार्जिन तालिका में दिया गया है।

ञ. शिन्झेन शिनवेइसाई इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड और युएकिंग ओनबॉम इलेक्ट्रॉनिक कंपनी लिमिटेड

198. शिन्झेन शिनवेइसाई इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड **("शिनवेइसाई")** चीन जन. गण. में संबद्ध वस्तु के उत्पादन में शामिल है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि शिनवेइसाई ने हांगकांग में अपने संबंधित व्यापारी यूकिंग ओनबॉम इलेक्ट्रॉनिक कंपनी लिमिटेड **("ओमबॉम")** के जरिए पीओआई के दौरान भारत को *** अमेरिकी डॉलर मूल्य की *** एसक्यूएम पीयूसी का निर्यात किया है।

199. शिनवेइसाई और ओनबॉम ने भारत को निर्यातों के पीसीएन वार ब्यौरे उपलब्ध कराए हैं। शिनवेइसाई ने ऋण लागत के लिए समायोजन का दावा किया है और प्राधिकारी ने उसकी अनुमति दी है। तदुनसार, प्राधिकारी ने शिनवेइसाई के लिए अलग से पीसीएन वार निवल निर्यात कीमत और पीसीएन वार निवल निर्यात कीमत का भारित औसत निर्धारित किया है और उसका उल्लेख नीचे पाटन मार्जिन तालिका में दिया गया है।

ट. काई पिंग एलेक और एलटेक नंबर 3 कंपनी लिमिटेड, काई पिंग एलेक और एलटेक कंपनी लिमिटेड और एलेक और एलटेक (एमएसीएओ) कंपनी लिमिटेड ("एलेक और एलटेक ग्रुप")

200. काई पिंग इलेक और एल्टेक नंबर 3 कंपनी लिमिटेड **("काई पिंग नंबर 3")**, काई पिंग इलेक और एल्टेक कंपनी लिमिटेड **("काई पिंग")** चीन जन. गण. में संबद्ध वस्तु के उत्पादन में शामिल संबंधित कंपनियां हैं और उन्होंने मकाओ में अपने संबंधित व्यापारी एलेक एंड एलटेक (मकाओ) कंपनी लिमिटेड **("एलेक एंड एलटेक मकाओ")** के जरिए पीयूसी का निर्यात किया है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि काई पिंग नंबर 3 ने इलेक और एल्टेक मकाओ के जरिए भारत को *** अमेरिकी मूल्य के पीयूसी के *** एसक्यूएम का निर्यात किया है। जबकि काई पिंग ने *** अमेरिकी मूल्य के पीयूसी के *** एसक्यूएम का निर्यात किया है।

201. इलेक और एल्टेक ग्रुप ने भारत को निर्यातों के पीसीएन वार ब्यौरे उपलब्ध कराए हैं। काई पिंग नंबर, 3 और काई पिंग ने अंतरदेशीय परिवहन और ऋण लागत के लिए निर्यात कीमत में समायोजनों का दावा किया है। प्राधिकारी ने काई पिंग नंबर, 3 और काई पिंग द्वारा किए गए दावों की जांच की है और उनकी अनुमति दी है। तदनसुार, प्राधिकारी ने काई पिंग नंबर 3, काई पिंग और समग्र रूप से इलेक और एल्टेक ग्रुप के लिए अलग- अलग पीसीएन वार निवल निर्यात कीमत और पीसीएन वार निवल निर्यात कीमत का भारित औसत निर्धारित किया है। इस प्रकार परिकलित निर्यात कीमत नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

ठ. इनो सर्किट्स लिमिटेड

202. पीओआई के दौरान इनो सर्किट्स लिमिटेड, चीन जन. गण. ने भारत को सीधे *** अमेरिकी डॉलर बीजक मूल्य पर *** एसक्यूएम संबद्ध वस्तु की बिक्री की है। उत्पादक / निर्यातक ने कारखानाद्वार स्तर पर निर्यात कीमत से पीसीएन वार भारित औसत ज्ञात करने के लिए समायोजनों का दावा किया है, इस प्रकार निर्धारित कीमत नीचे पाटन मार्जिन तालिका में दर्शायी गई है।

ड. सनशाइन ग्लोबल सर्किट्स कंपनी लिमिटेड, जिउ जियांग सनशाइन सर्किट्स टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड और सनशाइन पीसीबी (एच) लिमिटेड ("सनशाइन ग्रुप")

203. पीओआई के दौरान सनशाइन ग्लोबल सर्किट्स कंपनी लिमिटेड ने संबंधित निर्यातक/व्यापारी अर्थात सनशाइन पीसीबी (एचके), लिमिटेड, हांगकांग के जरिए अप्रत्यक्ष रूप से भारत को *** अमेरिकी डॉलर बीजक मूल्य पर *** एसक्यूएम संबद्ध वस्तु की बिक्री की है। उत्पादक / निर्यातक ने कारखानाद्वार स्तर पर निर्यात कीमत से पीसीएन वार भारित औसत ज्ञात करने के लिए समायोजनों का दावा किया है, इस प्रकार निर्धारित कीमत नीचे पाटन मार्जिन तालिका में दर्शायी गई है।

204. पीओआई के दौरान जिउ जियांग सनशाइन ने संबंधित निर्यातक/व्यापारी अर्थात सनशाइन पीसीबी (एचके), लिमिटेड, हांगकांग के जरिए अप्रत्यक्ष रूप से भारत को *** अमेरिकी डॉलर बीजक मूल्य पर *** एसक्यूएम संबद्ध वस्तु की बिक्री की है। उत्पादक / निर्यातक ने कारखानाद्वार स्तर पर निर्यात कीमत से पीसीएन वार भारित औसत ज्ञात

करने के लिए समायोजनों का दावा किया है, इस प्रकार निर्धारित कीमत नीचे पाटन मार्जिन तालिका में दर्शायी गई है।

ढ. चीन जन. गण. से अन्य उत्पादक

205. चीन जन. गण. से सभी अन्य असहयोगी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत सहयोगी उत्पादकों द्वारा प्रदत्त आंकड़ों पर विचार करते हुए उपलब्ध तथ्यों के अनुसार निर्धारित किया जाना है और इसका उल्लेख नीचे पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

<u>हांगकांग के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण</u>

ण. सामान्य मूल्य ओपीसी मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड

206. हांगकांग में संबद्ध वस्तु के एक उत्पादक ओपीसी मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड **("ओपीसी")** ने प्रश्नावली का उत्तर दिया है। ओपीसी मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड **("ओपीसीएम")** ने प्राधिकारी से उसे उत्तर देने से और डेस्क सत्यापन दस्तावेजों को प्रस्तुत करने से छूट देने का अनुरोध किया है। चूंकि ओपीसीएम ने भारत को निर्यातों के ब्यौरे के सत्यापन हेतु कोई सूचना नहीं दी है। इसलिए प्राधिकारी वर्तमान जांच में ओपीसीएम को असहयोगी निर्यातक मानने का प्रस्ताव करते हैं।

त. हांगकांग से सभी उत्पादकों के लिए सामान्य मूल्य

207. प्राधिकारी नोट करते हैं कि हांगकांग से किसी अन्य उत्पादक / निर्यातक ने निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर नही दिया है। इसलिए वर्तमान जांच में हांगकांग से पीयूसी का कोई सहयोगी उत्पादक नहीं है। अत: सामान्य मूल्य रिकार्ड में उपलब्ध सर्वोत्तम तथ्यों के आधार पर निर्धारित किया गया है।

<u>हांगकांग में निर्यात कीमत का निर्धारण</u>

थ. ओपीसी मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड के लिए निर्यात कीमत

208. हांगकांग में संबद्ध वस्तु के एक उत्पादक ओपीसी मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड **("ओपीसी")** ने प्रश्नावली का उत्तर दिया है। ओपीसी मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड **("ओपीसीएम")** ने प्राधिकारी से उसे उत्तर देने से और डेस्क सत्यापन दस्तावेजों को प्रस्तुत करने से छूट देने का अनुरोध किया है। चूंकि ओपीसीएम ने भारत को निर्यातों के ब्यौरे के सत्यापन हेतु कोई सूचना नहीं दी है। इसलिए प्राधिकारी वर्तमान जांच में ओपीसीएम को असहयोगी निर्यातक मानने का प्रस्ताव करते हैं।

द. हांगकांग से सभी उत्पादकों के लिए निर्यात कीमत

209. प्राधिकारी नोट करते हैं कि हांगकांग से किसी अन्य उत्पादक / निर्यातक ने निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर नही दिया है। इसलिए वर्तमान जांच में हांगकांग से पीयूसी का कोई सहयोगी उत्पादक नहीं है। अत: निर्यात कीमत रिकार्ड में उपलब्ध सर्वोत्तम तथ्यों के आधार पर निर्धारित किया गया है।

पाटन मार्जिन

210. सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत पर विचार करते हुए पाटन मार्जिन निम्नानुसार निर्धारित किया गया है:

पाटन मार्जिन तालिका

क्र सं.	**उत्पादक**	**सीएनवी (यूएसडी/एसक्यूएम)**	**एनईपी (यूएसडी/एसक्यूएम)**	**पाटन मार्जिन (यूएसडी/एसक्यूएम)**	**पाटन मार्जिन %**	**पाटन मार्जिन % रेंज**
			चीन			
			शेंगयी ग्रुप			
1	जियान शेंगयी इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	(50-60)
2	शेंगयी इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड					
3	शेंगयी ग्रुप					

वुश ग्रुप						
4	वुश प्रिंटेड सर्किट केप्ज (कुशान) कं, लिमिटेड	***	***	***	***	(10-20)
5	वुश प्रिंटेड सर्किट (कुशान) कंपनी लिमिटेड					
6	वुश प्रिंटेड सर्किट (हुआंग शि) कंपनी लिमिटेड					
7	वुश ग्रुप					
जुशेंग ग्रुप						
8	जियांगसी जुशेंग इलेक्ट्रानिक कं. लि०	***	***	***	***	40-50
सुन्तक ग्रुप						
9	जियांगमेन सनटाक सर्किट टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड,	***	***	***	***	(10-20)
10	शेन्ज़ेन सनटाक मल्टीलेयर पीसीबी कंपनी लिमिटेड,					
11	डालियान सनटाक इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड					
12	डालियान सनटाक सर्किट कंपनी लिमिटेड					
13	झुहाई सनटाक सर्किट टेक्नोलॉजी					

	कंपनी लिमिटेड					
14	सनटैक ग्रुप					
किनवोंग ग्रुप						
15	शेन्ज़ेन किनवॉन्ग इलेक्ट्रॉनिक कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	10-20
16	जियांग्शी किनवोंग प्रिसिजन सर्किट कंपनी लिमिटेड					
17	किनवॉन्ग इलेक्ट्रॉनिक टेक्नोलॉजी (लोंगचुआन) कंपनी लिमिटेड					
18	किनवॉन्ग इलेक्ट्रॉनिक टेक्नोलॉजी (ज़ुहाई) कंपनी लिमिटेड					
19	किनवॉन्ग ग्रुप					
20	किन यिप (हुइझोउ) पी.सी. बोर्ड कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	70-80
शेनान ग्रुप						
21	शेनान सर्किट कंपनी लि०	***	***	***	***	(40-50)
22	नानटोंग शेनान सर्किट कंपनी लि०					
23	वुशी शेनान सर्किट कंपनी लि०					

24	शेनान ग्रुप					
टीटीएम ग्रुप						
25	कालेक्स मल्टी-लेयर सर्किट बोर्ड (झोंगशान) लिमिटेड	***	***	***	***	(20-30)
26	मेरिक्स प्रिंटेड सर्किट्स टेक्नोलॉजी लिमिटेड					
27	गुआंगझोऊ टर्मब्रे इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी कं, लिमिटेड					
28	डोंगगुआन मीडविल सर्किट्स कंपनी लिमिटेड					
29	टीटीएम ग्रुप					
30	जियांग्सी लोंगहाई सर्किट टेक्नोलॉजी कं. लि०.	***	***	***	***	0-10
31	शिनझेन जिनवाइसाई इलेक्ट्रानिक्स कं. लि०.	***	***	***	***	10-20
काई-पिंग ग्रुप						
32	काई पिंग इलेक और एल्टेक कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	(10-20)
33	काई पिंग एलेक और एल्टेक नंबर 3 कंपनी लिमिटेड					

34	.काई-पिंग ग्रुप					
सनशाइन ग्रुप						
35	सनशाइन ग्लोबल सर्किट्स कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	(10-20)
36	जिउ जियांग सनशाइन सर्किट टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड					
37	सनशाइन ग्रुप					
	इनो सर्किट्स लिमिटेड					
38	इनो सर्किट्स लिमिटेड	***	***	***	***	0-10
अन्य उत्पादक						
39	कोई अन्य	***	***	***	***	70-80
हांगकांग						
40	सभी	***	***	***	***	70-80

खंड III

क्षति और कारणता संबंध का आकलन

छ. सामग्री क्षति

ग.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किया गया अनुरोध

211. तुलनीय डेटा के आधार पर याचिकाकर्ता द्वारा मात्रात्मक प्रभाव स्थापित नहीं किया गया है। आयात मात्रा को टुकड़ों में रिपोर्ट किया गया है जबकि घरेलू उद्योग के उत्पादन, बिक्री और अन्य मात्रात्मक विवरण एसक्यूएम में रिपोर्ट किए गए हैं। संबद्ध आयात और भारतीय उत्पादन के बीच न तो ऊर्ध्वाधर तुलना और न ही क्षैतिज तुलना संभव है।

212. पीसीबी 0.01 वर्ग फुट जितना छोटा या 1.23 वर्ग फुट जितना बड़ा हो सकता है। अतः संख्याओं/टुकड़ों के आधार पर मात्रा प्रभाव का विश्लेषण सही चित्र नहीं दर्शाता है। घरेलू उद्योग के आयात में वृद्धि के दावे में 'सकारात्मक साक्ष्य' का अभाव है। प्राधिकारी को एडी नियमावली के अनुलग्नक-II के साथ पठित एडीए के अनुच्छेद 3.1 के संदर्भ में तुलना करने और निष्कर्ष निकालने के लिए मात्रा की एक समान और तुलनीय इकाई ढूंढकर एक वस्तुपरक जांच करनी चाहिए।

213. मूल्य के संदर्भ में भारत में मांग जांच अवधि के दौरान मांग की प्रवृत्ति के संबंध में सार्थक निष्कर्ष प्रदान नहीं करती है। यह संभव है कि मूल्य के संदर्भ में मांग में वृद्धि कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि या उच्च-स्तरीय पीसीबी की खपत में बदलाव के कारण हो। एस एंड एस एंटरप्राइजेज बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी और अन्य [2003 की सिविल अपील संख्या 9012 दिनांक 22 फरवरी, 2005] के मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय में, यह माना गया कि "मात्रा" पैरामीटर का विश्लेषण "मात्रा" के आधार पर किया जाएगा न कि "मूल्य" के आधार पर।

214. यह दावा कि घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी में गिरावट आई है, अविश्वसनीय है क्योंकि बाजार हिस्सेदारी की गणना मूल्यों के आधार पर की जाती है। बाजार हिस्सेदारी का आकलन समग्र रूप से भारतीय उद्योग के लिए किया जाना चाहिए, न कि घरेलू उद्योग बनाने वाले 6 घरेलू उत्पादकों के लिए। पीसीबी का उत्पादन विभिन्न आकारों और

विशिष्टताओं में किया जाता है, माप की इकाई के रूप में "पीस" का उपयोग करना बाजार हिस्सेदारी की जांच के लिए अनुचित है।

215. आवेदक उद्योग ने पीयूसी की मांग की गणना करने के लिए एचएस कोड 85340000 के तहत किए गए सभी आयातों पर विचार किया है। पीयूसी स्कोप में सभी प्रकार के पीसीबी को कवर नहीं किया गया है और इसके अलावा आवेदक उद्योग ने विचाराधीन उत्पाद के स्कोप से कुछ प्रकार के पीसीबी को बाहर करने के लिए सहमत हुआ है। ऐसे मामले में, पीयूसी की मांग की गणना करने के लिए पीसीबी के कुल आयात को शामिल करना अनौचित्यपूर्ण होगा।

216. जबकि घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि आधार वर्ष 2018-19 की तुलना में जांच की अवधि के दौरान संबद्ध वस्तु की मांग में काफी वृद्धि हुई है, मांग में वृद्धि के साथ घरेलू उद्योग, समर्थकों और अन्य भारतीय उत्पादकों की बिक्री में भी वृद्धि हुई है। संबद्ध देशों से आयात (मूल्य के संदर्भ में) में 72% की वृद्धि हुई है जबकि चीन जन.गण. से पहुंच कीमत में भी 73% की वृद्धि हुई है। इसलिए, मूल्य में वृद्धि के प्रभाव को कीमत में वृद्धि के साथ अप्रभावी कर दिया गया है, जिससे घरेलू उद्योग को कोई मात्रा संबंधी क्षति नहीं हुई है। इस प्रकार, कोई मात्रा प्रभाव नहीं है।

217. जबकि संबद्ध देशों से आयात में वृद्धि हुई है, वे भारत की बढ़ी हुई घरेलू मांग से प्रेरित थे, और इस प्रकार इसे "क्षति" के आधार के रूप में नहीं देखा जा सकता है। क्षति विश्लेषण अवधि के दौरान भारतीय घरेलू मांग में 6% की वृद्धि हुई। पिछले वर्ष के साथ जांच की अवधि (पीओआई) के आंकड़ों की तुलना करने पर, वृद्धि 20% तक अधिक थी। संबंधित विश्लेषणात्मक रिपोर्ट ("भारतीय पीसीबी बाजार: उद्योग की प्रवृत्ति, शेयर, आकार, विकास, अवसर और पूर्वानुमान 2022-2027") के अनुसार, भारत में पीसीबी की बिक्री 2022 में 3.8 बिलियन डॉलर से तेजी से बढ़कर 2027 में 10.7 बिलियन डॉलर हो जाएगी। चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) 18.8% तक होगी।

218. भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग की तीव्र वृद्धि ने पीसीबी की मांग में एक साथ वृद्धि को प्रेरित किया है, जबकि पहले वाले को बाद वाले की स्थिर आपूर्ति द्वारा सहायता करने की आवश्यकता है। भारत का घरेलू उद्योग भारतीय बाज़ार की मांग को पूरा नहीं कर सकता है।

219. संबद्ध देशों से आयात में समग्र वृद्धि अन्य कारकों से भी प्रेरित थी। संबद्ध देशों से आयातित उत्पादों में बेहतर गुणवत्ता/विश्वसनीयता, कम लीड समय, ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करने की बेहतर क्षमता और उनके उत्पाद पोर्टफोलियो में अधिक उच्च-स्तरीय उत्पाद होते हैं, जो सभी संबद्ध आयातों की वृद्धि में योगदान करते हैं। इसलिए, संबद्ध देशों के आयात में वृद्धि से स्थानीय भारतीय उद्योगों को कोई हानि नहीं हुई। इसके अलावा, भारत के घरेलू उद्योग में मोबाइल के अलावा हाइब्रिड मॉड्यूलस लैमिनेट्स, कॉपर-क्लैड लैमिनेट्स, बड़े आकार के बोर्ड, कठोर-फ्लेक्स पीसीबी और 2-स्तरीय एचडीआई बोर्ड के बड़े पैमाने पर और औद्योगिक उत्पादन की क्षमता का अभाव है।

220. भारतीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, 2021-2022 में भारतीय सीमा शुल्क कोड 85340000 के तहत पीसीबी का आयात: 2021 में कुल 880 मिलियन अमेरिकी डॉलर था, जिसमें से चीन से आयात 387 मिलियन अमेरिकी डॉलर था, 44.0% के लिए लेखांकन; 2022 में, भारत की कुल आयात मात्रा 1.088 बिलियन अमेरिकी डॉलर थी, जिसमें से 495 मिलियन अमेरिकी डॉलर चीन से आयात किया गया था, जो 45.5% है। 2022 में, दुनिया और चीन से भारत का आयात पिछले वर्ष की तुलना में क्रमशः 23.6% और 27.9% बढ़ गया।

221. एलसिना के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2021 में भारत का पीसीबी का कुल उत्पादन मूल्य $361 मिलियन था। उस वर्ष भारत के कुल उत्पादन मूल्य और भारत के कुल आयात मूल्य $880 मिलियन को एक साथ जोड़कर भारतीय बाजार की मांग का अनुमान लगाया जा सकता है, जो कुल मिलाकर $1.241 बिलियन था। यह देखा जा सकता है कि भारत की कुल खपत (बाज़ार हिस्सेदारी) में चीनी आयात की हिस्सेदारी अधिक नहीं थी (387 मिलियन/1.241 बिलियन = 31.2%)।

222. एलसिना के अनुसार, 2018-2019 में भारत में पीसीबी उत्पादों की कुल खपत 2.5 बिलियन डॉलर थी। एलसिना के एक अन्य अनुमान के अनुसार, 2025 तक भारत की पीसीबी की मांग 7.3 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगी।

223. संबद्ध देशों से आयात में वृद्धि को भारतीय बाजार में इसकी बाजार हिस्सेदारी के साथ भी माना जाना चाहिए। 2018 से 2021 तक प्रासंगिक आंकड़ों के विश्लेषण के अनुसार, भारत का बाजार आकार 2018-19 में 2.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर पीओआई में 3.85 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया, जिसमें पूर्ण रूप से 1.35 बिलियन अमेरिकी डॉलर की वृद्धि और

54% की वृद्धि दर है। हालाँकि, इस अवधि के दौरान, चीन और हांगकांग से भारत के आयात में केवल 0.12 बिलियन अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई, जो भारतीय बाजार की मांग में कुल वृद्धि का केवल 9% है। इससे न केवल यह पता चला कि चीन और हांगकांग से आयात में वृद्धि भारत की घरेलू मांग से प्रेरित थी, बल्कि यह भी पता चला कि भारत की बाजार मांग में वृद्धि का मुख्य लाभार्थी भारत का घरेलू उद्योग था।

224. क्षति विश्लेषण अवधि के दौरान चीन और हांगकांग से पीसीबी आयात भारत की कुल खपत का केवल एक छोटा सा हिस्सा था, जो क्षति और क्षति के खतरे के विश्लेषण के लिए महत्वपूर्ण है, इतनी कम बाजार हिस्सेदारी का भारतीय उद्योग पर शायद ही कोई प्रभाव पड़ सकता है।

225. क्षति विश्लेषण अवधि के दौरान भारत में संबद्ध आयात में कोई भी वृद्धि, याचिकाकर्ता द्वारा कथित रूप से संबद्ध आयात के पाटन के बजाय बढ़ी हुई भारतीय मांग का परिणाम थी। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि बाजार हिस्सेदारी को लेकर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

226. पाटित किए गए आयात की मात्रा इस बात के अभाव में भ्रामक और अविश्वसनीय है कि क्या पाटित किए गए आयात का घरेलू बाजार में कीमतों पर प्रभाव पड़ा है। घरेलू उत्पादकों पर इसके परिणामी प्रभाव के लिए पर्याप्त रूप से बड़ी संख्या में लेन-देन की आवश्यकता होती है, जिन्हें चीन और हांगकांग से होने वाले समग्र आयात की तुलना में पाटित किए जाने के रूप में पहचाना जाता है ताकि यह स्थापित करने के लिए एक सांख्यिकीय रूप से वैध नमूना तैयार किया जा सके कि उनका मूल्य कटौती/कम बिक्री के माध्यम से घरेलू बाजार के माध्यम से कीमतों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

227. 228. आयात मूल्य 'अमेरिकी डॉलर प्रति पीस' के आधार पर प्रस्तुत किया जाता है और घरेलू बिक्री मूल्य 'भारतीय रुपए प्रति एसक्यूएम' के आधार पर प्रस्तुत किया जाता है। इससे यह निर्धारित करने में समस्या पैदा होती है कि क्या आयात घरेलू समान वस्तुओं की कीमत कम कर रहा है। याचिकाकर्ता ने उन आयात लेनदेन के लिए मूल्य कटौती की गणना की है जहां विवरण में उक्त विश्लेषण में शामिल मात्रा का खुलासा किए बिना पीसीबी के आयाम थे।

228. कीमत की तुलना में उत्पाद की विविधता को ध्यान में नहीं रखा गया है। विशेष रूप से पीसीबी उत्पादों के लिए, एक वर्ग मीटर सिंगल-साइडेड बोर्ड और एक वर्ग मीटर 6-लेयर बोर्ड में भौतिक विशेषताओं, उपयोग, लागत और कीमत में काफी भिन्न हो सकते हैं।

229. एसक्यूएम द्वारा मापा गया विक्रय मूल्य का डेटा भारत के विक्रय मूल्य में वृद्धि की प्रवृत्ति दर्शाता है। क्षति अवधि के दौरान भारतीय उद्योग के बिक्री मूल्य में 62% की वृद्धि हुई, जबकि बिक्री की मात्रा में 31% की वृद्धि हुई, जिसका अर्थ है कि उस अवधि के दौरान इकाई मूल्य (वर्ग मीटर में मापा गया) में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। यह आरोप सही नहीं है कि आयात ने भारतीय उद्योग की बिक्री कीमत का मूल्य ह्रास/न्यूनीकरण करने में योगदान दिया है।

230. घरेलू उद्योग द्वारा गणना की गई गैर-हानिकारक कीमत, पीओआई से पहले लगभग 25% अतिरिक्त क्षमता जोड़ने के परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग द्वारा बहुत अधिक मूल्यह्रास लागत के कारण अधिक है।

231. प्राधिकारी को गैर-हानिकारक मूल्य की गणना करने की प्रथा के अनुसार 22% आरओसीई का एक यांत्रिक फॉर्मूला लागू नहीं करना चाहिए क्योंकि एडी नियमावली 1995 के अनुबंध-III में नियोजित औसत पूंजी पर उचित रिटर्न (कर-पूर्व) का प्रावधान है। 22% का रिटर्न 1976-77 के मूल्य नियंत्रण आदेश पर आधारित था, जिसमें दिशानिर्देश के रूप में डीजीटीआर की फाइलों पर नोट्स में नियोजित पूंजी पर 22% रिटर्न को उचित माना गया था। यह रिटर्न 18% की बैंक ब्याज दर (पीएलआर) के साथ देश की आर्थिक स्थिति और स्वास्थ्य की पृष्ठभूमि में दवाओं की कीमतें तय करने के लिए था। देश में मौजूदा आर्थिक स्थितियों को व्यवसाय द्वारा वहन की जाने वाली वित्त लागत सहित देखा जाना चाहिए। प्राधिकारी को वर्तमान मामले के तथ्यों में 22% आरओसीई की अनुमति नहीं देनी चाहिए जहां घरेलू उद्योग ने कहा है कि पीसीबी उद्योग में धातु जैसे अन्य कमोडिटीकृत उद्योगों की तुलना में अपेक्षाकृत कम निवेश टर्नओवर अनुपात (अर्थात बिक्री टर्नओवर/निवेश) है।

232. ब्रिज स्टोन टायर मैन्युफैक्चरिंग एवं अन्य बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी [2011 (270) ई.एल.टी. 696 (ट्राई.-डेल.)] के मामले में, माननीय सीईएसटीएटी ने पाया है कि डीए द्वारा अपनाई गई 22% आरओसीई की प्रथा सही नहीं थी। आरओसीई के निर्धारण में यूरोपीय संघ द्वारा अपनाई गई प्रथा भी उपरोक्त कथन का समर्थन करती है। टी-210/95 यूरोपीय उर्वरक निर्माता संघ (ईएफएमए) बनाम परिषद [1999] ईसीआर II-3291 के मामले का संदर्भ दिया

गया है। उचित रिटर्न के लिए सीधी रेखा पद्धति पर संयंत्र के 20 वर्षों के सेवा जीवन और वास्तविक ब्याज पर गणना की गई वास्तविक मूल्यह्रास पर विचार किया जाना चाहिए।

233. याचिका में दिए गए आंकड़ों के अनुसार, संपूर्ण क्षति विश्लेषण अवधि के दौरान भारतीय उद्योग की क्षमता का उपयोग 51% से कम था। अकेले यह कारक घरेलू उद्योग को हानि का संकेत नहीं देता है क्योंकि डेटा के स्रोत का प्रकटीकरण नहीं किया गया है और उस पर टिप्पणी नहीं की जा सकती है। डेटा बनाने में उपयोग की जाने वाली गणना विधि संदिग्ध है क्योंकि क्षमता की गणना करने के कई तरीके हैं। हितबद्ध पक्षकारों को यह नहीं पता कि याचिकाकर्ता ने प्रति व्यक्ति उत्पादकता, प्रति व्यक्ति काम के घंटे और इस प्रकार गणना की गई क्षमता की गणना कैसे की है। भले ही प्राधिकारी याचिका में क्षमता और क्षमता उपयोग डेटा को स्वीकार करता है, यह अनुरोध किया जाता है कि याचिकाकर्ताओं के कम क्षमता उपयोग को संबद्ध देशों से आयात के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है क्योंकि अन्य अज्ञात कारक हैं जो क्षमता उपयोग को प्रभावित कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, याचिकाकर्ता द्वारा वित्तीय वर्ष 2019-2020 के लिए बीपीएल लिमिटेड (बीपीएल) की वित्तीय रिपोर्ट में, बीपीएल ने उस वर्ष के दौरान आठ महीने की समग्र सूचना दी। इसलिए, भारत में कम क्षमता उपयोग दर भी भारतीय कंपनियों के समग्र का परिणाम हो सकती है। जैसा कि वित्त वर्ष 2019-2020 में बीपीएल की वित्तीय रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है, कोविड-19 से जुड़ी सामाजिक दूरी की नीतियों के कारण व्यवधान उत्पन्न हुआ और बड़ी संख्या में कर्मचारी अपने काम के घंटों की गारंटी देने में असमर्थ थे जिसके कारण उत्पादन में रुकावट आई।

234. किसी भौतिक क्षति के अस्तित्व के लिए अनुच्छेद 3.4 में सूचीबद्ध आर्थिक मापदंडों में गिरावट होनी चाहिए, अर्थात, क्षति को साबित करने के लिए आर्थिक कारकों में ‘गिरावट’ एक पूर्व-आवश्यकता है और आवेदक उद्योग के आर्थिक कारकों में बहुत अधिक वृद्धि हुई है। इसलिए, घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हुई है।

235. अनुच्छेद 3.4 में "संभावित गिरावट" शब्द सापेक्ष गिरावट का संकेतक नहीं है, लेकिन यह क्षति विश्लेषण के खतरे को कवर करता है। किसी भौतिक क्षति के अस्तित्व के लिए अनुच्छेद 3.4 में सूचीबद्ध आर्थिक मापदंडों में गिरावट होनी चाहिए। "संभावित" गिरावट शब्द का उपयोग घरेलू उद्योग को "सामग्री क्षति का खतरा" के परिदृश्य को कवर करने के लिए किया जाता है और वर्तमान में क्षति के लिए आवश्यक रूप से वास्तविक गिरावट होनी चाहिए।

236. याचिकाकर्ताओं के आर्थिक मानदंड दर्शाते हैं कि घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हुई है और क्षति, यदि कोई हो, को चीन जन.गण. से संबद्ध वस्तुओं के आयात के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। चीन जन.गण., कोरिया जन.गण. और यूक्रेन से उत्पन्न या निर्यात होने वाले साइट्रिक एसिड के आयात से संबंधित पैरा 24 पाटनरोधी जांच पर भरोसा किया गया है। यदि घरेलू उद्योग लाभ कमा रहा है और नियोजित पूंजी पर तर्कसंगत रिटर्न कमा रहा है, तो जांच समाप्त कर दी जाएगी।

237. क्षति अवधि में भारतीय घरेलू उत्पादन में वृद्धि हुई है। क्षति विश्लेषण अवधि के दौरान भारतीय घरेलू उद्योग का उत्पादन 770,000 वर्ग मीटर से बढ़कर 890,000 वर्ग मीटर हो गया, जिसमें 120,000 वर्ग मीटर की पूर्ण वृद्धि और 16% की वृद्धि दर शामिल है।

238. क्षमता विस्तार पर विचार किए बिना क्षमता उपयोग में गिरावट पर भरोसा नहीं किया जा सकता। क्षमता में वृद्धि की दर क्षमता उपयोग में गिरावट से अधिक है।

239. क्षति अवधि के दौरान, भारतीय उद्योग की कुल बिक्री मात्रा में 31% की वृद्धि हुई, जिसमें घरेलू बिक्री में 32% की वृद्धि हुई। बिक्री मूल्य के संदर्भ में, इस अवधि के दौरान भारतीय उद्योग की बिक्री मूल्य में 62% की वृद्धि हुई, जिसमें से घरेलू बिक्री में 61% की वृद्धि हुई। इससे पता चलता है कि भारतीय घरेलू उद्योग की औसत इकाई कीमत बढ़ रही थी।

240. वित्त वर्ष 2021-2022 के लिए बीपीएल की वित्तीय स्थिति से यह भी पता चला है कि वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी के पीसीबी उत्पादों की बिक्री मूल्य में पिछले वर्ष की तुलना में 23% की वृद्धि हुई है।

241. बिक्री लागत में वृद्धि की तुलना में बिक्री मूल्य में वृद्धि अधिक है। जांच की अवधि में, बिक्री मूल्य में 56 सूचीबद्ध अंकों की वृद्धि हुई जबकि बिक्री की लागत में केवल 50 सूचीबद्ध अंकों की वृद्धि हुई। इसलिए, कोई मूल्य ह्रास या न्यूनीकरण नहीं है।

242. जांच की अवधि के दौरान माल-सूची में तेजी से कमी आई है, जो याचिकाकर्ताओं के लिए एक सकारात्मक संकेतक है और यह दर्शाता है कि याचिकाकर्ताओं के सामान की बाजार में पर्याप्त मांग है। किसी भी मामले में, पीयूसी मानकीकृत उत्पाद नहीं है और कोई मालसूची

नहीं रखी जा सकती है; इसलिए प्रदर्शन में गिरावट का समर्थन करने के लिए मालसूची एक प्रासंगिक आर्थिक पैरामीटर नहीं हो सकती है। ब्रिज स्टोन टायर मैन्युफैक्चरिंग (थाईलैंड) बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी में माननीय सेस्टैट के अनुसार माल-सूची में वृद्धि को बिक्री के % के रूप में देखा जाना चाहिए, न कि अलग से देखा जाना चाहिए।

243. आधार वर्ष की तुलना में जांच अवधि के दौरान बिक्री की लागत में 35 सूचीबद्ध अंकों की वृद्धि हुई। निर्यात बिक्री मूल्य में केवल 3 सूचीबद्ध अंकों की वृद्धि हुई जो दर्शाता है कि निर्यात बिक्री के कारण क्षति हो रही है। उत्पादन, कर्मचारियों की संख्या, प्रति दिन उत्पादकता, प्रति कर्मचारी उत्पादकता, वेतन और मजदूरी से संबंधित डेटा क्षति नहीं दर्शाता है।

244. क्षमता वृद्धि के कारण घरेलू उद्योग की लाभप्रदता कम थी जिसके कारण उच्च मूल्यह्रास और परिशोधन हुआ। जांच अवधि के दौरान लाभ में काफी वृद्धि हुई है।

245. 22% का आरओसीई क्षति का आर्थिक पैरामीटर नहीं है। 22% के आरओसीई पर प्राधिकारी द्वारा केवल एनआईपी और परिणामी क्षति मार्जिन की गणना के उद्देश्य से विचार किया जाता है।

246. वित्तीय वर्ष 2021-2022 के लिए बीपीएल की वित्तीय रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी की शुद्ध बिक्री और राजस्व में लगभग 10% की वृद्धि हुई; कंपनी का कर पूर्व लाभ काफी बढ़ गया।

247. 248. कोविड-19 के प्रभाव के कारण वित्त वर्ष 2019-2020 में गिरावट की प्रवृत्ति के अलावा, बाद के वित्त वर्ष में, याचिकाकर्ता द्वारा प्रदान किए गए 7 संकेतकों में से 5 ने सकारात्मक रुझान दिखाया; जांच अवधि के दौरान, 7 में से 7 संकेतकों ने सकारात्मक रुझान दिखाया।

248. क्षति अवधि के दौरान, औसत नियोजित पूंजी, निवल अचल संपत्ति और कार्यशील पूंजी जैसे संकेतक क्षति विश्लेषण अवधि के दौरान 40% से अधिक बढ़ गए, जो भारतीय उद्योग की धन जुटाने और निवेश करने की क्षमता को दर्शाता है।

249. बाहरी निवेश के कारण बीपीएल अपनी सुविधा को उन्नत करने और उत्पादन बढ़ाने में सक्षम था। उत्पादन निवेश में वृद्धि से पता चला कि निवेशकों को भारतीय उद्योग के बाजार दृष्टिकोण पर भरोसा था।

250. अन्य मूल्य प्रभावित करने वाले कारकों के संबंध में, भारतीय घरेलू उद्योग ने बिक्री की लागत में 54% की वृद्धि, मूल्यह्रास में 59% की वृद्धि और ब्याज लागत में 49% की वृद्धि का अनुभव किया है। भारतीय उद्योग अपने उत्पादन को बनाए रखने के लिए इनपुट के आयात पर बहुत अधिक निर्भर रहा है, इस संबंध में भारतीय उत्पादों के कच्चे माल की लागत फिर से बढ़ गई थी। आर्थिक मापदंडों के समग्र विश्लेषण से पता चलता है कि घरेलू उद्योग की स्थिति में काफी सुधार हुआ है और संबद्ध देशों से आयात का इसके प्रदर्शन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। थाईलैंड में डब्ल्यूटीओ अपीलीय निकाय की रिपोर्ट-एच-बीम्स (डब्ल्यूटी/डीएस122/एबी/आर) में, अपीलीय निकाय ने जोर देकर कहा है कि पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 3.4 में सूचीबद्ध सभी कारकों का अनिवार्य मूल्यांकन होना चाहिए।

251. याचिकाकर्ता ने दिनांक 9 सितंबर 2023 के पत्र के तहत ऐसे परिवर्तनों के लिए पर्याप्त कारण बताए बिना प्रोफार्मा IV ए में प्रदान की गई जानकारी को संशोधित किया है। यह याचिकाकर्ता द्वारा दायर किए गए डेटा की प्रामाणिकता के बारे में चिंता पैदा करता है जिसके आधार पर प्राधिकारी ने वर्तमान जांच शुरू की है। याचिकाकर्ता अज्ञात कारणों से मौखिक सुनवाई के बाद डेटा को संशोधित नहीं कर सकता है। प्राधिकारी से मौखिक सुनवाई के बाद प्रोफार्मा IV ए में दी गई जानकारी में ऐसे परिवर्तनों के कारणों की जांच करने का अनुरोध किया गया है। दिनांक 9 सितंबर 2023 के पत्र में बिना किसी स्पष्टीकरण के ब्याज लागत की सूचना परिवर्तित कर दी गई है।

252. घरेलू उद्योग द्वारा दावा की गई ब्याज लागत अप्रैल 2020 से जून 2021 में सबसे अधिक है, जब आरबीआई द्वारा दरों में कटौती के बाद ब्याज दरें सबसे कम थीं।

छ.2 घरेलू उद्योग द्वारा किया गया अनुरोध

253. पीयूसी की लागत और कीमत का विश्लेषण करने के लिए माप की उपयुक्त इकाई वर्ग मीटर या एसक्यूएम है, न कि संख्याएं क्योंकि पीयूसी का निर्माण और बिक्री ग्राहकों की आवश्यकताओं के आधार पर अलग-अलग आकारों में की जाती है, जो कुछ वर्ग मिलीमीटर से लेकर सैकड़ों वर्ग मिलीमीटर तक हो सकते हैं।

254. चूंकि भारत में आयात को आयात डेटाबेस में संख्याओं में रिपोर्ट किया गया है, न कि उचित आयात विवरण के बिना वर्ग मीटर में परिवर्तित करने के लिए वर्ग मीटर में, चूंकि समग्र शर्तों में संबद्ध आयात में वृद्धि और कमी के विश्लेषण के उद्देश्य से, याचिका में संख्या में मात्रा पर विचार किया गया। वर्ष 2019-20 में संबद्ध देशों से आयात में गिरावट आई, यह अप्रैल 20 से 21 जून (ए) और पीओआई में बढ़ गया। पीओआई में वृद्धि पिछले वर्षों की तुलना में बहुत अधिक दर पर थी। कुल आयात के संबंध में संबद्ध देशों से आयात की कुल मात्रा आधार वर्ष में 92% से बढ़कर जांच अवधि में 94% हो गई है। संबद्ध देशों से आयात भारत में कुल आयात का एक बड़ा हिस्सा है।

255. जबकि मूल्य के संदर्भ में मांग में 47% की वृद्धि हुई है, मूल्य के संदर्भ में आयात आधार वर्ष से पीओआई तक 72% की वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष के साथ-साथ आधार वर्ष की तुलना में जांच अवधि में आयात के मूल्य में तीव्र और महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। कुल आयात में मूल्य के संदर्भ में संबद्ध आयात की हिस्सेदारी आधार वर्ष से पीओआई तक 75% से बढ़कर 84% हो गई है। कुल मांग में संबद्ध देशों से आयात की बाजार हिस्सेदारी में आधार वर्ष से पीओआई तक 17% की वृद्धि हुई है। वहीं, घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी 6% कम हो गई है।

256. घरेलू उद्योग में 50% से अधिक अप्रयुक्त क्षमताएं हैं। संबद्ध देशों से आयात ने घरेलू उद्योग को भारत में पीयूसी की बढ़ती मांग को पूरा करने और क्षमता उपयोग का उचित स्तर भी प्राप्त करने की अनुमति नहीं दी है। इसके विपरीत, अत्यधिक पाटन और अनुचित कीमतों के कारण घरेलू उद्योग द्वारा बाजार हिस्सेदारी की हानि के साथ-साथ आधार वर्ष से पीओआई तक क्षमता उपयोग में गिरावट आई है।

257. एस एंड एस एंटरप्राइज में माननीय सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय उस विशेष मामले के तथ्यों के लिए विशिष्ट था जिसमें मुद्दा यह था कि क्या एडी नियमावली के नियम 14 के तहत जांच को समाप्त करने के लिए 3% की सीमा को मात्रा या मूल्य आधार पर माना जाना चाहिए। उक्त संदर्भ में, माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने माना है कि 3% सीमा को मात्रा

के संदर्भ में लागू किया जाना चाहिए। वर्तमान मामला मात्रा और मूल्य प्रभाव और भारत में उद्योग की स्थिति पर इसके प्रभाव सहित विभिन्न कारकों को ध्यान में रखते हुए घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति के निर्धारण से संबंधित है। यह अनिवार्य रूप से जांच के दौरान प्राधिकारी द्वारा एकत्र किए गए सभी सकारात्मक साक्ष्यों पर विचार करने के बाद निष्पक्ष रूप से एक राय का गठन है। किसी भी मामले में, आयात में वृद्धि की मात्रा घरेलू उद्योग को हुई क्षति को सिद्ध करने के लिए एकमात्र या प्रारंभिक परीक्षण नहीं है।

258. आयात डेटा से वर्ग मीटर में आयात की मात्रा प्राप्त करने में वास्तविक कठिनाई है। ऐसी वास्तविक कठिनाई के कारण, घरेलू उद्योग ने आयात मात्रा का विश्लेषण संख्या के साथ-साथ मूल्य के संदर्भ में भी किया, जैसा कि आयात डेटा में बताया गया है। घरेलू उद्योग के सभी मापदंडों को वर्ग मीटर और मूल्य शर्तों के संदर्भ में सूचित किया गया है। उसी आधार पर तुलना करने के लिए, बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि या कमी की गणना करने के लिए घरेलू उद्योग द्वारा रिपोर्ट किए गए मूल्यों की तुलना आयात डेटाबेस में रिपोर्ट किए गए मूल्यों से की गई। एस एंड एस एंटरप्राइज (सुप्रा) में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत तथ्य वास्तविक कठिनाई के साथ-साथ क्षति के निर्धारण से संबंधित नहीं थे। वर्तमान मामले के विशिष्ट तथ्यों के कारण आयात और मांग का मूल्य के संदर्भ में विश्लेषण किया जा सकता है।

259. विशेष रूप से क्षति के मापदंडों में से एक के लिए वर्ग मीटर में आयात डेटा की मात्रा निर्धारित करने में वास्तविक कठिनाई वाले मामलों में सख्त और रूढ़िवादी दृष्टिकोण अपनाने से चीनी निर्यातकों को आयात डेटा रिपोर्टिंग में कमियों का अनुचित लाभ मिलेगा। इसलिए, प्राधिकारी संख्या के संदर्भ में आयात के पूर्ण मात्रा प्रभाव और मूल्य के संदर्भ में सापेक्ष प्रभाव पर विचार कर सकता है।

260. हितबद्ध पक्षकारों ने सभी संबद्ध आयातों (चीन जन.गण. और हांगकांग) के मूल्य में 72% की वृद्धि की तुलना केवल चीन जन.गण. के पहुंच कीमत प्रति पीस से की है, जो गलत है। जबकि चीन जन.गण. से आयात के मूल्य में 149% की भारी वृद्धि हुई है, प्रति पीस मूल्य में केवल 73% की वृद्धि हुई है। यह अपने आप में दर्शाता है कि चीन जन.गण. से आयात की मात्रा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

261. मुद्रास्फीति पर तर्क अस्थिर है क्योंकि मुद्रास्फीति भारत में घरेलू उद्योग और आयातकों दोनों को प्रभावित करती है। इसका प्रभाव भारत में आयात कीमतों के साथ-साथ घरेलू

उद्योग की कीमतों दोनों पर दिखाई देगा। संबद्ध देशों के लिए आयात मूल्य में 72% की वृद्धि हुई है जबकि आवेदकों, समर्थकों और अन्य भारतीय उत्पादकों के घरेलू बिक्री मूल्य में आधार वर्ष से पीओआई तक क्रमशः 49%, 10% और 39% की वृद्धि हुई है। यह मानते हुए कि भारत में मुद्रास्फीति घरेलू और निर्यातकों दोनों के लिए समान थी, इससे पता चलता है कि आयात की मात्रा में काफी वृद्धि हुई है। ऐसा होने पर, हितबद्ध पक्षकारों के तर्क में दम नहीं है। इसलिए, वर्तमान मामले में मात्रात्मक प्रभाव है।

262. उपरोक्त पर पूर्वाग्रह किए बिना, घरेलू उद्योग ने भारत में पीसीबी के औसत मूल्य निर्धारण के आधार पर आयात मूल्यों को एसक्यूएम में परिवर्तित करके एसक्यूएम में आयात के मात्रा प्रभाव का विश्लेषण भी किया है। जब ऐसी तुलना वर्ग मीटर के आधार पर मात्रा में की जाती है तो मूल्य के संदर्भ में दिखाई गई क्षति समान रूप से प्रतिध्वनित होती है। महत्वपूर्ण रूप से बिना कटौती की कीमतों पर आयात होने के बावजूद विश्लेषण रूढ़िवादी आधार पर किया जाता है।

263. एसक्यूएम में आयात की मात्रा पूर्ण रूप से 24% बढ़ गई है। भारतीय घरेलू उत्पादन और बिक्री में केवल 10% की वृद्धि हुई है। जबकि एसक्यूएम में मांग में 18% की वृद्धि हुई है, एसक्यूएम में आयात मात्रा में 24% की उल्लेखनीय वृद्धि को देखते हुए, आयात ने अपनी बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि की है और भारतीय मांग में अधिकांश वृद्धि पर नियंत्रण कर लिया है। यह घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी में कमी से भी स्पष्ट है। मात्रा के संदर्भ में भारतीय उद्योग के उत्पादन के संबंध में आयात में आधार वर्ष से 13% की वृद्धि हुई है। आधार वर्ष से मात्रा के संदर्भ में भारतीय मांग के संबंध में आयात में 5% की वृद्धि हुई है।

264. जबकि घरेलू उद्योग को महत्वपूर्ण (50% से कम) क्षमता के कम उपयोग का सामना करना पड़ा है, जो क्षति अवधि और जांच की अवधि में खराब हो गया है, आयात भारतीय बाजार हिस्सेदारी का लगभग 60% का बहुमत हिस्सा लेता है, जिससे घरेलू उद्योग में हिस्सेदारी केवल 40% के आसपास बच जाती है, इस तथ्य के बावजूद कि अगर घरेलू उद्योग को कीमतों के मामले में उचित अवसर प्रदान किया जाए तो घरेलू उद्योग भारत में पूरी मांग की पूर्ति कर सकता है।

265. वर्ग मीटर के संदर्भ में, आयात में काफी वृद्धि हुई है और मांग में वृद्धि पर कब्जा कर लिया है। वर्तमान मामले में भारी मात्रा का प्रभाव है। प्राधिकारी भाग लेने वाले निर्यातकों द्वारा दायर प्रश्नावली प्रतिक्रियाओं से प्रति एसक्यूएम औसत मूल्य का उपयोग करके

एसक्यूएम में आयात की मात्रा की गणना भी कर सकता है, जो यह भी प्रदर्शित करेगा कि संबद्ध देशों से आयात का महत्वपूर्ण मात्रा पर प्रभाव पड़ रहा है।

266. वर्तमान जांच में कई निर्यातकों द्वारा दायर निर्यातक प्रश्नावली प्रतिक्रियाओं के परिशिष्ट-1 के विश्लेषण से पता चलता है कि आधार वर्ष से पीओआई तक निर्यात की मात्रा में भारी वृद्धि हुई है। यह बिना किसी संदेह के सिद्ध करता है कि वर्तमान मामले में मात्रात्मक प्रभाव है।

267. एडी समझौते के अनुच्छेद 3.2 के अनुसार, प्राधिकारी इस बात पर विचार करेगा कि क्या आयात करने वाले सदस्य के समान उत्पाद की कीमत की तुलना में पाटित किए गए आयात से महत्वपूर्ण कीमत में कटौती हुई है, या क्या ऐसे आयात का प्रभाव कीमतों को काफी हद तक कम करने या कीमतों में बढ़ोतरी को रोकने के लिए अन्यथा है, जो अन्यथा काफी सीमा तक घटित हो सकती थी। डोमिनिकन गणराज्य कोरुगेटेड स्टील बार्स में डब्ल्यूटीओ पैनल ने इसी अवधारणा को समझाया था। "अथवा" शब्द के उपयोग का अर्थ है कि उपरोक्त सभी तीन प्रभावों का हर जांच में मौजूद होना आवश्यक नहीं है। यदि उपरोक्त कारकों में से कोई एक मौजूद है तो यह पर्याप्त है। इस दृश्य को मोरक्को-एक्सरसाइज बुक में डब्ल्यूटीओ पैनल का समर्थन मिलता है।

268. प्रति वर्ग मीटर में संबद्ध आयात की पहुंच कीमत घरेलू उद्योग द्वारा बेचे गए समान उत्पाद के प्रति वर्ग मीटर बिक्री मूल्य से काफी कम है। कीमत में कटौती महत्वपूर्ण और सकारात्मक है, जिसकी गणना आयात डेटा से वर्ग मीटर में की जाती है, जहां पीसीबी के विनिर्देश दिखाई देते हैं।

269. भाग लेने वाले निर्यातकों के गैर-गोपनीय प्रश्नावली उत्तर से, यह स्पष्ट है कि चीन से पीयूसी की कीमतें काफी कम हो रही हैं। इसका विश्लेषण भाग लेने वाले निर्यातकों की प्रश्नावली प्रतिक्रियाओं के परिशिष्ट-1 से किया जा सकता है। प्राधिकारी घरेलू उद्योग की निवल बिक्री प्राप्ति के साथ तुलना करके भाग लेने वाले निर्यातकों की पहुंच कीमत से इसकी जांच कर सकता है।

270. घरेलू उद्योग ने अपने दिनांक 20 दिसंबर 2022 के अनुरोध में पीयूसी के उन भाग संख्याओं की पहचान की थी जिनकी आपूर्ति पहले घरेलू उद्योग द्वारा की जा रही थी, लेकिन जो अब पाटन के कारण भारतीय आपूर्ति को विस्थापित करने के कारण

उपयोगकर्ताओं द्वारा बहुत कम कीमतों पर आयात किया जा रहा था। उक्त भाग संख्याओं के लिए, डेटा महत्वपूर्ण मूल्य कटौती के अस्तित्व को दर्शाता है।

271. घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत में वृद्धि बिक्री की लागत में वृद्धि को दर्शाती है। दूसरे शब्दों में, बिक्री मूल्य बिक्री की लागत के साथ-साथ बढ़ गया है क्योंकि दोनों में लगभग 35-40% की वृद्धि हुई है। घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत में लागत और लाभ के साथ वृद्धि दिखाई दे रही है क्योंकि घरेलू उद्योग आम तौर पर बाजार क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करता है जहां यह मार्जिन उत्पन्न कर सकता है जबकि मांग के शेष बड़े हिस्से को आयात मूल्य कटौती और पाटन के चलते आयात द्वारा पूरा किया जाता है। यह घरेलू उद्योग की महत्वपूर्ण अप्रयुक्त क्षमताओं का एक कारण है। यदि घरेलू उद्योग पाटित किए गए आयातों द्वारा पूरा किए गए इन खंडों को पूरा करके क्षमता उपयोग को बढ़ाने की कोशिश करता है, तो लागत से भी कम कीमत में कटौती की सीमा के कारण यह घाटे में चलने वाली स्थिति बन जाएगी, जैसा कि चीनी निर्यातकों के उपलब्ध ईमेल संचार/मूल्य उद्धरण में दिखाया गया है।

272. जांच की अवधि के दौरान कच्चे माल की लागत में काफी वृद्धि होने के बावजूद, कई निर्यातकों के भारत में निर्यात की कीमत, जैसा कि उनके प्रश्नावली के उत्तर से पता चलता है, आधार वर्ष की तुलना में घटती प्रवृत्ति दर्शाती है। हालांकि कुछ निर्यातकों ने कीमतें बढ़ा दी हैं, लेकिन लागत की तुलना में ऐसी वृद्धि महत्वपूर्ण नहीं रही है।

273. भारत में बढ़ती मांग और आयात की बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि के साथ, यदि निर्यातक कम कीमतों पर पीयूसी का निर्यात जारी रखते हैं, तो यह घरेलू उद्योग के प्रदर्शन पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालेगा क्योंकि बाजार खंडों की बढ़ती संख्या को अब निर्यातकों द्वारा पूरा किया जा रहा है।

274. जबकि घरेलू उद्योग वर्तमान में लाभदायक खंडों पर ध्यान केंद्रित करने के कारण बिक्री मूल्य बढ़ाने में सक्षम है, पाटित कीमतों पर पीयूसी के निरंतर आयात से घरेलू उद्योग पर मूल्य ह्रास और न्यूनीकरण का खतरा पैदा हो गया है। तथ्य यह है कि जांच की अवधि के बाद कीमत में कटौती बढ़ गई है, जो इसी बात का प्रमाण है। प्राधिकारी से अनुरोध है कि मूल्य प्रभाव का विश्लेषण करते समय इस पर विचार करें।

275. एडी समझौते के अनुच्छेद 3.4 और एडी नियमावली के अनुलग्नक- II के खंड (iv) में घरेलू उद्योग की स्थिति की जांच का प्रावधान है, जिसमें "सभी प्रासंगिक आर्थिक कारकों और सूचकांकों" का मूल्यांकन शामिल होगा, जो" उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालता है"। प्रावधान उन कारकों की एक सूची भी प्रदान करता है जिन पर उद्योग की स्थिति की जांच करते समय प्राधिकारी द्वारा विचार किया जाएगा। ईसी-बेड लिनन में डब्ल्यूटीओ पैनल ने "प्रासंगिक" और "सहित" शब्दों की व्याख्या इस बात पर जोर देने के लिए की है कि ऐसे "सभी" कारकों के बीच अन्य "प्रासंगिक आर्थिक कारक और सूचकांक उद्योग की स्थिति पर असर डाल रहे हैं" हो सकते हैं जिनका मूल्यांकन किया जाना चाहिए। "सहित" शब्द का अर्थ है कि उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले अन्य कारक भी हो सकते हैं जिनका मूल्यांकन भी किया जा सकता है। इसे अनुच्छेद 3.4 की अंतिम पंक्ति से भी समर्थन मिलता है जिसमें कहा गया है कि सूची संपूर्ण नहीं है।

276. ईसी-बेड लिनन में डब्ल्यूटीओ पैनल ने यह भी माना कि अनुच्छेद 3.4 में विनिर्दिष्ट सभी कारक क्षति के संकेत नहीं होने चाहिए। इसलिए, यह स्पष्ट है कि अनुच्छेद 3.4 में सूचीबद्ध ऐसे कारक हो सकते हैं जो क्षति को प्रदर्शित नहीं करते हैं और प्राधिकारी सभी प्रासंगिक कारकों का विश्लेषण करने के बाद भी क्षति का पता लगा सकता है।

277. आर्थिक मापदंडों में गिरावट किसी सामग्री क्षति को स्थापित करने के लिए आवश्यक नहीं है क्योंकि यह मांग और आयात की तुलना में एक सापेक्ष अवधारणा है। अनुच्छेद 3.4 से, यह स्पष्ट है कि इसमें "वास्तविक" गिरावट और "संभावित" गिरावट दोनों शामिल हैं। "संभावित" गिरावट शब्द का उपयोग घरेलू उद्योग को "सामग्री क्षति का खतरा" के परिदृश्य को कवर करने के लिए नहीं है जैसा कि हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दावा किया गया है और यह आवश्यक नहीं है कि वर्तमान में क्षति के लिए वास्तविक गिरावट हो। एडी समझौते के तहत "संभावित" शब्द को परिभाषित नहीं किया गया है। कैम्ब्रिज डिक्शनरी के अनुसार, "संभावित" शब्द को "संभव लेकिन अभी तक प्राप्त नहीं किया गया" के रूप में परिभाषित किया गया है।

278. ईसी-फास्टनर में, यह माना गया कि अनुच्छेद 3.4 में "संभावित" शब्द का उपयोग इंगित करता है कि जांच प्राधिकारी को क्षति का पता लगाने के लिए जांच की अवधि के दौरान गिरावट की आवश्यकता नहीं है। अपीलीय निकाय ने "नकारात्मक कारक" और "नकारात्मक प्रवृत्ति" के बीच अंतर किया है और माना है कि "सकारात्मक प्रवृत्ति" की भी "नकारात्मक

कारक" के रूप में व्याख्या की जा सकती है, जब वे वृद्धि मांग में विस्तार से काफी कम हो।

279. चीन-ब्रॉयलर उत्पादों में डब्ल्यूटीओ पैनल ने माना है कि संभावित गिरावट का अर्थ "सापेक्षिक गिरावट" है और यह वहां मौजूद है, जहां वास्तविक गिरावट की अनुपस्थिति के बावजूद, जांच की गई अवधि के दौरान आयात का घरेलू उद्योग पर प्रभाव पड़ता है जैसे कि किसी विशेष कारक के संबंध में अव्यक्त या संभावित गिरावट हो।

280. चीन-ब्रॉयलर उत्पादों में डब्ल्यूटीओ पैनल ने इस आधार पर स्पष्ट रूप से "सामग्री क्षति का खतरा" और "संभावित गिरावट" के बीच अंतर किया है कि "सामग्री क्षति का खतरा" में भविष्य का विश्लेषण शामिल है जबकि "संभावित गिरावट" में उद्योग की वर्तमान स्थिति में आयात के प्रभाव का विश्लेषण शामिल है क्योंकि इस खतरे को विशेष रूप से अनुच्छेद 3.7 में कवर किया गया है।

281. उक्त दृष्टिकोण को एडी नियमावली से भी समर्थन मिलता है। जब एडी नियमावली पहली बार वर्ष 1995 में प्रख्यापित किए गए थे, तो "संभावित" शब्द के बजाय "आवश्यक" शब्द का उपयोग किया गया था। अधिसूचना संख्या 44/99-सीमा शुल्क (एन.टी.) दिनांक 15-07-1999 के तहत शब्द "संभावित" को "आवश्यक" शब्द के स्थान पर प्रतिस्थापित किया गया था। इसलिए, वर्ष 1999 से, "आवश्यक" गिरावट की आवश्यकता अब मौजूद नहीं है। कानून का यह स्थापित सिद्धांत है कि कानून में संशोधन को एक अर्थ देना होगा। संशोधन विशेष रूप से घरेलू कानून को एडी समझौते के अनुरूप लाने के लिए था जो संभावित शब्द का उपयोग करता है न कि आवश्यक गिरावट का। विधायिका क्षति के खतरे के पहलुओं को कवर करने के लिए संशोधन नहीं कर सकती थी, जो संशोधन से पहले ही एडी नियमावली के अनुबंध-II के बाद के खंड (vii) द्वारा कवर किया गया था।

282. वर्तमान मामले में अनुच्छेद 3.4 में सूचीबद्ध मापदंडों के लिए, चीन से आयात के विरुद्ध फास्टनरों के लिए बढ़ते यूरोपीय संघ के बाजार में यूरोपीय संघ के फास्टनर उद्योग को क्षति पर यूरोपीय आयोग के निष्कर्षों का संदर्भ दिया गया है। मात्रा मापदंडों में, आधार वर्ष से मांग में 29% की वृद्धि हुई थी, लेकिन आयात मूल्य में 2% की वृद्धि के साथ आधार वर्ष से आयात 179% बढ़ गया था। आयात में बाजार हिस्सेदारी 17% से बढ़कर 26% हो गई, जबकि घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी 22% से घटकर 17% हो गई। मूल्य मापदंडों पर, कीमत में 40% की कटौती हुई। यूरोपीय संघ के मामले में भी, घरेलू संघ उत्पादक के आर्थिक

मापदंडों में वृद्धि हुई थी। क्षमता उपयोग में 53% से 52% की कमी के साथ उत्पादन मात्रा में 6% और क्षमता में 8% की वृद्धि हुई। घरेलू उद्योग की बिक्री मात्रा में 12% की वृद्धि, बिक्री मूल्य में 21% की वृद्धि और बिक्री मूल्य में 8% की वृद्धि के साथ घरेलू उद्योग की माल-सूची में 5% की कमी आई। लाभप्रदता बिक्री के 2.1% से 4.4% तक दोगुनी हो गई थी और निवेश पर रिटर्न 6% से बढ़कर 13% हो गया था। नकदी प्रवाह 7% बढ़ गया था, वेतन में 17% की वृद्धि के साथ कर्मचारियों की संख्या में 12% की वृद्धि हुई थी।

283. उपरोक्त ईयू मामले में, अनुच्छेद 3.4 में सूचीबद्ध अधिकांश मापदंडों ने सकारात्मक प्रवृत्ति दिखाई थी, न कि वास्तविक गिरावट दिखाई थी। हालाँकि, उपरोक्त जांच में यूरोपीय आयोग ने निष्कर्ष निकाला था कि केंद्रीय उद्योग को हानि हो रही है क्योंकि पाटित किए गए आयात की मात्रा में लगभग 180% की वृद्धि हुई है, जो कि पर्याप्त मूल्य कटौती के साथ 26% बाजार हिस्सेदारी तक पहुंच गई है। यह पाया गया कि मांग में 29% की वृद्धि हुई लेकिन घरेलू उद्योग की बिक्री की मात्रा में केवल 12% की वृद्धि हुई, जिसके परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी में 24% की गिरावट आई। यह पाया गया कि उत्पादन मांग के अनुरूप गति से नहीं बढ़ा, और क्षमता उपयोग बहुत कम, लगभग 50% रहा। इसका लाभप्रदता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ा, क्योंकि इसने उद्योग को पैमाने की अर्थव्यवस्थाओं का पूरी तरह से लाभ उठाने से रोक दिया। यूरोपीय संघ के मामले में भी, घरेलू उद्योग ने उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद (विशेष उत्पाद) के बाजार क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति बनाए रखी या सुधारने की कोशिश की, जिनकी यूनिट कीमत अधिक है, लेकिन कम मात्रा में भी उत्पादित की जाती है। इसलिए सामुदायिक उद्योग को इन अधिक विशिष्ट उत्पाद प्रकारों का उत्पादन करने के लिए अपने उपकरणों को उन्नत करना पड़ा और उत्पादन पैटर्न को अनुकूलित करना पड़ा, जिससे समग्र क्षमता में वृद्धि और निष्क्रिय क्षमता का उच्च प्रतिशत भी स्पष्ट हो गया। यह पाया गया कि लाभप्रदता का निम्न स्तर उत्पादन उपकरणों को उस स्तर पर बनाए रखने और सुधारने की क्षमता को प्रभावित कर रहा है जो उन्हें बाजार के ऊपरी हिस्से में महत्वपूर्ण उपस्थिति बनाए रखने की अनुमति देगा। इसलिए, मानक उत्पादों की उच्च उत्पादन मात्रा की हानि सामुदायिक उद्योग की उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रदान करने की क्षमता को भी प्रभावित कर रहा था। यूरोपीय संघ आयोग ने माना कि सामुदायिक उद्योग की लाभप्रदता पर पाटित किए गए आयात का प्रभाव सामुदायिक बाजार के विस्तार और अनुकूल आर्थिक चक्र से कुछ सीमा तक कम हो गया था।

284. घरेलू उद्योग के अनेक मापदंडों में सुधार के बावजूद, यूरोपीय आयोग ने अभी भी निष्कर्ष निकाला कि क्षति मौजूद है क्योंकि सुधार अनुरूप या सापेक्ष नहीं था। यह प्रस्तुत किया

365. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि संबद्ध देशों से पीसीबी आयातों में क्षति अवधि के दौरान भारत की कुल खपत का केवल कुछ ही हिस्सा शामिल है, यह नोट किया जाता है कि हितबद्ध पक्षकार ने "भारतीय पीसीबी बाजार: उद्योग प्रवृत्तियां, अंश, आकार, विका, अवसर और अनुमान 2022-2027" नामक कुछ रिपोर्टों पर भरोसा किया है और कुछ ईएलसीआईएनए सांख्यकियों पर भरोसा किया है, जो प्राधिकारी को प्रदान नहीं किए गए हैं कि चीन से आयात का बाजार अंश भारतीय मांग का मात्र 9% कैसे है। यह भी नोट किया जाता है कि हितबद्ध पक्षकार ने भारतीय बाजार में चीन का हिस्सा वर्ष 2021 में 31.2% होने का अनुमान लगाया था, लेकिन साथ ही इसकी गणना जांच की अवधि के दौरान 9% से भी कम होने की गणना की गई है, जो कि प्रतिकूल प्रतीत हो रही है। प्राधिकारी ने वास्तविक क्षति की अपनी जांच में इस पहलू पर विस्तार से अनुरोधों की जांच की है।

366. हितबद्ध पक्षकार ने यह दावा किया है कि वर्ष 2020-21 में चीन का पीसीबी आउट मूल्य 51.2 बिलियन यूएस डॉलर था, जिसमें पीसीबी उत्पादों का 85.2% घरेलू खपत के लिए था और बढ़ती कीमतों के साथ ही, चीन की भारत को निर्यात करने की क्षमता भी कमजोर हुई। प्राधिकारी ने चीन से निर्यातों में वृद्धि की मात्रा और भारतीय पीसीबी उद्योग को क्षति की आशंका का नीचे के पैरा में विश्लेषण किया है।

367. पाटनरोधी करार का अनुच्छेद 3.7 पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-II का पैरा (vii) वास्तविक क्षति की आशंका से संबंधित है। यह प्रावधान इस प्रकार हैं:

> *"3.7 वास्तविक क्षति की आशंका का निर्धारण तथ्यों पर आधारित होगा और न कि आरोप, निराधार कल्पना या सुदूर संभावना पर। परिस्थितियों में परिवर्तन जिनसे ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है जिनमें पाटन से क्षति होगी, स्पष्ट रूप से दिखने चाहिए और असन्नवर्ती होने चाहिए। वास्तविक क्षति के खतरे की मौजूदगी के संबंध में निर्धारण करते समय निर्दिष्ट प्राधिकारी अन्य बातों के साथ-साथ ऐसे कारकों पर विचार करेंगे और;*
>
> *(i) भारत में पाटित आयातों में वृद्धि की अधिक दर जिससे आयातों में पर्याप्त वृद्धि की संभावना का संकेत मिलता हो।*

(ii) निर्यातक की क्षमता में पर्याप्त मुक्त रूप से निपटान योग्य, या आसन्नवर्ती, पर्याप्त वृद्धि जिनसे किसी अतिरिक्त निर्यात को खपाने के लिए अन्य बाजारों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए भारतीय बाजार में पाटित निर्यातों में पर्याप्त वृद्धि की संभावना का संकेत मिलता हो।

(iii) क्या आयात ऐसी कीमतों पर हो रहे हैं, जिनसे घरेलू कीमतों पर काफी ह्रासकारी या न्यूनकारी प्रभाव पड़ेगा और इनसे अधिक उत्पादों की मांग बढ़ने की संभावना है; तथा

(iv) उस वस्तु की वस्तु सूची की जांच की जा रही हो।"

क. पर्याप्त रूप से आयातों में वृद्धि की संभावना को दर्शते हुए घरेलू बाजार में पाटित आयातों की वृद्धि की महत्वपूर्ण दर

368. आयातों के मात्रात्मक प्रभाव पर विश्लेषण किए गए आंकड़ों से यह नोट किया जाता है कि आयातों में पर्याप्त वृद्धि हुई है। उक्त डेटा को नीचे तालिका में दिया गया है:

विवरण	**इकाई**	**2018-19**	**2019-20**	**अप्रैल 20-जून 21 (वार्षिकी)**	**जुलाई 21 - जून 22**
संबद्ध देशों से आयातों की मात्रा	एसक्यूएम	19,80,491	17,84,029	25,75,330	48,43,007
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*90*	*130*	*245*

369. घरेलू उद्योग ने भारत और यूएस को चीन के निर्यातकों के लिए डेटा प्रदान किए हैं और यह दावा किया है कि इस तथ्य के कारण भारत को चीन जन.गण. से आयातों में आगे वृद्धि होने की आशंका है कि यूएसए ने धारा 301 लगाई है, जिसके तहत चीन जन.गण. से विचाराधीन उत्पाद के आयातों पर 25% का शुल्क है। ऐसे शुल्क लगाए जाने की समय सीमा इस प्रकार है:-

प्रगामी तारीख	**यूएसए द्वारा कार्रवाई**

24-सितंबर-18	यूएसटीआर द्वारा दिनांक 24.09ऋ2018 से अनेक चीनी उत्पादों पर 200 बिलियन डॉलर के करीब वार्षिक व्यापार मूल्य के साथ 10% अतिरिक्त शुल्क लगाया जिसमें अन्य के साथ-साथ खुले पीसीबी शामिल हैं।
10-मई-19	दिनांक 10.05.2019 से 10% अतिरिक्त शुल्क को बढ़ाकर 25% किया गया।
05-फरवरी-20	अनेक उत्पादों के लिए अतिरिक्त शुल्कों को दिनांक 24.09.2018 से पूर्वव्यापी प्रभाव से बाहर किया गया, जिसमें 2 लेयर और 4 लेयर के साथ सख्त पीसीबी शामिल हैं।
31-दिसंबर-20	समाप्त अतिरिक्त शुल्कों को पूर्वव्यापी प्रभाव से बाहर किया गया।
01-जन.-2021 से	सभी खुले पीसीबी पर 25% अतिरिक्त शुल्क लगाए गए।

370. चीन से भारत और यूएसए को पीसीबी के निर्यातों का ब्यौरा नीचे तालिका में दिया गया है:

यूएसए द्वारा चीन पीसीबी का निर्यात (व्यापार मानचित्र)		
वर्ष	**मात्रा (इकाई)**	**% परिवर्तन**
2018	1,10,81,34,439	--
2019	97,06,41,875	-12%
2020	1,17,37,42,306	+18%
2021	79,88,75,409	-34%
2022	74,67,62,432	-5%

भारत द्वारा चीन से पीसीबी का आयात (डेटा बैंक से)		
वर्ष	**मात्रा (इकाई)**	**% परिवर्तन**
2019-20	1,17,58,54,130	--
2020-21	1,21,70,83,380	4%
2021-22	1,35,23,73,250	12%

371. उपरोक्त तालिकाओं से यह नोट किया जाता है कि:-

क. चीन से यूएसए को निर्यातों में वर्ष 2018 से 2019 में 12% तक की कमी आई थी, चूंकि वर्ष 2018 में शुल्क लगाया गया था।

ख. वर्ष 2020 में, चूंकि उत्पाद को बाहर करने की अनुमति प्रदान कर दी गई थी, एक बार फिर से चीन से यूएसए के आयातों में वृद्धि आधार वर्ष (2018) से 18% तक हो गई।

ग. वर्ष 2021 में, शुल्क प्रभावी हो जाने के बाद, आयातों में आधार वर्ष से 34% तक की भारी कमी आई।

घ. वर्ष 2020-21 और 2021-22 में, चीन से भारत को निर्यातों में वृद्धि आधार वर्ष से क्रमश: 4% और 12% तक हुई।

372. उपरोक्त से, यह नोट किया जाता है कि चीन से भारत को पीसीबी के निर्यातों की दर में यूएस द्वारा शुल्क लगए जाने के बाद वृद्धि हुई है।

ख. निर्यातक की क्षमता में पर्याप्त रूप से आसानी से निपटान योग्य, अथवा निकटस्थ, पर्याप्त वृद्धि किसी अतिरिक्त निर्यातों को समाहित करने के लिए अन्य निर्यात बाजारों की उपलब्धता को ध्यान में रखकर, आयातक सदस्य के बाजार को पाटित आयातों में पर्याप्त वृद्धि होने की संभावना दर्शाती है।

373. संबद्ध देशों के प्रतिभागी उत्पादकों द्वारा दाखिल किए गए प्रश्नावली उत्तर से, क्षमता में वृद्धि के संबंध में निम्नलिखित नोट किया जाता है:

कंपनी का नाम	**2019**	**2020**	**2021**	**जांच की अवधि**
डब्ल्यूयूएस प्रिंटेड सर्किट (हुआंग शि) कंपनी लिमि.	100	144	173	193
शिनझेन जिनवेईसई इलैक्ट्रॉनिक्स कं. लि.	100	150	200	200
कई पिंग इलैक्ट. एंड ऐलटेक कं. सं.3 कंपनी	100	79	164	156
जियु जियांग शनशाइन सर्किट्ट टेक्नोलॉजी कंपनी	100	117	156	162

लिमिटेड				
जियांग्सी जुशेंग इलैक्ट्रानिक्स कंपनी लिमिटेड	100	146	257	296
डालियन सनटाक इलैक्ट्रानिक्स कंपनी लिमिटेड	100	179	294	294
जियांगमेन सनटाक सर्किट टेक्नोलॉजी कंपनी लिमि.	100	105	123	123
झुहाई सनटाक सर्किट टेक्नोलॉजी कं. लिम.	एनए	एनए	100	170
डालियान सनटाक सर्किट कंपनी लिमिटेड	100	148	148	145
शेनझेन सनटाक मल्टीलेयर पीसीबी कं. लि.	100	100	116	116
जि आन शेंगयि इलैक्ट्रानिक्स कं. लि.	एनए	एनए	100	129
कालेक्स मल्टी -लेयर सर्किट बोर्ड (झोंगशान) लि.	100	108	112	109
मेरिक्स प्रिंटेड सर्किट्स टेक्नोलॉजी लिमिटेड	100	100	123	125

374. उपरोक्त से, यह नोट किया जाता है कि संबद्ध देशों से उत्पादकों ने विगत कुछ वर्षों में अपनी क्षमताओं में तेजी से वृद्धि की है।

ग. क्या आयात ऐसी कीमतों पर आ रहे हैं, जिनका घरेलू कीमतों पर एक पर्याप्त दबाव या गिरावट का प्रभाव होगा और उससे आगे आयातों के लिए मांग बढ़ने की संभावना होगी।

375. जांच की अवधि के दौरान, महत्वपूर्ण कीमत कटौती के संबंध में सूचना के अलावा, घरेलू उद्योग ने चीन के आपूर्तिकर्ताओं से संगत ईमेल/कीमत कोटेशनों के साथ साथ जांच की अवधि के उपरांत कीमत कटौती में तेजी आने के संबंध में सूचना प्रदान की है, जो यह दर्शाती है कि उल्लिखित कीमतें घरेलू उद्योग के उत्पादन की लागत से भी कम हैं। डेटा नीचे तालिका में दिया गया है:

क्र.सं.	**भाग संख्या**	**घरेलू उद्योग द्वारा कीमत एसक्यूएम में**	**चीन से पहुंच कीमत (रु./एसक्यूएम)**	**कीमत कटौती (%)**
1	***	***	***	28%
2	***	***	***	41%
3	***	***	***	38%
4	***	***	***	69%
5	***	***	***	47%
6	***	***	***	150%

7	***	***	***	48%
8	***	***	***	26%
9	***	***	***	61%
10	***	***	***	53%
11	***	***	***	27%
12	***	***	***	72%
13	***	***	***	90%

376. प्रतिभागी निर्यातकों के प्रश्नावली उत्तरों से यह भी नोट किया जाता है कि कई निर्यातकों ने बिक्रियों की लागत में पर्याप्त वृद्धि के बावजूद, आधार वर्ष की तुलना में जांच की अवधि में कीमतों में कमी की है। जहां कीमतों में वृद्धि हुई है, ऐसी कीमत वृद्धि बिक्रियों की लागत में वृद्धि के साथ तुलनीय नहीं हैं।

झ. <u>कारणात्मक संबंध</u>

झ.1 <u>हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध</u>

377. संबद्ध आयातों और कथित क्षति के बीच कोई कारणात्मक संबंध नहीं है। दावा की गई क्षति और संबद्ध आयात एक दूसरे से असंगत हैं। यह स्पष्ट है कि पिछले वर्ष की तुलना में, प्रतिभागी उत्पादकों ने जांच की अवधि के दौरान काफी लाभ अर्जित किया है।

378. डेटा स्पष्ट रूप से यह दर्शाते हैं कि घरेलू उद्योग को कोई वास्तविक क्षति नहीं हुई है और परिणामस्वरूप कोई विश्लेषण जिसका घरेलू कारोबार को क्षति के साथ पाटित आयातों का संबंध है, व्यर्थ है। कुवैत, सऊदी अरब और संयुक्त राज्य से एमईजी पर पाटनरोधी जांच में अन्तिम जांच परिणामों को इस मामले में भी लागू किए जाने की जरूरत है।

379. यद्यपि, कतिपय आकड़े दर्शाते हैं कि घरेलू उद्योग के समक्ष कुछ चुनौतियां हैं, जो संबद्ध देशों से उत्पादों से पूरी तरह से असंगत है और इसकी बजाय ये कोविड-19 के प्रभाव, उच्च सामग्री लागतों, भारत में विविध घरेलू कानून और अपर्याप्त अवसंरचना जैसे कारकों के कारण हैं।

380. भारतीय घरेलू उद्योग की मौजूदा स्थिति मजबूत औद्योगिक चेन के साथ नहीं है, सामग्रियों, उत्पादन उपकरण, माउंटिंग और एसेंबली क्षमताओं, अपस्ट्रीम उत्पाद डिजाइन और अन्य क्षेत्रों में अंतर है।

381. टैरिफ और व्यापार पर सामान्य करार, 1994 के अनुच्छेद VI तथा पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-II के पैरा (v) के कार्यान्वयन के संबंध में करार के अनुच्छेद 3.5 के तहत यह अनिवार्यता है कि प्राधिकारी आयातों के अलावा ऐसे अन्य ज्ञात कारकों की जांच करते हैं, जो घरेलू उद्योग को क्षति, यदि कोई हो, पहुंचा रहे हैं।

382. यूएस - होट रोल्ड स्टील में, डब्ल्यूटीओ के अपीलीय निकाय ने यह निर्धारित किया कि पैनल ने यह निष्कर्ष निकालते हुए गलत गैर-आरेक्षण भाषा की व्याख्या की है कि जांच प्राधिकारियों को पाटित आयातों की क्षति और अन्य ज्ञात कारणात्मक कारकों की क्षति के बीच अंतर करने की जरूरत नहीं है। अपील निकाय की नियम व्यवस्था के अनुसार, जांच प्राधिकारियों को ऐसे अन्य कारकों के क्षतिकारी प्रभावों से पाटित आयातों के क्षतिकारी प्रभावों को अलग और भिन्न करना चाहिए। यह आयातों के हानिकर प्रभावों के प्रतिकूल अन्य प्रकारों के हानिकर प्रभावों के प्रकार और मात्रा के स्पष्टीकरण की आवश्यकता को दर्शाता है।

383. याचिकाकर्ता को हुई क्षति का निर्धारण करने के लिए तीन कारकों को ध्यान में रखना जरूरी है। पहले, अन्य घटकों के प्रभाव का विश्लेषण और जांच करनी जरूरी है। दूसरे, यह आवश्यक है कि इन परिवर्तनों से याचिकाकर्ता कितना प्रभावित हुआ है, उसकी मात्रा का पता लगाया जाना आवश्यक है। तीसरे, प्रत्येक पहलु के प्रभाव का पूरा मूल्यांकन किए जाने से याचिकाकर्ता की क्षति को दूर किए जाने की जरूरत है।

384. याचिका में संगत राष्ट्र से आ रहे आयातों के अलावा, घरेलू उद्योग को प्रभावित करने वाले कई महत्वपूर्ण सरोकारों का समाधान उद्देश्यपूर्ण तरीके से छोड़ दिया गया है। इन कारकों में आंतरिक मामले, कोविड-19 महामारी के प्रभाव, कमजोर विश्व-व्यापी बाजार परिस्थितियां और कंपनी की वस्तुओं के लिए कम मांग शामिल है। घरेलू क्षेत्र ने यह स्वीकार किया है कि कोविड-19 महामारी का वर्ष 2021-22 की प्रथम तिमाही के दौरान एक नकारात्मक प्रभाव था।

385. नियम 11 के उप नियम 2 के तहत यह विनिर्दिष्ट है कि पाटनरोधी नियमावली, 1995 के अनुबंध-II में उल्लिखित सभी संबंधित तथ्यों और दिशानिर्देशों को यह निर्धारित करते समय ध्यान में रखना चाहिए कि क्या क्षति, वास्तविक क्षति की आशंका, घरेलू उद्योग का मेटिरियल रिटार्डेशन और उसके तथा पाटन के बीच एक कारणात्मक संबंध है। घरेलू उद्योग की क्षति और पाटित आयातों के बीच कारणात्मक संबंध की जांच करने के लिए, पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-II का पैरा (v) देखें।

386. पैरा 24 में याचिकाकर्ता द्वारा आपूर्ति किए गए साक्ष्य के अनुसार, भारत में करीब 200 पीसीबी निर्माता हैं, जिनमें से अधिकांश कार्य बहुत ही छोटे से मध्यम आकार के असंगठित क्षेत्र हैं। अत: पैरा 85 में याचिकाकर्ता के तर्क के प्रतिकूल, घरेलू उद्योग के कीमत और लाभप्रदता संबंधी मापदंड पर घरेलू प्रतिस्पर्धा का निस्संदेह कुछ प्रभाव होगा। इसके बावजूद, घरेलू उद्योग में अपने मात्रा संबंधी गुणों में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है।

387. भारतीय उद्योग के समक्ष कच्ची सामग्रियों की कमी, उच्च पूंजीगत व्यय आवश्यकताओं, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों की कमी, अन्य देशों से प्रतिस्पर्धी वित्तीय दरें भारत में अपर्याप्त लॉजिस्टिक्स और अवसंरचना (जिसके कारण अधिक समय और अधिक लागत आती है) तथा अनिरंतर नीति कार्यान्वयन सहित अनेक चुनौतियां आईं। कॉपर फॉइल, इपॅक्सी रेसिन, ग्लास फाइबर तथा कॉपर क्लेड लेमिनेट जैसी कच्ची सामग्री के आयात के लिए 5%* 10% की एक बेसलाइन कर दर लागू होगी। ये प्रभाव आयातों की बजाय भारत के अपने उद्योग के बायोसिस्टम के लिए अधिक संगत हैं।

388. सार्वजनिक जानकारी के संदर्भ में, स्थानीय भारतीय उद्योगों में उसकी सहायता के लिए एक मजबूत औद्योगिक चेन का अभाव है। कमियों में अपस्ट्रीम उत्पाद डिजाइन, उत्पादन उपकरण, सामग्रियां, माउंटिंग विशेषज्ञ, सभा विशेषज्ञ और अन्य क्षेत्र शामिल हैं।

389. य।पि सभी लाभ मेट्रिक्स में सुधार हो रहा है, लेकिन घरेलू उद्योग की आयात कीमतों और लाभप्रदता के बीच कोई सह संबंध नहीं है।

ठ.2 <u>घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध</u>

घरेलू उद्योग ने कारणात्मक संबंध के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

390. पाटित आयातों और घरेलू उद्योग को हुई क्षति के बीच कारणात्मक संबंध है। घरेलू उद्योग को क्षति के लिए प्रधान कारण संबद्ध देश से आयात हैं। पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 3.5 की अनुपालना में घरेलू उद्योग ने यह निर्धारित करने के लिए निम्नलिखित आधार प्रस्तुत किए हैं, कि क्या कोई कारणात्मक संबंध मौजूद था:

i. **पाटित कीमतों पर बेचे गए आयातों की मात्रा और कीमतें:** भारत में आ रहे सभी आयातों की मात्रा का 94 प्रतिशत संबद्ध देशों से आता है। अन्य देशों से आयात न्यूनतम सीमा से कम होते हैं और घरेलू उद्योग को क्षति नहीं हो सकती।

ii. **खपत की पद्धति में मांग अथवा परिवर्तनों में संकुचन:** पूरी क्षति अवधि और जांच की अवधि के दौरान, संबद्ध वस्तुओं के लिए मांग में वृद्धि हुई है। परिणामस्वरूप, घरेलू उद्योग को मांग में किसी संभावित कमी के कारण क्षति नहीं हो सकती। विचाराधीन उत्पाद के संबंध में भारत की खपत व्यवस्था में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

iii. **विदेशी और घरेलू उत्पादकों के बीच व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रक्रियाएं और प्रतिस्पर्धा:** विचाराधीन उत्पाद के संबंध में कोई व्यापार प्रतिबंध नहीं हैं और घरेलू उद्योग के निष्पादन को प्रभावित करने वाले घरेलू भागीदारों की परस्पर प्रतिस्पर्धा का कोई साक्ष्य नहीं है।

iv. **प्रौद्योगिकीय उन्नयन:** घरेलू क्षेत्र ने भारत में प्रौद्योगिकीय उन्नयनों के अभाव के कारण किसी क्षति का सामना नहीं किया है और घरेलू उद्योग वास्तव में एयरोस्पेस और रक्षा सहित बाजार के उच्च घटकों की पूर्ति कर रहा है।

v. **निर्यात निष्पादन:** घरेलू बिक्रियों की तुलना में, घरेलू उद्योग के निर्यात नगण्य हैं। इसके अलावा, पाटित आयातों के प्रभाव और क्षति की मात्रा का आकलन करने में घरेलू उद्योग के निर्यात निष्पादन को ध्यान में नहीं रखा गया है। अत: निर्यात निष्पादन को क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं माना जा सकता है।

vi. **अन्य उत्पादों का निष्पादन:** घरेलू उत्पादकों का प्राथमिक व्यवसाय विचाराधीन उत्पाद का निर्माण और बिक्री करना है। जिस क्षति का घरेलू व्यवसाय में दावा किया जा रहा है, वह विचाराधीन उत्पाद तक सीमित है और अन्य वस्तुओं की उत्पादकता, यदि कोई हो, को ध्यान में नहीं रखा गया। इसके परिणामस्वरूप क्षति को घरेलू उद्योग के किसी अन्य उत्पाद के साथ नहीं जोड़ा जा सकता है।

391. यह दावा किया गया है कि इसके परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग के क्षति आयातों के पाटन के कारण हैं न कि किसी अन्य कारके कारण हैं।

ठ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

392. प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए विभिन्न तर्कों और प्रति तर्कों पर विचार किया है।

393. घरेलू उद्योग को हुई क्षति के संबंध में, प्रासंगिक तथ्य, तर्क और प्राधिकारी की जांच पहले से ही क्षति से संबंधित अनुभाग में शामिल है। एमईजी एंटी-डंपिंग मामले में तथ्य और परिस्थितियां मौजूदा जांच से अलग थीं। इसलिए, एमईजी मामले को वर्तमान जांच के तथ्यों के समान नहीं माना जा सकता है। इसे देखते हुए, एमईजी की एंटी-डंपिंग जांच में सिफारिश वर्तमान जांच के लिए प्रासंगिक नहीं है।

394. भारत में घरेलू उद्योग के 200 विनिर्माताओं के बीच प्रतिस्पर्धा के संबंध में, घरेलू उद्योग ने यह साक्ष्य प्रस्तुत किया है कि भारत में प्रयोक्ता/ग्राहक घरेलू उद्योग द्वारा आपूर्ति किए गए विचाराधीन उत्पाद की कीमत की तुलना, संबद्ध देश में निर्यातकों से मांग और ईमेल कोटेशन के माध्यम से, चीन से निर्यातकों द्वारा आपूर्ति किए गए विचाराधीन उत्पाद की कीमत से की है। दूसरी ओर, यह नोट किया जाता है कि हितबद्ध पक्षकारों ने कोई भी सकारात्मक साक्ष्य प्रस्तुत करके यह प्रदर्शित नहीं किया है कि घरेलू उद्योग को घरेलू प्रतिभागियों के बीच परस्पर प्रतिस्पर्धा के कारण क्षति हुई है। यह दावा किया गया है कि चूंकि संबद्ध देशों से निर्यातक पाटित कीमतों पर आपूर्ति कर रहे हैं, अत: प्रयोक्ता संबद्ध देशों से खरीद को तरजीह दे रहे हैं।

395. बीपीएल की वार्षिक रिपोर्ट पर निर्भरता के संबंध में, घरेलू उद्योग ने यह दावा किया है कि वार्षिक रिपोर्ट में उल्लिखित लॉकडाउन वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही में था, जो कि जांच की अवधि से पूर्व है। अत: जांच की अवधि के दौरान, ऐसा कोई लॉकडाउन नहीं था। जांच की अवधि के दौरान निष्पादन में केवल मांग में वृद्धि के कारण सुधार हुआ है। तथापि, निष्पादन में सुधार; जैसा कि घरेलू उद्योग द्वारा इंकार किया गया है, मांग में वृद्धि के अनुरूप नहीं था।

396. प्राधिकारी ने भी पाटित आयातों के अलावा किसी ज्ञात कारक की जांच की है और यह पता लगाया गया है कि क्या ये साथ ही साथ घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचा रहे हैं न कि इन अन्य कारकों, यदि कोई हो, के कारण हुई क्षति पाटित आयातों के कारण नहीं है। जो कारक इस संबंध में संगत नहीं हैं, उनमें अन्य के साथ-साथ पाटित कीमतों पर नहीं बेचे गए आयातों की मात्रा और कीमत, खपत की पद्धति में परिवर्तन अथवा मांग में परिवर्तन, विदेशी और घरेलू उत्पादों के बीच प्रतिस्पर्धा और व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रक्रिया, प्रौद्योगिकी में परिवर्तन और निर्यात प्रदर्शन तथा घरेलू उद्योग की उत्पादकता शामिल है।

क. अन्य स्रोतों से आयात

397. यह नोट किया जाता है कि 99% आयात संबद्ध देशों से हैं। अन्य देशों से आयात न्यूनतम सीमा से कम हैं और घरेलू उद्योग को क्षति नहीं हो सकती।

ख. मांग में कमी

398. यह नोट किया जाता है कि क्षति अवधि और जांच की अवधि के दौरान संबद्ध वस्तुओं के लिए मांग में कोई वृद्धि हुई है। परिणामस्वरूप, घरेलू उद्योग को मांग में किसी संभावित कमी के कारण क्षति नहीं हो सकती।

ग. खपत की पद्धति में परिवर्तन

399. विचाराधीन उत्पाद के लिए खपत की पद्धति मतें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। अत: खपत की पद्धति मतें परिवर्तन को घरेलू उद्योग को क्षति का कारण नहीं माना जा सकता।

घ. व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रक्रियाएं और विदेशी तथा घरेलू उद्योग के बीच प्रतिस्पर्धा

400. विचाराधीन उत्पाद के संबंध में कोई व्यापार प्रतिबंध नहीं है और यह सुझाव देने के लिए कोई साक्ष्य नहीं है कि घरेलू प्रतिभागियों के बीच परस्पर प्रतिस्पर्धा का घरेलू उद्योग के निष्पादन पर कोई बड़ा प्रभाव नहीं था।

ङ. प्रौद्योगिकी में बदलाव

401. यह नोट किया जाता है कि पीसीबी उद्योग अत्यधिक प्रौद्योगिकी सघन है, जिसमें नियमित अंतराल पर नई प्रौद्योगिकियों में भारी निवेश आवश्यक होता है। प्राधिकारी ने साक्ष्य का सत्यापन किया है कि घरेलू उद्योग ने हाई-ऐंड प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र की पूर्ति के लिए निवेश किया है। बीपीएल की वार्षिक रिपोर्ट, जिस पर हितबद्ध पक्षकारों ने भरोसा किया है, यह दर्शाती है कि उन्होंने भारतीय मांग को पूरा करने के लिए नई और हाई-ऐंड मशीनरी में निवेश किए हैं। इस प्रकार, प्रौद्योगिकी में बदलाव को, घरेलू उद्योग की क्षति के कारण के लिए एक कारक नहीं माना जा सकता।

च. निर्यात निष्पादन

402. यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग के निर्यात नगण्य हैं। किसी भी स्थिति में, पाटित आयातों के प्रभाव और क्षति की मात्रा का आकलन करते समय प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग

के निर्यात निष्पादन को अलग किया है। अत: निर्यात निष्पादन को क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।

ठ. घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और बिक्री किए जा रहे अन्य उत्पादों का निष्पादन

403. यह नोट किया जाता है कि घरेलू उत्पादक अधिकांशत: सिंगल उत्पाद (पीसीबी) निर्माण कंपनियां होती हैं। इसके अतिरिक्त, प्राधिकारी ने केवल संबद्ध वस्तुओं के निष्पादन के संबंध में डेटा पर विचार किया है। अत: अन्य घटक, यदि कोई हो, का निष्पादन घरेलू उद्योग को क्षति का एक संभव कारण नहीं है।

ञ. <u>क्षति मार्जिन का विश्लेषण</u>

ञ.1 <u>क्षति मार्जिन/कम कीमत पर बिक्री की मात्रा</u>

404. प्राधिकारी ने यथासंशोधित अनुबंध-III के साथ पठित पाटित नियमों के निर्धारित सिद्धांतों के आधार पर घरेलू उद्योग के लिए गैर-क्षतिकारी कीमत का निर्धारण किया है। संबद्ध वस्तुओं की गैर-क्षतिकारी कीमत को जांच की अवधि के लिए उत्पादन की लागत के संबंध में सत्यापित सूचना/डेटा को अपनाकर निर्धारण किया है। क्षति मार्जिन की गणना के लिए संबद्ध देशों से पहुंच कीमत की तुलना करने के लिए गैर-क्षतिकारी कीमत पर विचार किया गया है। गैर-क्षतिकारी कीमत के निर्धारण के लिए, क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग द्वारा कच्ची सामग्रियों के सर्वोत्तम उपयोग पर विचार किया गया है। यूटिलिटी के साथ भी इसी प्रकार का व्यवहार किया गया है। क्षति अवधि के दौरान उत्पादन क्षमता के सर्वोत्तम उपयोग पर विचार किया गया है। यह सुनिश्चित किया जाता है कि उत्पादन की लोत के लिए कोई असाधारण या गैर-आवृति व्यय प्रभावित किए गए थे। विचाराधीन उत्पाद के लिए नियोजित औसत पूंजी (अर्थात औसत निवल निर्धारित परिसंपतियां व औसत कार्यशील पूंजी) पर एक तर्कसंगत प्रतिफल (प्री-टैक्स @ 22%) की प्री-टैक्स के रूप में अनुमति दी गई थी ताकि नियमावली के अनुबंध-III में यथानिर्धारित गैर-क्षतिकारी कीमत प्राप्त की जा सके।

405. उपरोक्तानुसार निर्धारित पहुंच मूल्य और गैर-क्षतिकारी कीमत के आधार पर, उत्पादकों/निर्यातकों के लिए क्षति मार्जिन का निर्धारण प्राधिकारी द्वारा किया गया है और नीचे तालिका में प्रदान किया गया है:

<u>क्षति मार्जिन तालिका/बिक्री कीमत में कटौती</u>

क्र.सं.	**उत्पादक**	**एनआईपी (यूएसडा./ एसक्यूएम)**	**पहुंच कीमत (यूएसडा./ एसक्यूएम)**	**क्षति मार्जिन (यूएसडा./ एसक्यूएम)**	**क्षति मार्जिन %**	**क्षति मार्जिन % रेंज**
			चीन			
			शेंगयि ग्रुप			
1	जि आन शेंगयि इलैक्ट्रानिक्स कं., लि.	***	***	***	***	(50-60)
2	शेंगयि इलैक्ट्रानिक्स कं. लि.					
3	शेंगयि ग्रुप					
			डब्लयूयूएस ग्रुप			
4	डब्ल्यूयूएस प्रिंटेड सर्किट केईपीजेड (कुनशान) कं. लि.	***	***	***	***	(15-25)
5	डब्ल्यूयूएस प्रिंटेड सर्किट (कुनशान) कं. लि.					
6	डब्ल्यूयूएस प्रिंटेड सर्किट (हुआंग शि) कं. लि.					
7	डब्ल्यूयूएस ग्रुप					
			जुशेंग ग्रुप			
8	जियांग्सी जुशेंग इलैक्ट्रानिक्स कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	(10-20)

सनटाक ग्रुप						
9	जियांगमेन सनटाक सर्किट टेक्नोलॉजी कं. लि.	***	***	***	***	(0-10)
10	शेनझेन सनटाक मल्टीलेयर पीसीबी कं. लि.					
11	डालियान सनटाक इलैक्ट्रानिक्स कं. लि.					
12	डालियान सनटाक सर्किट कं. लि.					
13	झुहई सनटाक सर्किट टेक्नोलॉजी कं. लि.					
14	सनटाक ग्रुप					
किनवोंग ग्रुप						
15	शेनझेन किनवांग इलैक्टॉनिक कं. लि.	***	***	***	***	20-30
16	जियांग्सी किंगवोंग प्रिसियंस सर्किट कं. लि.					
17	किनवोंग इलैक्ट्रानिक टेक्नोलॉजी (लोंगचुआन) कं.					

	लि.					
18	किनवोंग इलैक्ट्रॉनिक टेक्नोलॉजी (झुहई) कं. लि.					
19	किंगवोंग ग्रुप					
20	किन यिप (हुईझोऊ) पी.सी. बोर्ड लिमिटेड	***	***	***	***	70-80
शेन्नान ग्रुप						
21	शेन्नान सर्किट कं. लि.	***	***	***	***	(45-55)
22	नानटोंग शेन्नान सर्किट कंपनी लिमिटेड					
23	वुसि शेन्नान सर्किट कंपनी लिमिटेड					
24	शेन्नान ग्रुप					
टीटीएम ग्रुप						
25	कालेक्स मल्टी-लेयर सर्किट बोर्ड (झोंगशान) लि.	***	***	***	***	(20-30)
26	मेरिक्स प्रिंटेड सर्किट्स टेक्नोलॉजी					

शनशाइन ग्रुप

	लिमिटेड					
27	गुआंगझोऊ टर्मबरे इलैक्ट्रानिक्स टेक्नोलॉजी कं. लि.					
28	डोंगगुआन मीडविले सर्किट्स कं. लि.					
29	टीटीएम ग्रुप					
30	जियांग्सी लोंघई सर्किट टेक्नोलॉजी कं. लि.	***	***	***	***	5-15
31	शिनझेन जिनवेइसई इलैक्ट्रानिक्स कं. लि.	***	***	***	***	10-20
	कई-पिंग ग्रुप					
32	कई पिंग इलैक्ट. एंड इलटेक कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	(0-10)
33	कई पिंग इलैक्ट. एंड इलटेक नं.3 कंपनी लिमिटेड					
34	.कई-पिंग ग्रुप					
	शनशाइन ग्रुप					

35	शनशाइन ग्लोबल सर्किट कं. लि.	***	***	***	***	
36	जिउ जियांग सनशाइन सर्किट टेक्नोलॉजी कं., लि.					(0-10)
37	सनशाइन ग्रुप					
	इंनो सर्किट लिमिटेड					
38	इंनो सर्किट्स लिमिटेड	***	***	***	***	20-30
अन्य उत्पादक						
39	कोई अन्य	***	***	***	***	70-80
हांग कांग						
40	सभी	***	***	***	***	70-80

406. यह नोट किया जाता है कि जांच की अवधि के लिए सहयोगी उत्पादकों और साथ ही संबद्ध देशों के लिए क्षति मार्जिन सकारात्मक और महत्वपूर्ण है।

ञ. <u>प्रकटन पश्चात टिप्पणियां</u>

ट.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध</u>

407. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. झेजियांग दहुआ विजन टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड, चीन जन.गण. और दहुआ टेक्नोलॉजी (एचके) लिमिटेड, हांग कांग संबंधित कंपनियां हैं और उसकी विधिवत् सूचना उनके अपने प्रश्नावली के उत्तरों में दी गई है। इसके अलावा, झेजियांग दहुआ विजन टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड, चीन जन.गण. और दहुआ टेक्नोलॉजी (एचके) लिमिटेड, हांग कांग अपने आपूर्तिकर्ताओं जिनसे उन्होंने विचाराधीन उत्पाद की खरीद और भारत को निर्यात किया है, में से किसी से संबंधित नहीं है।

ii. दहुआ टेक्नोलॉजी (एचके) लिमिटेड प्रिंटेड सर्किट बोर्ड (पीसीबी) के संबंध में पाटनरोधी जांच से संबंधित अपने अरंभिक प्रश्नावली के उत्तरों में त्रुटियों को मानता

है। इन त्रुटियों में गलत मात्राओं की भूलवश सूचना और निर्यात कीमत की गणना में पीसीबी और गैर-पीसीबी, दोनों मूल्यों का समावेश शामिल है। कंपनी ने प्राधिकारी द्वारा डेस्क सत्यापन के पूर्व अद्यतित परिशिष्टों में इन त्रुटियों को तत्परता से ठीक कर लिया।

iii. दहुआ टेक्नोलॉजी इस बात पर बल देता है कि ये विसंगतियां उनके निर्यातों की जटिलता से उत्पन्न होती हैं, जहां पीसीबी सहित बहु-उत्पादों का बीजक एक साथ बनाया जाता है। वे उत्पाद-वार रिकॉर्डों को अनुरक्षित करने में चुनौतियों की व्याख्या करते हैं क्योंकि वे पीसीबी के व्यापारी हैं न कि उत्पादक। इसके अलावा, वे प्रश्नावली को विस्तृत रूप से तैयार करने के लिए अपनी सीमित अवसंरचना और व्यापार उपचार जांचों में अनुभव की उनकी कमी को नोट करते हैं।

iv. कंपनी इस बात को उजागर करती है कि संबंधित कंपनी झेजियांग दहुआ विजन टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड ने निरंतर रूप से सटीक सूचना रिपोर्ट की है। झेजियांग दहुआ विजन टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड के आंकड़ों में कोई परिवर्तन नहीं है और शुद्धिकरण के बाद, दहुआ टेक्नोलॉजी का निर्यात आंकड़ा झेजियांग दहुआ विजन टेक्नोलॉजी द्वारा सूचित की गई मौलिक निर्यात आंकड़ों से मेल खाता है।

v. दहुआ टेक्नोलॉजी प्राधिकारी से यह अनुरोध करता है कि वे इस तथ्य पर बल देते हुए अपने निर्णय पर पुनर्विचार करें कि शुद्धिकरण स्वैच्छिक रूप से और डेस्क सत्यापन के काफी पहले किए गए थे। वे विगत जांचों में उन उदाहरणों का संदर्भ लेते हैं जहां शुद्धिकरण की अनुमति दी गई थी और हाल के एक मामले की ओर ध्यान आकर्षित करते हैं जहां घरेलू उद्योग को अपने आंकड़ों को संशोधित करने के लिए अनेक अवसर दिए गए थे।

vi दहुआ टेक्नोलॉजी और झेजियांग दहुआ के बीच पीसीबी की कीमत निर्धारण के बारे में चिंताओं के संबंध में, कंपनी इस बात को दृढ़तापूर्वक कहती है कि अलग अलग कंपनियों की अलग अलग व्यापार कार्य-पद्धतियां और कीमत निर्धारण मॉडल है। वे खरीद और पुन: बिक्री कीमतों का समर्थन करने वाली बिक्री दस्तावेज उपलब्ध कराते हैं। दहुआ पीसीबी भाग संख्याओं (पीसीएन) को सूचित करने में विसंगतियों

पर भी ध्यान देता है और लिपिकीय त्रुटियों को ठीक करने के लिए आरेखन प्रस्तुत करता है।

vii. निष्कर्ष के तौर पर, दहुआ टेक्नोलॉजी प्राधिकारी से अपने गैर-इरादतन त्रुटियों को स्वीकार करने, जांच में उनके पूर्ण सहयोग को मानने और सभी उत्पादकों/निर्यातकों जिन्होंने दहुआ टेक्नोलॉजी के माध्यम से संबद्ध वस्तुओं का निर्यात किया, को शुल्क की एक अलग दर देने का अनुरोध करते हैं।

viii. घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हुई है क्योंकि याचिकाकर्ताओं के सभी आर्थिक मापदंड सुधार दर्शा रहे हैं। अनुबंध II के पैरा (iv) के अनुसार कानूनी अपेक्षा बिक्री, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्सा, उत्पादकता, निवेश पर प्रतिफल अथवा क्षमता का उपयोग में स्वाभाविक और संभावित गिरावट; घरेलू कीमतों, पाटन के मार्जिन के आकार को प्रभावित करने वाले कारकों; नकद प्रवाह, मालसूची, रोजगार, मजदूरी, वृद्धि, पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता पर वास्तविक और संभावित नकारात्मक प्रभावों का विश्लेषण करना है।

ix. बहुत अधिक संख्या में उत्पादकों/निर्यातकों ने चालू जांच में सक्रिय रूप से भाग लिया जिसमें 48 उत्पादकों/निर्यातकों ने प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया, जिसमें से एक ने बाद में उसे वापस ले लिया। प्राधिकारी का 31 उत्पादकों का विश्लेषण ने यह दर्शाया है कि अधिकांश, पाटन मार्जिन के लिए 21 और क्षति मार्जिन के लिए 22 उत्पादकों ने ऋणात्मक मार्जिन सूचित किया। उत्पादक/निर्यातक यह तर्क देते हैं कि अंतिम जांच परिणामों, विशेषकर जब अधिकांश उत्पादकों के ऋणात्मक मार्जिन पर विचार किया जाए, दृढ़तापूर्वक संबद्ध आयातों से घरेलू उद्योग पर किसी प्रतिकूल प्रभाव का नहीं होना संसूचित करता है।

x. भाग लेने वाले उत्पादकों/निर्यातकों में से अधिकांश के लिए आर्थिक मापदंडों में सुधार और ऋणात्मक मार्जिन चीन जन.गण. से संबद्ध आयातों और घरेलू उद्योग को क्षति के बीच कारणात्मक संबंध की कमी को दर्शाता है।

xi. यह अनुरोध किया गया था कि वर्गमीटर में मात्रा(एसक्यूएम) की गणना करने के लिए एक समुच्चय के डाइमेंशन जिसमें जो अथवा उससे अधिक पीसीबी शामिल हैं,

का उपयोग करने के फलस्वरूप पहुंच मूल्य और निवल निर्यात कीमत की गणना में विरुपण हो सकता है। यह भी अनुरोध किया गया था कि सेट पर आधारित एसक्यूएम में मात्रा इन गणनाओं की सटीकता को प्रभावित करते हुए अलग-अलग पीसीबी के वास्तविक डाइमेंशन से उच्चतर होगा।

xii. भारतीय ग्राहकों को निर्यातकों द्वारा जारी किए गए वाणिज्यिक बीजक समुच्चय के बजाए टुकड़ों में मात्राओं (पीसीएस) की सूचना देते हैं। अपने दावे का समर्थन करने के लिए, निर्यातक ने आरेखन, निर्माण करने के लिए स्पेक शीट्स, और पीसीएस और समुच्चय दोनों में डाइमेंशन को दर्शाने वाली इमेज फिर से प्रस्तुत की है। प्राधिकारी से यह अनुरोध किया जाता है कि वे पहुंच मूल्य और निवल निर्यात कीमत का निर्धारण करते समय समुच्चय के बजाए टुकड़ों में डाइमेंशन (पीसीएस) को अपनाएं।

xiii. यह तर्क दिया गया था कि प्राधिकारी द्वारा परिकलित पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन विशेषकर किन यिप (हुईझाऊ) पी.सी. बोर्ड कंपनी लिमिटेड के लिए बहुत अधिक है। निर्यातक के सहयोग पर विचार कर, ये मार्जिन कमतर होने चाहिए। इसके अलावा, यह अनुरोध किया गया था कि प्राधिकारी द्वारा गणना की गई मार्जिन और घरेलू उद्योग द्वारा दावा की गई मार्जिन के बीच बहुत अधिक अंतर था और इस कारण से इन अंतरों के लिए कारणों को स्पष्ट किए जाने का अनुरोध किया गया।

xiv. पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन तालिका में प्राधिकारी ने किन यिप (हुईझाऊ) पी.सी. बोर्ड कंपनी लिमिटेड के नाम की सूचना दी है, जो ट्रेडिंग कंपनी है। यह अनुरोध किया गया था कि उत्पादक अर्थात किन यिप टेक्नोलॉजी इलैक्ट्रानिक्स (हुईझाऊ) कंपनी लिमिटेड, चीन जन.गण. के नाम का उपयोग अंतिम जांच परिणाम की शुल्क तालिका में किया जा सकता है।

xv. भाग लेने वाले उत्पादक/निर्यातक तथा बची हुई श्रेणी के लिए पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन एक नहीं हो सकता है। प्राधिकारी को बची हुई श्रेणी की तुलना में भाग लेने वाले उत्पादक/निर्यातक को शुल्क का निम्नतर दर देना चाहिए।

xvi. शेंगयि इलैक्ट्रानिक्स और डब्ल्यूयूएस ग्रुप ने अनुरोध किया है कि उत्पादक जो एक व्यापारी भी है, के लिए परिशिष्ट-5 प्रस्तुत करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

xvii. प्राधिकारी ने स्पष्ट रूप से इसे प्रकट नहीं किया है कि क्या कुल भारतीय उत्पादन में उत्पादकों, जो सरस नहीं हैं, का अनुमानित उत्पादन शामिल है। इसके अलावा, इस संबंध में भी कोई स्पष्टता नहीं है कि क्या ज्ञात मौजूदा उत्पादकों का नोशनल उत्पादन पर प्राधिकारी द्वारा कुल भारतीय उत्पादन तय करने के लिए विचार किया गया है।

xviii. शुल्क दो वर्षों की अपेक्षाकृत लघु अवधि के लिए लगाया जाएगा क्योंकि विचाराधीन उत्पाद विभिन्न उद्योगों में आवश्यक संघटक है और घरेलू उद्योग के कार्य-निष्पादन में कोई गिरावट नहीं आई है।

xix. कुछ पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि सिप्सा टेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एक प्रमुख आयातक है। आवेदक उद्योग ने सिप्सा टेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को पात्र के रूप में विचार करते समय एटीएंडएस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पर अपात्र के रूप में विचार करने के लिए बेमेल तरीके से निर्णय लिया है।

xx. प्रतिवादी प्राधिकारी से आवेदक उद्योग को नियम 2(ख) के अन्तर्गत प्रावधान किए गए विवेकाधिकार का उपयोग करने की अनुमति न देने और एटीएंडएस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की पात्रता का निष्पक्ष मूल्यांकन करने का अनुरोध करते हैं।

xxi. प्रतिवादी प्राधिकारी से यह अनुरोध करते हैं कि वे दावा की गई उत्पादन आंकड़ों में विसंगतियों का उल्लेख करते हुए आईपीसीए के साथ असंबद्ध उत्पादकों के लिए आवेदक उद्योग द्वारा दावा किए गए उत्पादन का सत्यापन करें।

xxii. प्रतिवादी प्राधिकारी से अनुरोध करते हैं कि वे उत्पादन आंकड़ों के स्वतंत्र सत्यापन के लिए ईमेल के बजाए गैर-सदस्य उत्पादकों को पत्र भेजें और स्थाई गणना के लिए कुल भारतीय उत्पादन में इन निर्माताओं के उत्पादन पर विचार करें।

xxiii. इसके अलावा, प्रतिवादी एटीएंडएस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड तथा आईपीसीए के गैर-सदस्यों के उत्पादन सहित कुल भारतीय उत्पादन पर विचार करते हुए आधार की फिर से गणना करने की मांग करते हैं।

xxiv. आवेदक का माप की इकाई के रूप में वर्गमीटर का दावा भ्रामक और गलत है। इस पर बल दिया गया है कि विचाराधीन उत्पाद की बिक्री संख्याओं (टुकड़ों) और न कि वर्गमीटर में की जाती है। विभिन्न समर्थक बिंदु दिए गए हैं जैसे संख्या में जारी की गई बिक्री बीजक, संख्या में रखे गए लेखांकन सूचना और विचाराधीन उत्पाद के लिए विशिष्ट एचएस कोड की अनुपस्थिति।

xxv. जांच की शुरुआत संबंधी अधिसूचना वास्तविक क्षति और न कि वास्तविक क्षति के खतरे पर केन्द्रित है। किसी उल्लेख अथवा आवेदक के अनुरोध में खतरे के मापदंडों से संबंधित साक्ष्य का अभाव अन्य मामलों में अपनाई गई सामान्य कार्य-पद्धति से विपठन है।

xxvi. प्रतिवादी यह उल्लेख करते हैं कि उन मामलों में जहां घरेलू उद्योग का कार्य-निष्पादन मापदंड सकारात्मक पाटन मार्जिन के बावजूद सुधार दर्शाता है, प्राधिकारी ने निरंतर रूप से शुल्क को लगाए जाने की सिफारिश नहीं करने का विकल्प चुना है। वे तर्क देते हैं कि चल रही जांच में विशेषकर आवेदक उद्योग के धनात्मक कार्य-निष्पादन संसूचकों पर विचार करते हुए क्षति का पर्याप्त साक्ष्य नहीं है।

xxvii. अधिकांश उत्पादकों के लिए ऋणात्मक क्षति मार्जिन यह सिद्ध करता है कि आवेदक उद्योग को कोई क्षति नहीं हो रही है। प्रतिवादियों ने इस तथ्य को उजागर किया कि काफी संख्या में उत्पादकों/निर्यातकों के लिए ऋणात्मक क्षति मार्जिन यह दर्शाता है कि आवेदक उद्योग को संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तुओं के आयातों के कारण क्षति नहीं हो रही है।

xxviii. प्रतिवादी पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने की स्थिति में अंतिम प्रयोक्ताओं पर संभावित प्रतिकूल प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त करते हैं। वे इस बात पर बल देने है कि विचाराधीन उत्पाद का उपयोग विभिन्न उपभोक्ता अनुप्रयोगों में किया जाता है और शुल्कों को लगाए जाने के फलस्वरूप कीमत में वृद्धि हो सकती है और इस उत्पाद

की समय पर उपलब्धता में अवरोध पैदा हो सकता है। कुल मिलाकार, प्रतिवादी पुनर्विचार के लिए आधार के रूप में भ्रामक सूचना, क्षति का अपर्याप्त साक्ष्य और अंतिम प्रयोक्ताओं पर संभावित प्रतिकूल प्रभावों का उल्लेख करते हुए जांच को समाप्त करने का अनुरोध करते हैं।

xxix. वर्तमान जांच में क्षति संबंधी मापदंड कुवैत, सऊदी अरब और यूएसए के मूल के अथवा वहां से निर्यात किए गए "मोनो इथाइलीन ग्लाइकोल (एमईजी)" के आयातों के विरुद्ध हाल की पाटनरोधी जांच के समान है जिसे सेस्टेट द्वारा वापस मंगा लिया गया है। उक्त जांच परिणाम का अभी भी परसुएसिव मूल्य है, और प्राधिकारी सामान्य तौर पर अपने पूर्व के जांच परिणामों की पुष्टि करते हैं।

xxx. आयातों की मात्रा संबंधी प्रभाव और कीमत में कटौती का आकलन करने के लिए, ऋणात्मक पाटन मार्जिन वाले भाग लेने वाले उत्पादकों द्वारा किए गए निर्यातों को बाहर रखा जाना चाहिए।

xxxi. इसके अलावा, प्रतिवादियों ने कीमत में कटौती और क्षति मार्जिन से संबंधित विरोधाभासी सूचना के बारे में चिंताएं व्यक्त की क्योंकि कीमत में कटौती एक तरफ धनात्मक है और दूसरी तरफ अधिकांश निर्यातकों के लिए क्षति मार्जिन ऋणात्मक है।

xxxii. उन्होंने नियम 2(ख) के परन्तुक पर विश्वास कर खंड-वार विश्लेषण के आधार पर वास्तविक क्षति की जांच को भी चुनौती दी और इस बात को दृढ़तापूर्वक कहा कि क्षति के आकलन के लिए बाजार खंडों की श्रेणी बनाना न्यायोचित नहीं है। मोटर वाहनों तथा नए/अप्रयुक्त न्यूमेटिक रेडियल टायरों में उपयोग किए जाने वाले कास्ट एल्युमिनियम अलाय व्हील्स अथवा अलाय रोड व्हील्स के पाटनरोधी जांच में प्राधिकारी के निष्कर्ष पर विश्वास किया गया था।

xxxiii. पाटनरोधी शुल्क लगाना जनहित में नहीं होगा क्योंकि यह इलैक्ट्रानिक क्षेत्र पर प्रतिकूल रूप से प्रभाव डालेगा और घरेलू उद्योग के पास विविध आवश्यकताओं और अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता के मापदंडों को पूरा करने के लिए सीमित उत्पादन क्षमता है।

xxxiv. उत्पादक शेनझेन जिनविसाई इलैक्ट्रानिक्स कंपनी लिमिटेड के नाम को अंतिम जांच परिणामों में ठीक किया जाना चाहिए। इसके अलावा, कारखानागत निर्यात कीमत के परिकलन में त्रुटियां हैं।

xxxv. वास्तविक क्षति के खतरे का विशेषरूप से यूएसए को चीन की पीसीबी निर्यात के मूल्यांकन के संबंध में समुचित रूप से समर्थन नहीं किया गया है।

xxxvi. प्रतिवादियों ने डाउनस्ट्रीम उद्योग में प्रमुख उपभोक्ताओं के लिए लगाई गई पूंजी पर गिरता हुआ प्रतिफल (ओओसीईई) का उल्लेख करते हुए शुल्क लगाने के जनहित प्रभावों के बारे में चिंता व्यक्त की।

xxxvii. प्राधिकारी द्वारा किए गए क्षति विश्लेषण में सकारात्मक साक्ष्य में आधार का अभाव है। याचिकाकर्ता ने इस बात पर बल दिया कि औसत आयात कीमत और वर्गमीटर में परिवर्तन का उपयोग पीसीबी उत्पादों की विविध प्रकृति को बहुत अधिक सरल बना देता है, जिसके फलस्वरूप आयात की मात्राओं की सही प्रस्तुति नहीं होती है।

xxxviii. सीसीसीएमई ने अनुरोध किया है कि वर्गमीटर माप की उपयुक्त इकाई नहीं है। इस बात पर भी बल दिया गया था कि प्राधिकारी ने मूल्य के आधार पर मात्रा का विश्लेषण किया है जो सही नहीं है।

xxxix. डीजी प्रणाली आंकड़ों से आयात मूल्य, भाग लेने वाले निर्यातकों की औसत कीमत और आयात की मात्रा सभी हितबद्ध पक्षकारों को सार्थक टिप्पणियां देने के लिए तथा नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों का पालन सुनिश्चित करने के लिए उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

xl. चीन से पीसीबी के आयातों के कारण घरेलू उद्योग को क्षति नहीं हो रही है। जांच किए गए समूहों में, केवल लघु संख्या का धनात्मक क्षति मार्जिन था और वह भी तुलनात्मक रूप से बहुत कम मार्जिन था।

xli. सीसीसीएमई ने विचार किए गए लागत संघटकों के संबंध में विस्तृत सूचना के अभाव के बारे में चिंताएं व्यक्त करते हुए एनआईपी की प्राधिकारी की गणना के संबंध में तर्क दिया है।

xlii. सीसीसीएमई ने कीमत में कटौती की गणना करने में प्राधिकारी द्वारा उपयोग की गई पद्धति पर प्रश्न उठाया है क्योंकि उपयोग की गई मात्राओं और मूल्यों में पारदर्शिता का अभाव है।

xliii. घरेलू उद्योग ने आयातों के संसूचकों की तुलना में अपने आर्थिक संसूचकों का विश्लेषण करते समय अलग-अलग मानकों का उपयोग किया है।

xliv. घरेलू उद्योग अपनी कीमतों का समायोजन बढ़ी हुई लागतों से करने में सक्षम रहा है और आयातों के लिए अपेक्षाकृत अधिक पहुंच कीमतों का प्राधिकारी का निर्धारण बहुत अधिक कीमत ह्रास/न्यूनीकरण की अवधारणा का खंडन करता है।

xlv. सीसीसीएमई ने इस आशंका को खारिज किया कि चीन यूएस 301 शुल्कों के कारण भारत को निर्यात में वृद्धि कर सकता है और उसने यह कहा कि यह ऐसे शुल्कों की लघु अवधि प्रकृति तथा इसके घरेलू बाजार पर चीन के प्रमुख ध्यान को देखते हुए निराधार और असंभव है।

xlvi. प्राधिकारी को गैर-वाणिज्यिक आपूर्ति के आधार पर विचाराधीन उत्पाद के कार्य-क्षेत्र से फ्लेक्स पीसीबी को अवश्य बाहर करना चाहिए।

ट.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

408. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. प्राधिकारी से यह अनुरोध किया जाता है कि वे विचाराधीन उत्पाद के दायरे, आधार, क्षति, क्षति का खतरा, कारणात्मक संबंध, प्रयोक्ता प्रभाव विश्लेषण और शेनझेनकेरुई हाई-टेक मैटिरियल्स कंपनी लिमिटेड, गुआंगडोंग चैंपियन एशिया इलैक्ट्रानिक्स कंपनी लिमिटेड, गुआंगडोंग किंग्सशाइन इलैक्ट्रानिक टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड और टीईएएन इलैक्ट्रानिक (डा या बे) कंपनी लिमिटेड के गैर-व्यक्तिगत विवेचन के संबंध में प्रकटन विवरण में किए गए प्रस्तावों की पुष्टि करें।

ii. विचाराधीन उत्पाद की अनोखपन के कारण, यदि प्राधिकारी शुल्क की सिफारिश करते हैं तब यह नीयत आधार के बजाए यथा-मूल्य आधार पर होना चाहिए। वे तर्क देते हैं कि यथा-मूल्य आधार का उपयोग करना अलग-अलग ग्रेडों और प्रकारों के साथ उत्पादों जैसे विचाराधीन उत्पाद के लिए अधिक उपयुक्त है।

iii. पीसीबी के लिए प्रति वर्गमीटर आधार पर शुल्क का आकलन करना प्रशासनिक रूप से चुनौतीपूर्ण होगा और इस कारण से, यदि शुल्क की सिफारिश नियत दर आधार पर की जाती है तब निर्यातकों को इन बीजकों में प्रति वर्गमीटर को प्रकट करने का निदेश दिया ही जाना चाहिए।

iv. प्राधिकारी को शुल्क की प्रवंचना को रोकने के लिए उत्पादक के नाम सहित मूलता का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने के लिए निर्यातकों को अधिदेश देना चाहिए।

v. कॉपर कलैड लेमिनेट्स का ईष्टम उपयोग शामिल उत्पाद की प्रकृति के कारण नहीं की जानी चाहिए।

ट.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

409. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए प्रकटन पश्चात अनुरोधों की जांच की है और यह नोट करते हैं कि अधिकांश टिप्पणियां पुनरावृत्ति हैं, जिनका पहले ही उपयुक्त तरीके से जांच की जा चुकी है और उस पर इन जांच परिणामों के संगत पृष्ठों पर समुचित रूप से समाधान किया जा चुका है। प्रकटन विवरण में उठाए गए मुद्दे, जिनकी पहले ही जांच की गई है और जो संगत नहीं हैं, की जांच नीचे नहीं की गई है:

क. दहुआ टेक्नोलॉजी (एचके) लिमिटेड, हांग कांग द्वारा दिए गए इस तर्क के संबंध में कि गलत मात्राओं की भूलवश रिपोर्टिंग और निर्यात कीमत की गणना में पीसीबी और गैर-पीसीबी, दोनों मूल्यों का समावेश तथा कंपनी ने तत्परता पूर्वक डेस्क सत्यापन के पूर्व अद्यतित परिशिष्टों में इन त्रुटियों को ठीक किया, प्राधिकारी नोट करते हैं कि ये शुद्धिकरण उनके द्वारा तब किए गए थे जब उन्हें वर्गमीटर की सूचना देने के लिए कहा गया था जो उनके उत्तर में नहीं था। इसके अलावा, संशोधित परिशिष्ट-3क प्रस्तुत करते समय वे इस बात को दर्शाने में असफल रहे कि वर्गमीटर की सूचना रिपोर्ट करने के अलावा वे पूर्व में रिपोर्ट किए गए आंकड़ों को भी संशोधित कर रहे थे और इस प्रकार के परिवर्तनों के लिए कारण में भी संशोधन कर रहे थे। उनके द्वारा किए गए परिवर्तनों के फलस्वरूप परिशिष्ट-3क में पूरा परिवर्तन हुआ, जिसे लिपिकीय त्रुटियों के शुद्धिकरण के रूप में नहीं माना जा

सकता है। इसके अलावा, इस प्रकार के संशोधनों के लिए उनके द्वारा अब दिए गए कारण आंकड़ों में पूर्ण परिवर्तन को न्यायोचित नहीं ठहराते हैं। निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत करते समय ही जब पर्याप्त समय उन्हें दिया गया था, विचाराधीन उत्पाद के लिए आंकड़ों की सूचना विवेकपूर्ण तरीके से दी होगी। यह नोट किया जाना है कि प्राधिकारी लिपिकीय त्रुटियों के नाम पर पूर्ण रूप से संशोधित आंकड़ों को स्वीकार नहीं कर सकता है क्योंकि यह उनके द्वारा दी गई सूचना की विश्वसनीयता के बारे में चिंताएं प्रकट करता है।

ख. जहां तक इस तर्क का प्रश्न है कि प्राधिकारी का विश्लेषण भाग लेने वाले अधिकांश उत्पादकों/निर्यातकों के लिए ऋणात्मक मार्जिन दर्शाता है, कठोरतापूर्वक संबद्ध आयातों से घरेलू उद्योग पर किसी प्रतिकूल प्रभाव का नहीं होना संसूचित करता है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध देशों से भाग लेने वाले उत्पादकों का विचाराधीन उत्पाद के आयात का हिस्सा जांच की अवधि में विचाराधीन उत्पाद के मूल्य के मामले में कुल आयातों में लगभग 11% है। यह दर्शाता है कि वर्तमान मामले में भागीदारी बहुत कम है और भाग लेने वाले उत्पादकों के लिए गणना की गई मार्जिन के आधार पर संबद्ध देशों से घरेलू उद्योग पर प्रतिकूल प्रभाव के बारे में निर्णय लेना सही नहीं होगा। इसके अलावा, पाटनरोधी जांच एक देश और उत्पादक विशिष्ट जांच है और उत्पादक, जो पाटन की कार्य-पद्धतियों में शामिल है, पर शुल्क अवश्य लगाया जाना चाहिए। प्राधिकारी घरेलू उद्योग को क्षति के आकलन के लिए भाग लेने वाले उत्पादकों/निर्यातकों की सीमित संख्या के आधार पर संबद्ध आयातों के प्रभाव का निष्कर्ष नहीं निकाल सकते हैं।

ग. इस अनुरोध के संबंध में कि वर्गमीटर में मात्रा(एसक्यूएम) की गणना करने के लिए एक समुच्चय के डाइमेंशन जिसमें जो अथवा उससे अधिक पीसीबी शामिल हैं, का उपयोग करने के फलस्वरूप पहुंच मूल्य और निवल निर्यात कीमत की गणना में विरुपण हो सकता है। यह भी अनुरोध किया गया था कि सेट पर आधारित एसक्यूएम में मात्रा इन गणनाओं की सटीकता को प्रभावित करते हुए अलग-अलग पीसीबी के वास्तविक डाइमेंशन से उच्चतर होगा। प्राधिकारी से यह अनुरोध किया जाता है कि वे पहुंच मूल्य और निवल निर्यात कीमत का निर्धारण करते समय सेट के बजाए टुकड़ों में (पीसीएस) डाइमेंशन को अपनाएं। प्राधिकारी नोट करते हैं कि पीसीबी उद्योग में, वर्गमीटर की गणना पीसीबी पैनल के आकार के डाइमेंशन पर विचार करते हुए किया जाता है जिसे वर्तमान जांच के उद्देश्य से विचार किया गया है।

घ. इस तर्क के संबंध में कि किन यिप (हुईझाउ) पी.सी. बोर्ड कंपनी लिमिटेड के लिए गणना की गई पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन निर्यातक के सहयोग पर विचार करते हुए अधिक है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन की गणना प्राधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित उनके द्वारा सूचित की गई निर्यात कीमत/पहुंच कीमत के आधार पर की जाती है।

ङ.	इस तर्क के संबंध में कि प्राधिकारी द्वारा गणना की गई मार्जिन और घरेलू उद्योग द्वारा दावा किए गए मार्जिन के बीच बहुत अधिक अंतर थे, यह अनुरोध किया गया था कि इन अंतरों के लिए कारणों को स्पष्ट किया जाए। प्राधिकारी नोट करते हैं कि ये मार्जिन भाग लेने वाले याचिकाकर्ता/उत्पादकों/निर्यातकों द्वारा उपलब्ध कराई गई विधिवत सत्यापित सूचना के आधार पर परिवर्तन के अध्यधीन हैं।

च.	शेंगयि इलैक्ट्रानिक्स एंड डब्ल्यूयूएस ग्रुप द्वारा किए गए अनुरोध के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि शेंगयि इलैक्ट्रानिक्स एंड डब्ल्यूयूएस ग्रुप दोनों ने अपने निजी उत्पादन में से भारत को विचाराधीन उत्पाद का निर्यात किया है और भाग लेने वाले अन्य उत्पादकों द्वारा उत्पादित विचाराधीन उत्पाद का भी व्यापार किया है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि एक उत्पादक और निर्यातक होने के कारण उनसे अपेक्षित है कि वे दिनांक 29 जुलाई, 2021 की व्यापार नोटिस सं. 06/2021 के अनुसार परिशिष्ट 5 प्रस्तुत करें।

छ.	इस तर्क के संबंध में कि प्राधिकारी ने स्पष्ट रूप से इस तथ्य के बारे में नहीं बताया है कि क्या कुल भारतीय उत्पादन में उन उत्पादकों, जो सदस्य नहीं हैं, का अनुमानित उत्पादन शामिल है, इसय संबंध में प्राधिकारी दोहराते हैं कि विचाराधीन उत्पाद के कुल भारतीय उत्पादन में उत्पादकों का उत्पादन भी शामिल है जो घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराए गए अनुसार आईपीसीए के सदस्य नहीं हैं।

ज.	इस तर्क के संबंध में कि इस तथ्य के बारे में कोई स्पष्टता नहीं है कि क्या ज्ञात मौजूदा उत्पादकों के नोशनल उत्पादन पर प्राधिकारी द्वारा कुल भारतीय उत्पादन तय करने के लिए विचार किया गया है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने अन्य ज्ञात मौजूदा उत्पादकों के उत्पादन की सूचना नहीं दी है। इसके अलावा, प्राधिकारी ने ऐसे उत्पादकों को ईमेल भी भेजा है लेकिन प्राधिकारी को कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ था। ऐसी सूचना के अभाव में, प्राधिकारी ने आईपीसीए द्वारा अपने सदस्यों और गैर-सदस्य उत्पादकों के लिए उपलब्ध कराई गई विचाराधीन उत्पाद का कुल भारतीय उत्पादन पर विचार करने की कार्यवाही की।

झ. इस तर्क के संबंध में कि सिप्सा टेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एक प्रमुख आयातक है और इसे असंगत रूप से योग्य घरेलू उद्योग माना गया है, प्राधिकरण नोट करता है कि सिप्सा टेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड वर्तमान जांच में एक समर्थक है। सिप्सा टेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया आयात कुल आयात का *** है। इसके अलावा, आवेदक घरेलू उद्योग की स्थिति में कोई बदलाव नहीं होगा क्योंकि उनकी हिस्सेदारी सिप्सा टेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड सहित और छोड़कर कुल भारतीय उत्पादन का *** से अधिक है।

